"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 185] रायपुर, सोमवार, दिनांक 8 मार्च 2021 — फाल्गुन 17, शक 1942

उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 4 मार्च 2021

अधिसूचना

क्रमांक एफ 3–41/2020/38–2. – छ.ग. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पत्र क्र. 10207/प्र.परि. एवं प्र.अध्या./2020/15565, दिनांक 03–02–2021 द्वारा श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, ग्राम–जुनवानी, भिलाई, जिला–दुर्ग (छत्तीसगढ़) के प्रथम परिनियम क्रमांक 01 से 30 एवं प्रथम अध्यादेश क्रमांक 01 से 81 तक का अनुमोदन छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 की धारा 26 (5) एवं धारा 28 (4) के तहत् किया गया है।

2. राज्य शासन, एतद्द्वारा, उपरोक्त परिनियमों एवं अध्यादेशों को राजपत्र में अधिसूचित किये जाने की स्वीकृति प्रदान करता है।

3. उपरोक्त परिनियम एवं अध्यादेश राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावशील होंगे।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
धनंजय देवांगन, सचिव.

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय(स्थापना और संचालन) अधिनियम 2005 के संशोधन अधिनियम 2020, (क्र. 12, 2020) द्वारा स्थापित}

प्रथम परिनियम

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना और संचालन) अधिनियम 2005 की धारा 16 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्तशक्ति के प्रयोग में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई की शासी निकाय ने निम्नलिखित प्रथम परिनियम बनाया है:

1. लघु शीर्षक और प्रारंभ-

(1) इन परिनियमों को श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई का प्रथम परिनियम कहा जाएगा।

(2) आधिकारिक राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से ये लागू होंगे।

2. परिभाषा-इस परिनियम में, जब तक संदर्भ द्वारा अपेक्षित न हो-

(1) 'अधिनियम' का अर्थ है,छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना और संचालन) अधिनियम-2005.

(2) 'CGPURC'का अर्थ है, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग।

(3) 'अकादमिक वर्ष' का अर्थ है, अधिनियमों के उल्लिखित आवश्यकताओं और संबंधित पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए लगभग 12 महीने की अवधि और अध्यादेशों में निर्धारित शर्तों के अनुसार अधिनियम में विभाजित किया गया है।

(4) 'अध्ययनमण्डल' का अर्थ है, विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों के अध्ययन बोर्ड।

(5) 'दीक्षान्तसमारोह' का अर्थ है,विश्वविद्यालय का दीक्षान्तसमारोह।

(6) 'पाठ्यक्रम' का अर्थ है, अध्ययन का क्षेत्र, अध्ययन कार्यक्रम या कोई अन्य घटक जो उपाधि, पत्रोपाधि, प्रमाण पत्र या किसी अन्य अकादमिक विशेष योग्यता विश्वविद्यालय के सम्मान अथवा पदवी।

(7) 'कर्मचारी' का अर्थ है, विश्वविद्यालय के वेतनमान पर कार्य कर रहे व्यक्ति।

(8) 'संकाय' का अर्थ है, विश्वविद्यालय के संकाय।

(9) 'नियमित शिक्षा' का अर्थ है एक प्रणाली, जिसमें कक्षाओं में छात्रों को विश्वविद्यालय के परिसर में शिक्षा, शिक्षण, शिक्षित करना और संबंधित जिसके लिए व्याख्यान और प्रायोगिकी में अलग-अलग उपस्थिति निर्धारित है।

(10) 'नियम' का अर्थ है,छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना और संचालन) नियम-2005.

(11) 'योजना और पाठ्यक्रम' का अर्थ है,विश्वविद्यालय के संबंधित पाठ्यक्रमों की प्रकृति, अवधि, अध्यापन पाठ्यक्रम, योग्यता और अन्य संबंधित विवरण।

(12) 'मुहर' का अर्थ है, विश्वविद्यालय की सामान्य मुहर।

(13) 'विषय' का अर्थ है, शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान इत्यादि की जिस भी नाम से निर्धारित योजना एवं पाठ्यक्रम के अन्तर्गत हो।

(14) 'विश्वविद्यालय' का अर्थ है, श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई।

(15) 'HOD'का अर्थ है, विभागाध्यक्ष, जिसे कुलपति द्वारा विभाग के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया हो।

(16) सभी शब्द और अभिव्यक्तियाँ, जो यहाँ प्रयुक्त हैं का अर्थ क्रमशः अधिनियम और नियमों में उपयोग किए गए उन शब्दों और अभिव्यक्तियों में जैसा संदर्भित है, वैसा ही होगा।

3. प्रथम परिनियम में जिन विषयों का उल्लेख करते है वे निम्नानुसार अनुसूचित किये गये है-

परिनियम	शीर्षक
परिनियम क्र. 1	कुलाधिपति की नियुक्ति, शर्तें एवं शक्तियाँ
परिनियम क्र. 2	कुलपति की नियुक्ति, शर्तें एवं शक्तियाँ
परिनियम क्र. 3	कुलसचिव की नियुक्ति, शर्तें एवं शक्तियाँ
परिनियम क्र. 4	मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी की नियुक्ति, शर्तें व शक्तियाँ
परिनियम क्र. 5	शासी निकाय का गठन, शर्तें व शक्तियाँ
परिनियम क्र. 6	प्रबंध मण्डल का गठन, शर्तें व शक्तियाँ
परिनियम क्र. 7	शैक्षणिक परिषद का गठन, शर्तें व शक्तियाँ
परिनियम क्र. 8	संकायों का गठन, शर्तें एवं शक्तियाँ, संकायों के अंतर्गत विषय सहित
परिनियम क्र. 9	अध्ययन मण्डल का गठन, शर्तें व शक्तियाँ
परिनियम क्र. 10	परीक्षा मण्डल का गठन, शर्तें व शक्तियाँ
परिनियम क्र. 11	वित्त एवं बजट समिति का गठन, शर्तें व शक्तियाँ
परिनियम क्र. 12	विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारीगण
परिनियम क्र. 13	गुणवत्ता आश्वासन एवं शोध समिति का गठन एवं कार्य
परिनियम क्र. 14	ग्रंथपाल की नियुक्ति विधि, शर्तें, ग्रंथालय समिति का गठन एवं कार्य
परिनियम क्र. 15	शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति
परिनियम क्र. 16	विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया एवं शर्तें
परिनियम क्र. 17	गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति
परिनियम क्र. 18	पंचनिर्णय/परिवेदना समिति
परिनियम क्र. 19	मानद उपाधियाँ एवं अलंकरण
परिनियम क्र. 20	शुल्क माफी, छात्रवृत्ति तथा अध्ययनवृत्ति
परिनियम क्र. 21	प्रवेश नीति से संबंधित प्रावधान एवं आरक्षण
परिनियम क्र. 22	शुल्क विनियम
परिनियम क्र. 23	विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीट संख्या
परिनियम क्र. 24	अकादमिक कर्मचारी, प्रशासनिक कर्मचारी एवं विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों को हटाना
परिनियम क्र. 25	अधिनियम का संरक्षण, कार्यवाहियाँ एवं आदेश
परिनियम क्र. 26	विश्वविद्यालय की मुहर और चिह्न
परिनियम क्र. 27	शासी निकाय, प्रबन्ध मण्डल एवं शैक्षणिक परिषद की स्थायी समिति
परिनियम क्र. 28	विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह
परिनियम क्र. 29	चेयर प्रोफेसर एवं एमिरेटस प्रोफेसर
परिनियम क्र. 30	कर्मचारियों का वर्ग

परिनियम क्रमांक-1

कुलाधिपति की नियुक्ति, शर्तें एवं शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005, धारा 16 का संदर्भ}

1. प्रायोजक निकाय साधारण बहुमत के द्वारा कुलाधिपति के नाम का निर्णय करेगा। प्रायोजक निकाय अंतिम रूप से तय किये गये नाम को प्रस्तावित कुलाधिपति का नाम जीवनवृत (बायोडाटा) के साथ, कुलाध्यक्ष को अनुमोदन के लिए भेजेगा। कुलाध्यक्ष के अनुमोदन के पश्चात, कुलाधिपति की नियुक्ति प्रायोजित निकाय द्वारा की जाएगी।
2. कुलाधिपति तीन वर्ष की अवधि के लिए पदभार संभालेगा और अधिनियम एवं इस परिनियम के अनुसार निश्चित की गई प्रक्रिया के अनुरूप कुलाध्यक्ष के अनुमोदन के बाद पुनर्नियुक्ति के लिए योग्य होगा। कुलाधिपति, अपने कार्यकाल के समाप्त होने के बावजूद भी, पुनर्नियुक्ति होने या उसके उत्तराधिकारी द्वारा पदभार संभालने तक, कुलाध्यक्ष के अनुमोदन से अपने पद पर बना रहेगा।
3. कुलाधिपति की अस्वस्थता, अनुपस्थिति या मृत्यु जैसी आकस्मिक अवस्था में उसके कर्तव्य का निर्वाह कुलपति द्वारा किया जाएगा, जब तक वह अपने पदभार को पुनः न संभाल ले या नए कुलाधिपति की नियुक्ति न हो जाए। यह अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी।
4. कुलाधिपति का यह कर्तव्य होगा कि वह अधिनियम, परिनियमों, अध्यादेशों एवं विनियमों का अक्षरशः एवं भाव रूप में पालन सुनिश्चित करें।
5. कुलाधिपति का विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर सामान्य नियंत्रण रहेगा।
6. कुलाधिपति, प्रायोजक निकाय द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक/मानदेय, व्यय एवं भत्ते प्राप्त करने हेतु पात्र होगा।
7. कुलाधिपति, कुलाध्यक्ष को संबोधित करते हुये स्वलिखित पत्र द्वारा अपने पद से त्याग पत्र दे सकेंगे, जिसकी एक प्रति प्रायोजक निकाय के अध्यक्ष को भेजी जावेगी। त्यागपत्र स्वीकृत होने की तिथि से कुलाधिपति अपने पद को धारण करने से प्रवरित हो जावेगा।

परिनियम क्रमांक-2

कुलपति की नियुक्ति, शर्तें एवं शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005, धारा-17एवं 26(1)(ख) का संदर्भ}

1. कुलपति प्रथम कार्य अवधि की समाप्ति पर द्वितीय कार्य अवधि हेतु पुर्ननियुक्ति के योग्य होंगे। कुलपति, अस्वस्थता, लंबी अनुपस्थिति, निलंबन, बर्खास्तगी, पदत्याग या मृत्यु जैसी आपातकालीन स्थिति में कुलाधिपति द्वारा प्रतिकुलपति अथवा विश्वविद्यालय के किसी वरिष्ठ सदस्य को कुलपति पद के दायित्व एवं कर्त्तव्य सौंप दिए जावेंगे। सामान्यतः अंतरिम रूप से की गई इस व्यवस्था की अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी। प्रथम कुलपति जिसकी नियुक्ति धारा-3 के द्वितीय परन्तुक को छोड़कर 70 वर्ष की आयु होने पर कुलपति पद को धारण करने से प्रवरित हो जायेगा।
2. अधिनियम की धारा 17 में यथा वर्णित शक्तियों के अतिरिक्त, कुलपति विश्वविद्यालय के विभिन्न परिनियमों, अध्यादेशों एवं विनियमों मे निहित शक्तियों का भी प्रयोग करेंगे।
3. कुलपति अधिनियम की धारा 17 के अनुसार नियुक्त पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होंगे तथा उन्हें प्रायोजक निकाय द्वारा समय-समय पर निर्धारित भत्ते भी प्राप्त होंगे।
4. कुलपति की अधिवार्षिकी आयु अधिनियम अथवा राज्य शासन द्वारा निर्मित नियमों के प्रावधानानुसार होगी।
5. कुलपति, प्रबंध मण्डल, परीक्षा मण्डल एवं वित्त समिति के पदेन अध्यक्ष होंगे। वे विश्वविद्यालय के अन्य किसी भी निकाय की बैठकों में आवश्यकतानुसार कुलाधिपति के अनुमोदन उपरांत अध्यक्षता कर सकते हैं।
6. कुलपति यह सुनिश्चित करेंगे कि विश्वविद्यालय के परिनियमों, अध्यादेशों, नियमों तथा विनियमों सहित राज्य शासन एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचनाओं का निष्ठापूर्वक पालन हो रहा है।
7. कुलपति, अधिनियम में वर्णित समस्त प्राधिकारियों एवं निकायों की बैठकें आयोजित करते रहेंगे।
8. कुलपति के पास विश्वविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने हेतु पर्याप्त शक्तियाँ होंगी तथा वे यदि आवश्यक समझें तो प्राप्त किसी भी शक्ति को किसी भी उपयुक्त व्यक्ति या व्यक्तियों को सौंप सकेंगे।
9. कुलपति को अपने कर्त्तव्य के निर्वाह हेतु आवश्यक समितियाँ गठित करने की शक्ति होगी, जिन्हें वे अधिनियम द्वारा वर्णित कर्त्तव्यों के पालन के लिए आवश्यक समझते हैं।
10. कुलपति, कुलाध्यक्ष को संबोधित स्वलिखित पत्र द्वारा अपने पद से त्याग पत्र दे सकेंगे, जिसकी एक प्रति कुलाधिपति को भेजी जावेगी। कुलपति, त्यागपत्र स्वीकृत होने की तिथि से अपने पद का धारण करने से प्रवरित हो जायेगा।
11. कुलपति की अध्यक्षता वाली बैठकों की कार्यसूची का अंतिम निर्धारण स्वयं कुलपति द्वारा किया जावेगा, जहाँ वे पदेन अध्यक्ष हैं।
12. कुलपति को यह अधिकार होगा कि विश्वविद्यालय के किसी निकाय, परिषद्, मण्डल, अथवा समिति के सदस्य, जो उसके द्वारा नामांकित किया गया है, विश्वविद्यालय के हित में अथवा प्रशासनिक आवश्यकताओं के हटा सकेगा।

परिनियम क्रमांक-3

कुलसचिव की नियुक्ति, शर्तें एवं शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा-18 एवं 26(1)(ग) का संदर्भ}

1. कुलसचिव विश्वविद्यालय के वैतनिक अधिकारी होंगे जो कुलपति के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में कार्य करेंगें।
2. कुलसचिव प्रायोजक निकाय द्वारा निर्धारित वेतन एवं भत्ते प्राप्त करेंगे।
3. कुलसचिव 65 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु तक चार-चार वर्ष की किसी भी संख्या की कालावधियों हेतु नियुक्त किए जा सकेंगे। चयन समिति निम्न प्रकार से होगी :-

(a)	कुलपति	-	अध्यक्ष
(b)	कुलाधिपति नामिति	-	सदस्य
(c)	कुलपति द्वारा नामित एक विशेषज्ञ	-	सदस्य
(d)	शासी निकाय द्वारा नामित दो विशेषज्ञ	-	सदस्य
(e)	विनियामक आयोग द्वारा नामित एक विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालयीनप्राध्यापक संवर्ग से निम्न का न हो	-	सदस्य

4. कुलसचिव पद की नियुक्ति की अर्हता, नियुक्ति के समय वैसी होगी जैसा की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम में प्रावधानित हो।
5. कुलसचिव के कर्त्तव्य एवं शक्तियाँः
   (a) अभिलेखों, सामान्य संपत्ति तथा विश्वविद्यालय की ऐसी संपत्ति जैसा कि शासी निकाय विनिश्चत करे, का रखरखाव करना।
   (b) शासी निकाय, प्रबंध मण्डल, शैक्षणिक परिषद् एवं कोई अन्य निकाय या समिति जिसमें वह सचिव हो, का कार्यालयीन पत्राचार करना।
   (c) विश्वविद्यालय प्राधिकारियों, समितियों व निकायों की बैठकों की तिथि एवं एजेंडा से सदस्यों को अवगत करने हेतु सूचना निर्गत करना तथा बैठक संपन्न करने हेतु आवश्यक व्यवस्था करना। शासी निकाय द्वारा प्रदत्तअन्य दायित्वों के निर्वाह हेतु वांछित सहायता करना।
   (d) शासी निकाय एवंप्रबंध मण्डल द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कर्त्तव्यों का निर्वाह करना।
   (e) शासी निकाय, प्रबंध मण्डल, शैक्षणिक परिषद तथा ऐसे निकाय जो कुलाधिपति/कुलपति के निर्देशों के अधीन गठित हों, की बैठकों की कार्यसूची की प्रतियाँ उपलब्ध कराना तथा कार्यवाही विवरण का रिकार्ड रखना तथा उचित प्राधिकारियों को उसे प्रेषित करना।
   (f) कुलाध्यक्ष/कुलाधिपति/कुलपति द्वारा वांछित समस्त प्रपत्रों, अभिलेखों व सूचना उपलब्ध कराना।
   (g) कुलसचिव विश्वविद्यालय के विभागों/कार्यालयों एवंइकाइयों में कार्यरत गैर शैक्षणिक स्टाफ के कार्यों का पर्यवेक्षण व नियंत्रण करेगा। वह कार्यरत स्टाफ की गोपनीय चरित्रावली भी लिख सकेगा।
   (h) वह अपनी मुद्रा एवं हस्ताक्षर से मार्कशीट, माइग्रेशन, प्रमाण पत्र तथा अन्य संबंधित दस्तावेज जारी करेगा। वह उपाधि, प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व, उनके पीछे अपने हस्ताक्षर व मुहर भी लगाएगा।

परिनियम क्रमांक-4

मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी की नियुक्ति, शर्तें व शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा-19 (1 व2) तथा 26(1)(इ)का संदर्भ}

1. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारीकी नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी तथा उन्हें अधिवार्षिकी आयु 65 वर्ष तक उक्त कार्यावधियों की किसी भी संख्या में पुर्ननियुक्त किया जा सकेगा। चयन समिति निम्न होगी :-
   (1) कुलपति - अध्यक्ष
   (2) कुलाधिपति द्वारा नामित एक व्यक्ति - सदस्य
   (3) कुलपति द्वारानामित एक प्राध्यापक - सदस्य
   (4) शासी निकाय द्वारा नामित एक बाह्य विशेषज्ञ जोवित्तएवं लेखा संबंधी विशेषज्ञ हो - सदस्य
   (5) छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा नामित एक प्रतिनिधिजो विश्वविद्यालयीन प्रोफेसर संवर्ग से निम्न का न हो - सदस्य
   (6) कुलसचिव,सदस्य सचिव होंगे
2. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी की योग्यताएं निम्न होंगी :-
   किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (वाणिज्य/अर्थशास्त्र/व्यवसाय प्रबन्ध को वरियता) अर्जित हो तथा अभ्यर्थी में स्वयं लेखा/वित्त प्रबंध क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकने की क्षमता हो। अभ्यर्थी के पास वित्त व लेखा संबंधी कार्य का 10 वर्षों का अनुभव भी होना चाहिए।
3. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी को विश्वविद्यालय की शासी निकाय द्वारानिश्चित वेतन एवं अन्य भत्ते प्राप्त होंगे।
4. कुलपति के नियंत्रणाधीन मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी के निम्न कर्तव्य होंगे-
   (a) यह सुनिश्चित करना कि शासी निकाय द्वारा वित्त वर्ष हेतु आवर्ती व अनावर्ती व्यय की निर्धारित सीमा से अधिक व्यय न हों तथा आबंटित समस्त राशि उनके लिए निर्धारित मदों पर ही व्यय हो।
   (b) उपलब्ध नकद राशि, बैंक शेष व विनियोगों की स्थिति पर सतत निगरानी रखना।
   (c) विश्वविद्यालय हेतु अतिरिक्त आय सृजित करने के उपायों पर सुझाव देना।
   (d) विश्वविद्यालय हेतु दान प्राप्त करना।
   (e) बजट निर्माण हेतु वित्त समिति की सहायता करना।
5. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी विश्वविद्यालय के किसी भी कार्यालय/संस्थान से आवश्यक वित्तीय सूचना प्राप्त कर सकता है जिसे वह अपने कर्त्तव्यों के निर्वाह हेतु आवश्यक समझे।
6. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि भुगतान हेतु सभी देयक भुगतान पूर्व अंकेक्षित हों।
7. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी के उत्तरदायित्व निम्न है :-
   (a) विश्वविद्यालय के कोषों का सामान्य पर्यवेक्षण कर कुलपति को विश्वविद्यालय की वित्तीय नीतियों पर आवश्यक परामर्श देना।
   (b) विश्वविद्यालय की संपत्ति व विनियोगों का अभिरक्षण व प्रबंध करना जिसमें ट्रस्ट एवं एंडोमेंट प्रापर्टी भी शामिल है ताकि विश्वविद्यालय के उद्देश्यों का पोषण किया जा सके।
   (c) विश्वविद्यालय के प्रयोग एवं लाभार्थ समस्त राशि की प्राप्ति जो विश्वविद्यालय के उद्देश्यों व अधिदेश (Mandate) की सीमा के भीतर हो।
   (d) आय/राजस्व के संग्रहण की प्रगति की निगरानी करना एवं संग्रहण विधि के संबंध में उचित सलाह देना।
   (e) बजट के प्रत्येक मद से शासी निकाय या प्रबंध मण्डल अथवा कुलपति द्वारा प्राधिकृत सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित राशियों का भुगतान करना।
   (f) वित्त एवं बजट समिति तथा कुलपति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु अंतरिम प्रतिवेदन तैयार करना।
   (g) प्रबंध मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु कुलपति एवं कुलसचिव से मंत्रणा कर वित्त एवं बजट समिति के अनुमोदन एवं संशोधन के अधीन विश्वविद्यालय की आय-व्यय का वार्षिक बजट तैयार करना।
   (h) वित्त एवं बजट समिति से मंत्रणा कर विश्वविद्यालय के कोषों के विनियोजन हेतु शासी निकाय का अनुमोदन प्राप्त करना।

(i) यह सुनिश्चित करना कि विश्वविद्यालय के सभी कार्यालयों, विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों व संस्थानों में स्थित भूमि, भवन, फर्नीचर तथा उपकरण सहित समस्त संपत्तियों की पंजियां अद्यतन रखी गई है तथा उपकरणों एवं अन्य उपभोगयोग्य सामग्रियों का सत्यापन अद्यतन किया जा रहा है।

(j) विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों, प्राधिकारियों, निकायों, समितियों या मण्डलों द्वारा किए गए अनाधिकृत व्ययों तथा अन्य वित्तीय अनियमितताओं के लिए उनके स्पष्टीकरण प्राप्त करना तथा दोषियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में सुझाव देना।

(k) वित्तएवं कर संबंधी समस्त विधिक प्रकरणों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना।

(l) वर्ष में कम से कम एक आंतरिक अंकेक्षण तथा एक वार्षिक वैधानिक अंकेक्षण की व्यवस्था विश्वविद्यालय के समस्त लेखों हेतु करना।

(m) आंतरिक अंकेक्षण इकाई के प्रतिवेदन एवं निष्कर्षों की समीक्षा करना।

(n) अन्य ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वाह करना जो परिनियमों, अध्यादेशों विनियमों व विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार आवश्यक है अथवा कुलपति या उनके अन्य प्रतिनिधियों द्वारा प्रदत्त हो।

8. परिनियमों में अन्यथा न होते हुए भी मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा कुलपति/शासीनिकाय/प्रबंध मण्डल द्वारा प्रदत्त अन्य कर्त्तव्यों का भी निर्वाह किया जावेगा जो भी उसे सौंपे जावें।

परिनियम क्रमांक-5

शासी निकाय का गठन, शर्तें एवं शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा-21(1)(ए) 22 व 26(1)(ए)का संदर्भ}

1. शासी निकाय के अतिरिक्त निकाय की शक्तियाँ निम्न होंगे :-
   - (i) विश्वविद्यालय के संपूर्ण प्रशासन को विकसित करना तथा अधिनियम के अनुसार निर्मित परिनियमों, अध्यादेशों, विनियमों व विश्वविद्यालय के नियमों के परिप्रेक्ष्य में नियुक्ति, अनुशासन व पदमुक्ति जैसे कार्यों का संपादन करना।
   - (ii) परिनियमों, अध्यादेशों, विनियमों अथवा विश्वविद्यालय के नियमों द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार नई समितियों, कार्यालयों व मण्डलों के गठन को अनुमोदन प्रदान करना।
   - (iii) प्रबंध मण्डल तथा शैक्षणिक परिषद की अनुशंसा पर अध्ययन इकाइयों, विभागों तथा अध्ययन कार्यक्रमों के निर्माण अथवा विलोपन का अनुमोदन करना।
   - (iv) प्रबंध मण्डल, शैक्षणिक परिषद अथवा विश्वविद्यालय के अन्य किसी भी प्राधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, के द्वारा लिए गए निर्णयों की समीक्षा करना।
   - (v) विश्वविद्यालय की संपत्तियों व कोषों का संरक्षण, नियंत्रण व प्रशासन करना।
   - (vi) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखों को अंकेक्षण प्रतिवेदन के साथ अंगीकृत करना।
   - (vii) विश्वविद्यालय की ओर से ऋण लेने अथवा उधार प्रदाय का कार्य करना। परन्तु यह भी देखना कि कोषों का आहरण विश्वविद्यालय की प्रतिभूतियों पर न किया जावे।
   - (viii) विश्वविद्यालय के लिए आवश्यक सुविधाजनक प्रयोजन हेतु किसी भूमि, इमारत या संपत्ति, चल-अचल या बौद्धिक संपत्ति को पट्टे पर लेना, उपहार रूप में उचित व योग्य शर्तों पर स्वीकार करना या अन्य प्रकार से प्राप्त करना और ऐसी किसी भूमि, इमारत या संपत्ति पर निर्माण करना, परिवर्तन करना या रखरखाव करना।
   - (ix) विश्वविद्यालय की ओर से उसे अधिनियम व परिनियमों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोई अनुबंध करना, उसमें परिवर्तन करना या निरस्त करना।
   - (x) विश्वविद्यालय की सामान्य मुहर का चयन, अभिरक्षण व प्रयोग के प्रावधान सुनिश्चित करना।
   - (xi) विश्वविद्यालय के कार्य हेतु आवश्यक भवन, परिसर, फर्नीचर, उपकरण, पुस्तकों व अन्य साधनों हेतु प्रावधान करना।
   - (xii) विश्वविद्यालय की ओर से न्यास, वसीयत, दान तथा विश्वविद्यालय हेतु चल व अचल संपत्ति का कोई भी अंतरण स्वीकार करना।
   - (xiii) विश्वविद्यालय के वित्त, लेखे एवं निवेशों का नियमन एवं प्रबंधन।
   - (xiv) विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्राधिकारियों, निकायों, शिक्षण विभागों, विशिष्ट अध्ययन के अनुसंधान केंद्र, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, संग्रहालयों तथा छात्रावासों से प्रतिवेदन व अन्य सूचनाएं प्राप्त करना।
   - (xv) अध्ययनवृत्ति, छात्रवृत्ति, विद्यार्थीवृत्ति, प्रदर्शनियां, पदक एवं पुरस्कारों की स्थापना करना।
   - (xvi) नियुक्ति करना :-
     - (a) कुलपति की संस्तुति पर अन्य संगठनों व संस्थानों में जहां आवश्यक हो, विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि नियुक्त करना।
     - (b) विश्वविद्यालय के किसी कार्य अथवा अभिलेख के, निष्पादन हेतु किसी उपयुक्त व्यक्ति को ऐसी शक्तियों के साथ जो कि उचित समझी जावे, विश्वविद्यालय का अटॉर्नी नियुक्त करना।
   - (xvii) प्रबंध मण्डल के प्रस्ताव के अनुसार अधिनियम की सीमाओं के भीतर विश्वविद्यालय के परिनियमों, अध्यादेशों एवं विनियमों के संशोधन अथवा निरस्ती का अनुमोदन करना।
2. शासी निकाय का कोई भी सदस्य जो शासी निकाय से पदत्याग का इच्छुक हो, निकाय के अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा नामांकित प्राधिकारी को लिखित सूचना देकर ऐसा कर सकता है। ऐसे सदस्य का इस्तीफा उसकी स्वीकृति की तिथि से प्रभावशील होगा।

परिनियम क्रमांक-6

प्रबंध मण्डल का कार्य, शर्तें एवं शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा 21(1)(बी) 23 व 26(1)(ए) का संदर्भ}

1. प्रबंध मण्डल में नामांकित सदस्यों की कार्यावधि तीन वर्ष होगी।
2. अधिनियम के प्रावधानों एवं विश्वविद्यालय परिनियमों, अध्यादेशों व विनियमों के प्रावधानों के अधीन प्रबंध मण्डल, विश्वविद्यालय का प्रमुख कार्यपालिक निकाय होगा तथा उसके निम्न कर्त्तव्य एवं शक्तियाँ होंगीः-
   - (i) शासी निकाय को छोड़कर विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकारियों व निकायों के निर्णयों की समीक्षा करना यदि वे अधिनियम, परिनियमों, अध्यादेशों व विनियमों में विनिश्चित प्रावधानों से भिन्न हों।
   - (ii) विश्वविद्यालय के आगामी परिनियमों की रचना करना।
   - (iii) वित्त व बजट समिति द्वारा अग्रेषित विश्वविद्यालय के वार्षिक बजट तथा वार्षिक प्रतिवेदनों को अनुमोदित करना।
   - (iv) विश्वविद्यालय के आर्थिक स्थिति विवरण सहित वार्षिक खाते तैयार करने संबंधी आवश्यक निर्देश देना।
   - (v) विश्वविद्यालय के आर्थिक स्थिति विवरण सहित वार्षिक खातों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षकों की नियुक्ति करना।
   - (vi) विश्वविद्यालय के आगामी अध्यादेशों को अनुमोदित करना।
   - (vii) शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन पश्चात शैक्षणिक परिषद द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों का क्रियान्वयन बजट सीमा के भीतर करने के उद्देश्य से आवश्यक छानबीन करना।
   - (viii) शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुशंसित प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक तथा अन्य शैक्षणिक पदों का निर्माण करना।
   - (ix) शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से प्रशासनिक, कार्यालयीन व अन्य पदों का निर्माण करना।
   - (x) शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से विश्वविद्यालय में प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक अथवा अन्य कोई भी शैक्षणिक पद अथवा अशैक्षणिक पद समाप्त अथवा निलंबित करना।
   - (xi) शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से विश्वविद्यालय में शिक्षण विभाग, संस्थान, अध्ययनशालाएं, विशिष्ट अध्ययन के शोध केन्द्रों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, संग्रहालयों व छात्रावासों की स्थापना, रखरखाव व प्रबंधन करना।
   - (xii) शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से ऐसे उद्देश्यों व ऐसी शक्तियों के साथ समितियों का गठन करना जैसा कि वह उचित समझें तथा समितियों में उपयुक्त व्यक्तियों की नियुक्ति करना। विश्वविद्यालय से संबंद्ध किसी अथवा समस्य समितियों की अनुशंसाओं की समीक्षा, अनुमोदन, अस्वीकृति अथवा आवश्यक परिवर्तन करना।
   - (xiii) विश्वविद्यालय के शिक्षकों हेतु छात्रावास अथवा आवासीय व्यवस्था का रखरखाव करना।
   - (xiv) विश्वविद्यालय एवं छात्रावासों में छात्रों के प्रवेश, आचरण तथा अनुशासन का पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण करना तथा छात्रों के सामान्य कल्याण एवं स्वास्थ्य में सुधार संबंधी प्रबंध करना।
   - (xv) परिनियमों में निहित व्यवस्था अनुसार कुलाधिपति के समक्ष मानद उपाधियों व अकादमिक अलंकरणों के प्रदाय संबंधी अनुशंसा करना।
   - (xvi) परिनियमों में निहित व्यवस्था अनुसार उपाधियों, डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों व अन्य अकादमिक अलंकरणों के प्रदाय अथवा उन्हें वापस लिए जाने संबंधी कार्य।
   - (xvii) विश्वविद्यालय के परिनियमों, अध्यादेशों व विनियमों के अनुरूप शैक्षणिक स्टाफ, प्रशासनिक व कार्यालयीन स्टाफ में अनुशासन की स्थापना व नियमन का कार्य करना।
   - (xviii) परीक्षकों के पारिश्रमिक निर्धारित करना तथा विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के आयोजन तथा परीक्षा परिणामों के प्रकाशन की व्यवस्था करना।
   - (xix) विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में कदाचरण/अनुचित साधनों का प्रयोग पाए जाने पर उन्हें पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से निरस्त करना तथा छात्रों के निष्कासन सहित ऐसे व्यक्ति/व्यक्ति समूह जो ऐसे कदाचरण के दोषी हों, के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करना।
   - (xx) जहाँ कहीं आवश्यक हो विश्वविद्यालय के नामांकित छात्रों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करना।
   - (xxi) परीक्षा में कार्यरत स्टाफ, वीक्षकों आदि के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही उनकी अनुशासनहीनता अथवा कदाचरण में संलिप्ता के आधार पर करना।
   - (xxii) अध्यादेशों द्वारा प्रावधानित अनुसार शुल्क व अन्य व्ययों का निर्धारण, मांग तथा वसूली करना।

(xxiii) शासी निकाय के अनुमोदन से विश्वविद्यालय की किसी भी संपत्ति के विरूद्ध बांड्स, बंधक, प्रतिज्ञा पत्र या अन्य प्रतिभूतियों के आधार पर अथवा बिना किसी प्रतिभूति के अनुमोदित नियम एवं शर्तों पर ऋण प्राप्त करना तथा ऐसे ऋण प्राप्ति संबंधी समस्त व्ययों का तथा ऐसे ऋणों का पुनर्भुगतान करना।

(xxiv) परीक्षा मण्डल से मंत्रणा कर परीक्षा कार्य में नियुक्त आंतरिक व बाह्य परीक्षकों तथा माडरेटर्स एवं परीक्षा हेतु नियुक्त अन्य कर्मचारियों को देय पारिश्रमिक यात्रा व अन्य भत्तों का निर्धारण करना।

(xxv) उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाण पत्र, अर्वाड्स तथा फेलोशिप्स के प्रदाय का अनुमोदन करना।

(xxvi) उसके द्वारा अथवा कुलपति द्वारा गठित समिति अथवा उप समिति को अपनी समस्त अथवा कुछ शक्तियों को प्रदत्त करना।

(xxvii) विश्वविद्यालय द्वारा अथवा विश्वविद्यालय या उनके अधिकारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की दशा में कुलसचिव या अन्य कोई अधिकारी, प्राधिकारी, निकाय, समिति या मण्डल को ऐसी कार्यवाही संस्थित, बचाव, प्रतिवाद या छोड़ने संबंधी अधिकार देना।

(xxviii) प्रथम परिनियमों की रक्षा हेतु शासी निकाय के अनुमोदन से प्रबंध मण्डल के पास परिनियमों, अध्यादेशों व विनियमों के निर्माण, संशोधन व निरस्त करने की शक्ति होगी। शैक्षणिक परिषद द्वारा निर्मित अध्यादेशों व विनियमों को स्वीकार करने, अस्वीकार करने, संशोधित करने या वापस करने की शक्ति होगी।अधिनियम के अन्तर्गत निर्मित परिनियम और अध्यादेश राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावशील होंगे।

(xxix) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों की परिवेदनाओं को ग्रहण करने, निर्णय करने तथा यदि आवश्यक समझा जावे तो उनका समाधान करने का कार्य।

(xxx) प्रबंध मण्डल पर्याप्त एवं उचित कारणों से विश्वविद्यालय द्वारा किसी व्यक्ति को प्रदत्त उपाधि या अकादमिक अलंकरण अथवा कोई प्रमाण पत्र या डिप्लोमा को अपनी बैठक में उपस्थित दो तिहाई सदस्यों के बहुमत से पारित विशेष प्रस्ताव द्वारा वापस ले सकता है।

परंतु यह भी कि ऐसा कोई भी प्रस्ताव तब तक पारित नहीं किया जा सकेगा जब कि संबंधित व्यक्ति को लिखित में सूचना न दे दी जावे जिसमें उससे निर्धारित समय सीमा के भीतर कारण बताने का मौका प्रदान किया जाए। ऐसे व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत आपत्ति एवं अथवा साक्ष्यों पर यदि कोई हो पर प्रबंध मण्डल द्वारा विचारोपरांत ही इस संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा।

परिनियम क्रमांक-7

शैक्षणिक परिषदका गठन, शर्तें एवं शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा-21(1)(सी) 24 व 26(1)(ए) का संदर्भ}

1. श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालयकी शैक्षणिक परिषद में निम्न सदस्य होंगे :-
   (a) कुलपति, अध्यक्ष
   (b) समस्त संकायाध्यक्षों में से तीन संकायाध्यक्षवरिष्ठता क्रम में क्रमिक रूप से
   (c) समस्त विभागाध्यक्षों में से तीन विभागाध्यक्षवरिष्ठता क्रम में क्रमिक रूप से
   (d) अध्ययनमण्डल के अध्यक्ष जिनका मामला अकादमिक परिषद हेतु सूचीबद्ध किया गया हो।
   (e) ख्यातिलब्ध (विश्वविद्यालय से संबंधित न हो) दोशिक्षाविद् जिनमें एककुलाधिपति व एककुलपतिद्वारा नामित होंगे।
   (f) दो ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक/तकनीकीविशेषज्ञ अथवा उद्योगों के विशेषज्ञजो कुलाधिपति द्वारा नामित हों।
   (g) कुलसचिव शैक्षणिक परिषद के सदस्य सचिव होंगे, जिन्हें मताधिकार नहीं होगा।
2. कुलपति, शैक्षणिकपरिषद के अध्यक्ष होंगे। उनकी अनुपस्थिति में वरिष्ठतम् डीन बैठक की अध्यक्षता करेंगे।
   (a) शैक्षणिक परिषद हेतु गणपूर्ति कुल सदस्य संख्या की एक तिहाई से होगी। परन्तु स्थगित बैठक हेतु गणपूर्ति आवश्यक नहीं है।
   (b) साधारणतया शैक्षणिक परिषद की बैठक हेतु एक सप्ताह पूर्व सूचना दी जानी चाहिए तथा बैठक की कार्यसूची बैठक तिथि से 03 दिवस पूर्व निर्गत की जानी चाहिए तथापि आकस्मिक बैठक की सूचना 03 दिवस पूर्व दी जानी चाहिए।
   (c) शैक्षणिक परिषद के पदेन सदस्यों को छोड़कर, अन्य सभी का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा।
   (d) शैक्षणिक परिषद विश्वविद्यालय की प्रमुख अकादमिक निकाय होगी तथा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय(स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005, परिनियमों, अध्यादेशों व विनियमों के अधीन बनाए जावेंगे, विश्वविद्यालय की अकादमिक नीतियों का समन्वय एवं सामान्य पर्यवेक्षण करेगी।
   (e) शैक्षणिक परिषद के समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत किसी विशिष्ट प्रकरण में आवश्यक होने पर परिषद किन्हीं ऐसे दो व्यक्तियों को सदस्य के रूप में सहयोजित कर सकेगी जिन्हें संबंधित विषय में अनुभव/विशेषज्ञता प्राप्त है। ये दोनों सदस्य भिन्न-भिन्नव्यवसायों से होने चाहिए। इस प्रकार सहयोजित सदस्यों के पास वे सभी अधिकार होंगे जो उस विषय/क्षेत्र के व्यवहार से संबंधित होंगे जिसके लिए उन्हें सहयोजित किया गया है।
3. शैक्षणिक परिषद की निम्न शक्तियाँ होंगी तथा निम्न कर्तव्य होंगे :
   (a) परिषद द्वारा विश्वविद्यालय की अकादमिक नीतियों का सामान्य पर्यवेक्षण करने के साथ-साथ शिक्षण पद्धतियों, विभिन्न विभागों व शिक्षकों द्वारा परस्पर सहकारिता व समन्वय पूर्वक अध्यापन, शोध मूल्यांकन एवं अकादमिक स्तर के उन्नयन संबंधी निर्देश दे सकेगी।
   (b) विश्वविद्यालय उपाधियों, डिप्लोमा व प्रमाण पत्र हेतु अग्रसरित पाठ्यक्रमों का निर्धारण करना।
   (c) विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं अध्ययन के पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या का अनुमोदन करना।
   (d) विश्वविद्यालय में शोध कार्यों को प्रोत्साहित करना तथा किए जा रहे शोधकार्यों पर समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त करना।
   (e) अकादमिक रूचि के सामान्य विषयों पर विचार, स्वयं की पहल पर अथवा किसी संकाय या प्रबंध मण्डल द्वारा संदर्भित किए जाने पर करना तथा उपयुक्त कार्यवाही करना।
   (f) पाठ्यक्रम एवं अकादमिक नीति समिति के समक्ष विभागों के आबंटन का प्रस्ताव रखना।
   (g) प्रबंध मण्डल के अनुमोदन सेआगामी अध्यादेशों का निर्माण करना।
   (h) विश्वविद्यालय में अध्ययनवृत्ति, छात्रवृत्ति, विद्यार्थीवृत्ति, प्रदर्शनियाँ, पदक व पुरस्कारों की व्यवस्था संस्थित करने हेतु प्रस्ताव रखना तथा उनके प्रदाय संबंधी नियम बनाना।
   (i) विश्वविद्यालय में शिक्षकीय कार्य हेतु संबंधित नियामक निकायों द्वारा निर्धारित मानदण्डों के परिप्रेक्ष्य में अर्हता का निर्धारण करना। इस अर्हता के अनुरूप व्यक्तियों को पहचान कर शिक्षक के रूप में मान्यता देना।

परिनियम क्रमांक- 8

संकायों का गठन, शर्तें और शक्तियाँ, संकायों के अंतर्गत विषयों सहित

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना और संचालन) अधिनियम 2005 की धारा 4(2)(एच), 21(1)(डी) और 26(1)(ए) का संदर्भ}

1. परिनियमों में दर्शाए अनुसार विश्वविद्यालय में संकाय होंगे।
2. अध्ययन तथा विषय संबंधी तथा बहुविषयक एवं अंतर अनुशासिक संकाय के शोध हेतु जिसमें बहुसंकाय/अंतरआनुशासिक संकाय संबंधी अध्ययन व शोध भी सम्मिलित है, अध्ययन एवं शोध के संदर्भ में समस्त संकाय प्रमुख अकादमिक समन्वयक प्राधिकारी की भूमिका का निर्वाह करेंगे।
3. किसी भी संकाय की स्थापना विभाजन, संयुक्तीकरण अथवा विलोपन केवल शैक्षणिक परिषद की अनुशंसा एवं शासी निकाय के अनुमोदन से ही किया जावेगा।
4. संकाय में निम्न सदस्य होंगे:
   - (a) प्रत्येक अध्ययन मण्डल के अध्यक्ष संकाय के अंतर्गत
   - (b) कुलपति द्वारा कार्यरत प्राध्यापकों/सह प्राध्यापकों जिनका अध्यापन अनुभव न्यूनतम 10 वर्ष हो, मे से एक को संकायाध्यक्ष बनाया जावेगा जो संकाय का अध्यक्ष नामित होगा।
   - (c) संकाय के दो विषय विशेषज्ञ कुलपति द्वारा नामित
5. संकाय के कर्तव्य एवं शक्तियाँ निम्नानुसार होगी :
   - (a) प्रबंध-मण्डल तथा शैक्षणिक-परिषद अथवा कुलपति द्वारा संदर्भित किसी भी विषय पर विचार कर प्रतिवेदन देना।
   - (b) अध्ययन मण्डल द्वारा अनुशंसा एवं एक से अधिक अध्ययन मण्डल से संबंधित मामलों पर विचार व अनुमोदन करना बशर्ते कि वह अन्य संकाय को प्रभावित न करते हों तथा मानकों को निर्धारित करने के लिए आवश्यक हो तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु शैक्षणिक परिषद को अनुशंसाएं करना जो वह उचित समझे।
   - (c) अपने क्षेत्राधिकार के ऐसे अकादमिक तथ्यों पर शैक्षणिक परिषद को अनुशंसा प्रस्तुत करना जो किसी अन्य संकाय/संकायों को प्रभावित करें अथवा जिसका प्रशासनिक अथवा वित्तीय प्रभाव होता हो।
   - (d) अध्ययन मण्डल द्वारा प्रेषित नए पाठ्यक्रम, अंतर-अनुशासिक पाठ्यक्रम तथा अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की स्थापना संबंधी प्रस्तावों पर विचार कर शैक्षणिक परिषद को तत्संबंधी अनुशंसा करना।
   - (e) शैक्षणिक परिषद से स्नातकोत्तर अथवा स्नातक पाठ्यक्रम, अध्यापन शोध व प्रशिक्षण संबंधी व्यवस्था की विश्वविद्यालय संस्थान अथवा विभागों में आवश्यकता संबंधी अनुशंसा करना।
   - (f) यह सुनिश्चित करना कि शैक्षणिक परिषद द्वारा निम्न के संबंध में जारी निर्देशावली एवं बनाए नियमों का पालन हो रहा है:-
     - (1) दीर्घकालीन पाठ्यक्रम विकास
     - (2) संकाय विकास
     - (3) अध्यापन तथा/अथवा शिक्षण सामग्री विकास
     - (4) शैक्षणिक मामलों पर संकाय के अन्तर्गत शोध को प्रोन्नति
   - (g) अध्ययन मण्डल व अन्य संकायों से सहयोग कर अंर्तविभागीय व अंतर-संकाय कार्यक्रमों की योजना बनाना व प्रबंध करना।
   - (h) शैक्षणिक परिषद को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों के अभिमुखीकरण व पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के आयोजन की अनुशंसा करना विशेष रूप से संशोधित, नवप्रारंभ अथवा अंतर अनुशासिक विषयों हेतु।
   - (i) कुलपति के समक्ष संकाय संचालन के संबंध में वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करना।
   - (j) अन्य किसी संदर्भित अकादमिक मामले पर विचार करना।

6. निम्नलिखित तालिका के कॉलम 1 में दर्शित संकायों के सम्मुख कॉलम 2 में संबंधित विषय अथवा विभाग/समूह दर्शित हैं:-

तालिका

संकाय का नाम		विषय/विभाग अथवा विषय/विभाग का समूह	
1		2	
1	कला संकाय	1	अंग्रेजी एवं अन्य यूरोपीय भाषाएं
		2	हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषाएं
		3	संस्कृतिक, पाली प्राकृत
		4	भाषा विज्ञान
		5	दर्शनशास्त्र एवं दर्शन
		6	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान
		7	पत्रकारिता एवं जनसंचार
		8	विज्ञापन एवं जनसंपर्क
		9	मीडिया अध्ययन
2	सामाजिक विज्ञान	1	इतिहास एवं पुरातत्व
		2	राजनीति विज्ञान
		3	अर्थशास्त्र
		4	समाजशास्त्र
		5	समाजकार्य
		6	मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन
		7	भूगोल
		8	मनोविज्ञान
		9	रक्षा अध्ययन
		10	ग्रामीण अध्ययन
		11	मानव अधिकार
		12	लोक प्रशासन
		13	अन्तर्राष्ट्रीय संबंध
3	विज्ञान	1	भौतिक शास्त्र
		2	रसायन शास्त्र
		3	गणित
		4	भूगर्भ शास्त्र
		5	कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी
		6	डाटा साईंस
		7	ग्रामीण प्रौद्योगिकी

		8	नैनो विज्ञान
		9	क्रिमिनोलॉजी और फारेंसिक साईंस
		10	पर्यावरण विज्ञान
		11	फैशन डिज़ाइन एवं इंटिरीयर डिज़ाइन
4	जीव विज्ञान (लाईफ साईंस)	1	वनस्पति विज्ञान
		2	प्राणी विज्ञान
		3	जीव विज्ञान (लाईफ साईंस)
		4	माइक्रो-बायोलॉजी
		5	बायो-इंफरमेटिक्स
		6	बायो-केमिस्ट्री
		7	बायो-टेक्नोलॉजी
		8	फूड साईंस एवं टेक्नोलॉजी
		9	गृह विज्ञान
		10	वानिकी
		11	वायरोलॉजी
		12	सेनिटरी साईंस
5	कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी	1	कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी अ) डाटा साईंस ब) आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस स) आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस एवं मशीन लर्निंग द) आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस एवं बिग डाटा एनालायसिस इ) इंटरनेट ऑफ थिंग्स ई) ब्लॉक चैन उ) सायबर सिक्योरिटी
		2	सूचना प्रोद्योगिकी
		3	बायो इंफरमेटिक्स
		4	कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स
6	अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी	1	सिविल अभियांत्रिकी
		2	मेकनिकल अभियांत्रिकी
		3	इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी
		4	इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी
		5	केमिकल अभियांत्रिकी
		6	माइनिंग

		7	मेटलर्जी
		8	आर्किटेक्चर
		9	प्लानिंग
		10	बॉयो-टेक्नोलॉजी
		11	नैनो-टेक्नोलॉजी
		12	प्रोडक्शन अभियांत्रिकी
		13	स्ट्रक्चरल अभियांत्रिकी
		14	डिज़ाईन
7	शिक्षा संकाय	1	शिक्षा
		2	शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा
		3	योग
8	व्यवसाय प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय	1	वाणिज्य
		2	व्यवहारिक अर्थशास्त्र
		3	एकाउंटिंग फायनेन्स
		4	कॉर्पोरेट स्ट्रेट्जी
		5	बैंकिंग
		6	टैक्शेसन
		7	इंश्योरेन्स एवं रिस्क मैनेजमेंट
		8	बीमा और जोखिम प्रबंधन
		9	व्यवसाय प्रबंधन / प्रशासन
		10	वित्तीय प्रबंधन
		11	विपणन
		12	मानव संसाधन प्रबंधन
		13	डेटा विश्लेषण
		14	रिटेल और चेन मार्केटिंग
9	विधि संकाय	1	विधि
10	ललित कला संकाय / प्रदर्शन कला / दृश्य कला / अनुप्रयुक्त कला संकाय	1	संगीत
		2	नृत्य
		3	ललित कला (चित्रकारी, चित्रकला, मूर्तिकला)
		4	दृश्य कला
		5	चलचित्र एवं दूरदर्शन निर्माण
11	होटल प्रबंधन एवं अतिथि सत्कार	1	होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी
		2	अतिथि सत्कार

		3	पर्यटन और यात्रा
		4	थ्वमानन
12	हेल्थ एवं एलाइड साईंस / पैरा मेडिकल एवं नर्सिंग	1	मेडिकल एनाटॉमी
		2	मेडिकल बायो-केमिस्ट्री
		3	मेडिकल माइक्रो-बायोलॉजी
		4	मेडकल फार्माकोलॉजी
		5	मेडिकल साइकोलॉजी
		6	अस्पताल प्रशासन
		7	सार्वजनिक स्वास्थ्य
		8	नर्सिंग
		9	ऑप्टोमेट्री
		10	व्यावसायिक चिकित्सा
		11	फिजियोथेरेपी
		12	ट्रॉमा केयर प्रबंधन
		13	लोक स्वास्थ्य
		14	चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी
13	फार्मास्युटिकल साईंस	1	फार्मेसी
14	व्यवसाय शिक्षा संकाय	1	व्यावसायिक शिक्षा
15	पुनर्वास विज्ञान संकाय	1	विशेष शिक्षा
		2	प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक
		3	ऑडियोलॉजी और स्पीच लैंग्वेज
		4	पुनर्वास

विश्वविद्यालय विभिन्न संकायों के दो विभागें द्वारा संयुक्त रूप से अंतःविषय प्रकृति के कुछ चिन्हित किए गए कार्यक्रम चला सकते हैं। ऐसे प्रकरणों में संयुक्त अध्ययन मण्डल द्वारा पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा की योजना निर्मित की जाएगी और इसे शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। कुलपति किसी भी विभाग से पाठ्यक्रम समन्वयक नियुक्त कर सकते हैं। स्नातक स्तर पर अन्य संकायों के कुछ विषयों को शैक्षणिक परिषद की अनुमोदन के साथ अंतःविषय आलोक में अनुमति दी जा सकती है।

परिनियम क्रमांक- 9

अध्ययनमण्डलका गठन, कार्य, शर्तें एवं शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा-21(1)(डी) एवं 26(1)(ए) का संदर्भ}

1. प्रत्येक विषय या विषय समूह हेतु एक अध्ययन मण्डल होगा।
2. अध्ययन मण्डल के निम्न सदस्य होंगे :-
   (a) संबंधित विषय के विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग/संस्थान के प्रमुख
   (b) कुलपति द्वारा नामांकित संबंधित शिक्षणविभाग के दो संकाय सदस्य।
   (c) कुलपति द्वारा नामांकित विषय से संबंधित दो विशेषज्ञ सदस्य।
3. अध्ययन मण्डल अपनी प्रथम बैठक में सहयोजित करेंगे :-
   (a) विश्वविद्यालय के शिक्षणविभाग से ऐसेएक संकाय सदस्य जो विभाग प्रमुख नहीं है।
   (b) अन्य विश्वविद्यालयों से संबंधित संकाय के दो ऐसे सदस्य जिसका संबंधित विषय में अध्यापन का अनुभव 10 वर्ष से कम न हो।
4. कुलपति द्वारा अध्ययन मण्डल के सदस्यों में से एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में नामांकित किया जावेगा।
5. अध्ययन मण्डल का कार्यकाल तीन वर्ष होगा।
6. अध्ययन मण्डल की बैठक वर्ष में कम से कम एक बार होगी। कुल सदस्यों से आधे सदस्य कोरम पूरा करेंगे। बैठक की सूचना कम से कम 10 दिवस पूर्व सदस्यों को देनी होगी।
7. विश्वविद्यालय में विषयों को आंरभ करने पर जब और जैसी आवश्यकता हो कुलपति तदर्थ अध्ययन मण्डल का गठन कर सकते है।
8. अध्ययन मण्डल द्वारा शैक्षणिक परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने से पूर्व संबंधित विषय का विस्तृत पाठ्यक्रम तैयार करने के साथ-साथ परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन एवं अन्य आवश्यक निर्देशावली तैयार की जावेगी।
9. पाठ्यक्रम विवरण, अध्ययन मण्डल द्वारा समय-समय पर संशोधित एवं अद्यतन किया जायेगा एवं प्रकाशन से पूर्व शैक्षणिक परिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जावेगा।
10. अध्ययन मण्डल की शक्तियाँ एवं कर्त्तव्यःअध्ययन मण्डल के निम्न कर्त्तव्य एवं शक्तियाँ होंगीः-
    (a) शैक्षणिक परिषद द्वारा संदर्भ किए जाने पर किसी विषय अथवा विषय समूह के भीतर अध्ययन के पाठ्यक्रमों की अनुशंसा करना।
    (b) प्रत्येक अध्ययन के पाठ्यक्रम हेतु पुस्तक, पाठयपुस्तक, पूरक अध्ययन सामग्री, संदर्भ पुस्तक व अन्य अध्ययन सामग्री की अनुशंसा करना।
    (c) शैक्षणिक परिषद को प्रसिद्ध लेखकों व अन्य विशेषज्ञों द्वारा रचित कार्य अथवा संकलन तथा विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा पाठ्यक्रम विकास में कार्य के अंतर्गत पाठ्यक्रमविकास करने हेतु तैयार सामग्री को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किये जाने की अनुशंसा करना।
    (d) विभिन्न संकायों को अध्ययन पाठ्यक्रमों में वांछित सुधार हेतु सलाह देना।
    (e) विभिन्न विषयों में उन्मुखीकरण एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के आयोजन हेतु आवश्यक सुझाव देना।
11. कुलपति, विभिन्न अध्ययन मण्डलों की संयुक्त बैठक, जब और जैसी आवश्यकता हो बुला सकेगा तथा बैठक की अध्यक्षता के किसी भी अध्ययन मण्डल के अध्यक्ष को नामांकित कर सकेगा।

परिनियम क्रमांक- 10

परीक्षा मण्डल का गठन, शर्तें एवं शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा-21(1)(डी) एवं 26(1)(ए) का संदर्भ}

1. विश्वविद्यालय के परीक्षा मण्डल को परीक्षाओं के आयोजन तथा तत्संबंधी नीतिगत निर्णय यथा प्रश्न पत्र निर्माता, परीक्षकों, अनुसीमक की नियुक्तियां करने, परीक्षा समय सारिणी निर्धारित करने तथा परीक्षा परिणामों की घोषणा करने संबंधी समस्त अधिकार प्राप्त होंगे। साथ ही परीक्षा मण्डल विश्वविद्यालय के विभागों में परीक्षा संपादन का पर्यवेक्षण एवं नियमन करने हेतु भी अधिकृत होगा।
2. मण्डल को परीक्षा संबंधी सभी मामलों की सुनवाई करने तथा किसी मामले में परीक्षा संपादन संबंधी शिकायत पर निर्णय करने का अधिकार होगा।
3. परीक्षा मण्डल में निम्न सदस्य होंगे :-
   (a) तीन वर्ष की कार्यावधि हेतु चार शिक्षणविभाग प्रमुख सदस्य के रूप में
   (b) उक्त में से एक विभाग प्रमुख को कुलपति द्वारा 2 वर्ष की अवधि हेतु मण्डल के अध्यक्ष के रूप में नामित किया जावेगा।
   (c) दो वरिष्ठ संकाय सदस्य 2 वर्षकी कार्यावधि हेतु
   (d) परीक्षा नियंत्रक, मण्डल के सदस्य सचिव के रूप में
4. मण्डल के चार सदस्य अध्यक्ष सहित कोरम का निर्माण करेंगे।
5. परीक्षा मण्डल के कर्त्तव्य एवं शक्तियाँ :-
   (1) परीक्षा मण्डल विश्वविद्यालय की परीक्षाओं एवं जांच परीक्षाओं के व्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करेगा जिसमें अनुसीमन, सारणीकरण तथा परीक्षा परिणामों की घोषणा भी सम्मिलित है।
   (2) मण्डलशैक्षणिक सत्र में कम से कम एक बार बैठक आयोजित करेगा।
   (3) परीक्षा मण्डल विशेषरूप से बिना किसी पूर्वाग्रह के, उपधारा (1) में वर्णित अनुसार निम्न कर्त्तव्यों का निर्वाह करेगा :-
      (a) अध्ययन मण्डल द्वारा तैयार पैनल में सम्मिलित व्यक्तियों में से ही प्रश्न पत्र निर्माता, परीक्षक व अनुसीमक नियुक्त करेगा तथा जहाँ कहीं आवश्यक हो समिति की अनुशासनानुसार उन नामों को हटाने का या कुछ परीक्षकों के नामों को वैद्य कारणो से परीक्षा कार्यो से विवर्जित (Debar) भी कर सकता है।
      (b) परीक्षा सुधार की दिशा में आवश्यक कार्य व प्रयोग करना।
      (c) मण्डल द्वारा सौंपे गए कार्य या अध्यादेश के अनुसार अध्यादेशों द्वारा प्रदत्त परीक्षा संबंधी अन्य अधिकारों का प्रयोग करना।
6. तत्काल कार्यवाही संबंधी आपातस्थिति में मण्डलअध्यक्ष या उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी/व्यक्ति समुचित व आवश्यक कार्यवाही करेगाजैसा वह उचित व आवश्यक समझे तथा की गई कार्यवाही की सूचना मण्डल की आगामी बैठक में अनुसमर्थन हेतु देगा।
7. (a) प्रश्नपत्र रचनाकर्ता, परीक्षक व अनुसीमक की नियुक्ति हेतु मण्डल एकविषयवारसमिति गठित करेगा :-
      (1) कुलपति अथवा प्रति कुलपति यदि कुलपति द्वारा नामांकित हो - अध्यक्ष
      (2) संबंधित संकाय के संकायाध्यक्ष
      (3) संबंधित अध्ययनमण्डल के अध्यक्ष
      (4) अध्ययनमण्डल के सदस्यों में से एक सदस्य जोकुलपति द्वारा नामित हो।
   (b) परीक्षा नियंत्रक समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे।
   (c) समिति समस्त विभागों से प्राप्त परीक्षा समय सारिणी को संकलित कर अंतिम परीक्षा समय सारिणी तैयार करेगा।
   (d) समिति आगामी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले नियमित/एटीकेटी/पूरक परीक्षार्थियों की अंतिम कुल संख्या पर अपनी सहमति देगी।
   (e) समिति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के परिणाम की जांच कर संतुष्ट होने के पश्चात पारित व अनुमोदित करेगी कि संपूर्ण एवं विभिन्न विषयों के परिणाम प्रचलित मानक के अनुरूप हैं तथा किसी प्रकरण में जहाँ परिणाम असंतुलित है, वहाँ कार्यवाही हेतु अनुशंसा कुलपति को करेगी।

(f) समिति अध्ययन मण्डल द्वारा तैयार परीक्षक पैनल में से विभिन्न परीक्षाओं व जांच परीक्षाओं हेतु परीक्षकों की सूची तैयार कर परीक्षामण्डल के समक्ष प्रस्तुत करेगी। मण्डल ऐसी सूची से प्रश्न पत्र निर्माता, परीक्षक, अनुसीमक नियुक्त करेगा तथा जहाँ आवश्यक हो वहाँ रेफरीज (पंच) नियुक्त करेगा।

(g) यह समिति संबधित विषय के बंद लिफाफे में प्रश्न पत्र दोसेट्स में प्राप्त करेगी। समिति के अध्यक्ष द्वारा यादृच्छिक प्रक्रिया द्वारा मुहर बंद लिफाफे का चयन किया जायेगा। बंद लिफाफे बाद में मोहर सहित गोपनियता सहित प्रकाशन हेतु भेजे जायेंगे।

8. (a) परीक्षार्थियों, प्रश्नपत्र रचियताओं, परीक्षकों, अनुसीमक, रेफरीज, संकाय सदस्यों या परीक्षाओं के संचालन से सम्बद्ध अन्य व्यक्तियों द्वारा कदाचरण व की गई किसी चूकके संबंध में जाँचकर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु परीक्षा मण्डल कुलपति के अनुमोदन पश्चात् अधिकतम 5 (पांच) सदस्यों की एक समिति गठित करेगा, जिनमें एक अध्यक्ष होगा।

(b) उक्त समिति अपना प्रतिवेदन व अनुशंसाएं परीक्षा मण्डल को प्रस्तुत करेगी, जो प्रकरण में जहाँ आवश्यक है अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा कुलपति/प्रबंध मण्डल को करेगा।

9. परीक्षा मण्डल विश्वविद्यालय के बजट में शामिल करने हेतु वित्तीय प्राकलन तैयार करेगा एवं उसे वित्त अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

10. परीक्षा मण्डलविश्वविद्यालय परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधन/कदाचरण का प्रयोग छात्रों, संकाय सदस्य, विक्षकों व पर्यविक्षकों द्वारा किए जाने से रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखेगा।

परिनियम क्रमांक- 11

वित्त एवं बजट समितिका गठन, शर्तें व शक्तियाँ

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 धारा 21(1)(डी) तथा 26(1)(ए) का संदर्भ}

1. वित्त व बजट कमेटी में निम्न सदस्य होंगे :-
   (a) कुलाधिपति अथवा उसका नामित
   (b) कुलपति
   (c) कुलाधिपति द्वारा नामित एक विशेषज्ञ
   (d) प्रयोजक निकाय द्वारा नामित
   (e) विश्वविद्यालय का कुलसचिव
   (f) मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी

   कुलाधिपति बैठक की अध्यक्षता करेंगे उनकी अनुपस्थिति में कुलपति बैठक की अध्यक्षता करेगा। मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी समिति का सचिव होगा।
2. वित्त एवं बजट समिति बजट निर्माण हेतु प्रति वर्ष कम से कम दो बैठकें करेगी जिसमें लेखों की जांच तथा व्यय प्रस्तावों की छानबीन की जायेगी।
3. वित्त एवं बजट समिति में पदेन सदस्यों को छोड़कर शेष का कार्यकाल तीन वर्ष होगा।
4. अध्यक्ष सहित समिति के तीन सदस्य कोरम निर्मित करेंगे।
5. वित्त एवं बजट समिति की शक्तियाँ एवं उत्तरदायित्वः-
   (a) समिति मध्यावधि वित्तीय पूर्वानुमान एवं वार्षिक बजट तैयार कर शासी निकाय के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करेगी। इसके बाद प्रबंध मण्डल स्वीकार करेगा।
   (b) विश्वविद्यालय के संसाधन व आय के आधार पर प्रबंध मण्डल से अनुमोदन प्राप्त कर समिति विश्वविद्यालय के कुल वार्षिक आवर्ती व कुल वार्षिक अनावर्ती व्ययों की सीमाएं निर्धारित करेगी।
   (c) समिति सुनिश्चित करेगी की विश्वविद्यालय कोई भी व्यय निर्धारित सीमा से अधिक नहीं करेगा। किसी वर्ष में निर्धारित सीमा से अधिक व्यय अथवा ऐसी मद पर व्यय जिसके लिए बजट प्रावधान नहीं है केवल वित्त समिति एवं प्रबंध मण्डल के पूर्व अनुमोदन पश्चात ही किये जा सकेंगे।
   (d) समिति विश्वविद्यालय हेतु संसाधन निर्मित करने की विधियां एवं माध्यमों की अनुशंसा करेगी।
   (e) समिति, विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखों पर विचारोपरांत उसे शासी निकाय के समक्ष विचार एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेगी।
   (f) समिति उपयुक्त शर्तों पर विश्वविद्यालय हेतु वसीयतें एवं दान स्वीकृत करने की अनुशंसा शासी निकाय से करेगी।
   (g) समिति, अनुमोदित बजट के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय की प्रगति की निगरानी करेगी तथा तत्संबंधी छमाही प्रतिवेदन प्रबंध मण्डल से अनुमोदन पश्चात शासी निकाय को प्रस्तुत करेगी।
   (h) समिति, शासी निकाय की ओर से विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति के पहलुओं पर जांच करेगी जिन पर आगे विश्लेषण अथवा कार्यवाही आवश्यक है।
   (i) समिति विश्वविद्यालय की कोषालय प्रबंधन नीति का अनुमोदन करेगी व आवश्यक निगरानी रखेगी।
   (j) समिति, शासी निकाय को कोष आहरण नीति, आहरण प्रस्ताव एवंतत्संबंधी बाह्यवित्तीय प्रबंधन तथा तत्संबंधी विस्तृत शर्तों पर सलाह देगी।
   (k) समिति विश्वविद्यालय द्वारा पेंशन प्रबंधन, यदि हो, कर भुगतान,क्रय तथा बाह्य निकायों से वित्तीय संबंधों की देखरेख करेगी।

परिनियम क्रमांक-12
विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारीगण

अधिनियम 2005की धारा 14 (6) के प्रावधान अनुसार विश्वविद्यालय के निम्न अन्य अधिकारी होंगेः

1. **प्रति-कुलपति**
   (a) प्रति-कुलपति की नियुक्ति इस हेतु गठित चयन समिति द्वारा 4 वर्ष के लिए की जायेगी। चयन समिति का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति करेंगे तथा जिसमें कुलपति एवंप्रायोजक निकाय के अध्यक्ष द्वारा नामांकित दो सदस्यों को शामिल किया जाएगा।
   (b) प्रति कुलपतिवाक्य 1(a) में ऊपर दी गई प्रक्रियाव शर्तोंका पालन कर पुनः नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।
   (c) कुलपति की अनुपस्थिति मेंप्रति-कुलपति,कुलपति के कर्तव्यों का पालन करेंगे।
   (d) प्रति-कुलपति प्रायोजक निकाय द्वारा समय-समय पर तय किये गये वेतन और अन्य भत्ते प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे।
   (e) प्रति-कुलपति समय-समय पर कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा आबंटित जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।
   (f) प्रति-कुलपति अपने कार्यालय से कुलाधिपति को संबोधित, स्वयं हस्तलिखित इस्तीफा दे सकते हैं। प्रति-कुलपति, कुलाधिपति के द्वारा निर्धारित तिथि तक पद पर बने रहेंगे। प्रति कुलपति त्यागपत्र स्वीकृति के दिनांक से पद धारण करने से प्रवरित हो जावेगा।

2. **महानिदेशक**
   (a) विश्वविद्यालय के महानिदेशक की नियुक्ति, प्रायोजित निकाय की अनुशंसा पर कुलाधिपति द्वारा सामान्यतः दो वर्ष के लिए की जायेगी।
   (b) महानिदेशक, उपरोक्त खण्ड (1) में बनाये गये प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए पश्चातवर्ती अवधि हेतु पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा।
   (c) महानिदेशक, कुलाधिपति/प्रायोजित निकाय द्वारा समय-समय पर उसको यथासमनुदेशित कर्तव्यों एवं कृत्यों का निर्वहन कर सकेगा।
   (d) महानिदेशक, कुलाधिपति/प्रायोजित निकाय द्वारा समय-समय पर यथा निर्धारित वेतन/मानदेय और अन्य भत्ते प्राप्त करने का पात्र होगा।
   (e) महानिदेशक, कुलाधिपति को संबोधित स्व-हस्तलिखित पत्र द्वारा अपने पद से त्यागपत्र दे सकेगा।महानिदेशक त्यागपत्र स्वीकृति के दिनांक से पद धारण करने से प्रवरित हो जावेगा।
   (f) महानिदेशक, कुलाधिपति के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करेगा।
   (g) महानिदेशक निम्नलिखित के उत्तरदायी होगा-
      (i) विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों, शोध एवं विकास की गतिविधियों के अनुमोदन के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/एआईसीटीआई/अन्य विनियामक निकायों एवं अन्य फंडिंग एजेन्सियों को भेजे जाने वाले प्रस्तावों पर मार्गदर्शन एवं सलाह देना।
      (ii) सेमिनार, कान्फ्रेंस, कार्यशाला आदि में उपस्थित होने के लिये विश्वविद्यालय से प्रतिनिधि भेजने, कुलपति को अनुशंसा करना।
      (iii) विश्वविद्यालय के योजना एवं विकास पर सलाह देना जो विशेषतः विश्वविद्यालय में शिक्षण एवं शोध के मानदंड एवं गुणवत्ता के संबंध में होगा।
      (iv) अन्य संसाधनों जैसे भारतीय विश्वविद्यालय संघ कामनवेल्थ विश्वविद्यालय, अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों का संघ, इण्डियन इंटरनेशनल सेंटर आदि की सदस्यता हेतु अनुशंसा से पहले जैसा उचित प्रतित हो एवं आवेदन करना।
      (v) देश एवं विदेश के किसी विश्वविद्यालय/शोध संस्थान/केन्द्रों के साथ समय-समय पर गठबंधन हेतु संबंधित अधिष्ठाता/अध्यक्ष के साथ समन्वय करना।
      (vi) विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों/अध्ययन स्कूल/संधारित संस्थान में शिक्षण एवं शोध के कार्य के संबंध में संबंधित अधिष्ठाता के साथ समन्वय करना एवं नवीन पाठ्यक्रम की शुरूआत करना।
      (vii) समय-समय पर विश्वविद्यालय के पाठ्यचर्या विवरणिका एवं अन्य दस्तावेजों के मुद्रण की अनुमति देना।
      (viii) भारत के साथ-साथ विदेशों में किसी विश्वविद्यालय/शोध संस्थानों के साथ गठबंधन के संबंध में संबंधित अधिष्ठाता के साथ समन्वय करना।
      (ix) शिक्षण, शोध एवं विकास के बजट से बाहर विभिन्न मदों के अधीन अनुदानों का, जिसमें सेमिनार/कान्फ्रेंस/प्रकाशन/यात्रा अनुदान/अतिथिव्याख्यान/विजिटिंग प्रोफेसर आदि हेतु व्यवस्था कराने का अनुदान सम्मिलित है, का निपटारा करना।
      (x) विश्वविद्यालय/संधारित संस्थानों के शिक्षकों के सम्पूर्ण अनुमोदित प्रयोजनों हेतु कर्त्तव्य अवकाश एवं अर्जित अवकाश को स्वीकृत करना।

(xi) विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के शिक्षकों के अवकाश स्वीकृत करना, नवाचार/पुनश्चर्या में उपस्थिति के लिए 21 दिन तक पत्राचार पाठ्यक्रम के परिसर/संचालनालय पर (प्रोफेसर एवं अध्यक्ष से भिन्न) संस्थान संधारित करना।

(xii) समय-समय पर दिशानिर्देशन/पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में उपस्थित होने हेतु शिक्षकों के आवेदनों को अग्रेषित करना।

(xiii) विश्वविद्यालयों के शिक्षण विभागों एवं विश्वविद्यालयों के संधारित संस्थानों के लिए स्टाफ एवं पुस्तकों, उपकरणों, फर्नीचर हेतु निधि आदि के लिए पूर्ण प्रस्तावोंया अतिरिक्त निवेदनों को निपटाना।

(xiv) यूजीसी की योजनाओं के अधीन समकक्ष समिति, पाठ्यक्रमों, व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की मान्यता अनुदान से संबंधित कार्य को करना।

(xv) विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासकीय कार्यों के लिए वित्त समिति को बजट आवंटन हेतु अनुशंसा करना।

(xvi) कुलाधिपति/कुलपति द्वारा समय-समय पर सौंपे गये विनिर्दिष्ट किसी अन्य शैक्षणिक/प्रशासकीय कर्त्तव्यों का निर्वहन करना।

3. **परीक्षा नियंत्रक :**

(1) परीक्षा का नियंत्रक विश्वविद्यालय का अधिकारी होगा और विश्वविद्यालय के शिक्षकों/अधिकारियों के बीच से कुलपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

(2) जब परीक्षा नियंत्रक का कार्यालय रिक्त हो या तो किसी अन्य कारण से या बीमारी या अनुपस्थिति के कारण खाली होता है, तो कार्यालय के कर्तव्यों का ऐसे व्यक्ति द्वारा निर्वाह किया जाएगा जिसे किकुलपतिइसउद्देश्य के लिए शिक्षकों/अधिकारियों के मध्य से नियुक्त करें।

(3) परीक्षा नियंत्रक परीक्षा के संचालन और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं कीनिगरानी करेंगे और सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन के बाद परीक्षाओं से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को निष्पादित करेंगे और परिणामों की घोषणा करेंगे।

(4) परीक्षा नियंत्रक की शक्तियाँ और कर्तव्यों को कुलपति के अनुमोदनसे कुलसचिवद्वारा निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) परीक्षा नियंत्रक कुलसचिव के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन और इनकी अधीनस्थता के तहत काम करेगा।

4. **ग्रंथपाल**

ग्रंथपाल विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होंगे और शिक्षकों के लिए परिनियम संख्या 14 में निर्धारित प्रक्रिया के बाद उनकी नियुक्ति की जाएगी। ग्रंथपाल की योग्यता यूजीसी मानदंडो के अनुसार होगी और समय-समय पर शासी निकाय/शैक्षिक परिषद द्वारा अनुमोदित की जाएगी।

5. **संचालक शारीरिक शिक्षा**

शारीरिक शिक्षा संचालक, विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होंगे और उनकी नियुक्ति शिक्षकों के लिए परिनियम संख्या 15 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी। शारीरिक शिक्षा संचालककी योग्यता यूजीसी मानदंडो के अनुसार होगीजोसमय-समय पर शासी/शैक्षिक परिषद द्वारा अनुमोदित होगी। वेतन और अर्द्धवार्षिकी की आयु का निर्धारण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम के ध्यान में रखते हुए शासीय निकाय द्वारा निर्धारित किया जावेगा।

6. **उप संचालक/सहायक संचालक शारीरिक शिक्षा**

शारीरिक शिक्षा उप/सहायक संचालक, विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी होंगे जो कुलपति द्वारा समय-समय पर यूजीसी निर्देशों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया योग्यता तथा वेतन पर कुलाधिपति की अंतिमसहमति से नियुक्त होंगे।

7. **उप/सहायक ग्रंथपाल**

सहायक ग्रंथपालविश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी होंगे जो समय समय पर कुलपति द्वारा यूजीसी निर्देशों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया योग्यता और वेतन पर कुलाधिपति की अंतिमसहमति से नियुक्त किए जायेंगे।

8. **उप/सहायक कुलसचिव**

उप/सहायक कुलसचिव विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी होंगे। उनकी नियुक्ति कुलपति द्वारा समय-समय पर यूजीसी के निर्देशों द्वारा निर्धारितयोग्यता एवं प्रक्रिया पर निश्चित वेतन पर कुलाधिपति की अंतिम सहमति से होगी।

9. विश्वविद्यालय के सुचारू रूप से संचालन एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये कण्डिका-1 से 8 में वर्णित अधिकारियों के अतिरिक्त अन्य अधिकारियों यथा- मुख्य कुल अनुशासक (चीफ प्राक्टर), अधिष्ठाता छात्र कल्याण, निर्देशक शोध विभाग, लेखाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी, प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी आदि पदों का निर्माण किया जा सकेगा। इन अधिकारियों की नियुक्ति स्वतंत्र रूप से की जा सकेगी अथवा किसी शिक्षक/अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिया जा सकेगा। इनकी नियुक्ति कुलपति द्वारा समय-समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों (यदि कोई हो तो) के निर्धारित योग्यता एवं प्रक्रिया पर निश्चित वेतन या भत्ते पर कुलाधिपति की अन्तिम सहमति से होगी।

10. उपर्युक्त वर्णित अन्य पदों जिसकी अर्हता,अर्द्धवार्षिकी, सेवाशर्ते, कर्तव्य और शक्तियां उल्लिखित नही है, शासीय निकाय द्वारा निर्धारित की जावेगी।

परिनियम क्रमांक- 13

गुणवत्ता आश्वासन व शोध समिति का गठन एवं कार्य

1. विश्वविद्यालय में एक गुणवत्ता आश्वासन एवं शोध समिति होगी, ताकि पाठ्यक्रम/अभ्यासक्रम तथा समग्र शिक्षण/अध्यापन व्यवस्था की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकें तथा साथ ही शोध की गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो सके। समिति का गठन विश्वविद्यालय की सभी इकाइयों में गुणवत्ता मूल्यांकन व प्रत्यायन विशेषकर अध्यापन के संदर्भ में सुनिश्चित करने हेतु किया गया है। समिति में निम्न होंगेः-

   (a) कुलपति -अध्यक्ष

   (b) कुलपति द्वारा नामित एक संकायाध्यक्ष

   (c) संबंधित विषयों के अध्ययन मण्डलों का अध्यक्ष

   (d) कुलपति द्वारा नामित एक संकाय सदस्य

   (e) विश्वविद्यालय का ग्रंथपाल

   (f) एक वरिष्ठ संकाय सदस्य जो कुलपति द्वारा नामित- सचिव

2. समिति के निम्न कार्य होंगेः-

   (a) अकादमिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों की समीक्षा एवं संबंधित समस्याओं पर संभावित समाधान पर विचार करने हेतु समिति त्रैमासिक बैठकें आयोजित करेगी।

   (b) प्रभावी छात्र प्रतिपुष्टि प्रणाली की स्थापना।

   (c) शोध छात्रों/अभ्यर्थियों की समस्यायों पर विचार व समाधान करना।

   (d) पाठ्यक्रम स्तर का मूल्यांकन एवं उसे वैश्विक स्तर तक उन्नत करने हेतु सहायता करना।

   (e) गुरू व शिष्यशिक्षण प्रणाली की स्थापना।

   (f) कमजोर छात्रों हेतु अतिरिक्त शिक्षण का प्रांरभ।

   (g) शोध पत्रिका का प्रकाशन।

   (h) विभाग प्रमुखों की अनुशंसानुसार पुस्तके और शोध-पत्रिकाएं क्रय करने हेतु ग्रंथपाल को निर्देश देना।

   (i) संकाय सदस्यों को शोध कार्य हेतु विभिन्न संबंद्ध अभिकरणों से शोध अनुदान प्राप्त करने में सहायता एवं प्रोत्साहित करना।

   (j) खेलकूद, परीक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों उन्नत प्रणाली द्वारा ग्रंथालय प्रयोग, डिजिटल संस्कृति, नवीनतम अभ्यास उपकरण तथा छात्रों की देखरेख औपचारिक अध्यापन व्यवस्था से सुनिश्चित करने हेतु उन्नत मानकीकृत व्यवस्था करना।

   (k) ग्रंथालय एवंप्रयोगशाला के श्रेष्ठ संचालन हेतु समुचित व्यवस्था करना।

परिनियम क्रमांक-14

ग्रंथपाल की नियुक्ति विधि, शर्तें ग्रंथालय समिति का गठन व कार्य

1. ग्रंथपाल की नियुक्ति एवं कर्त्तव्य-

(1) ग्रंथपाल विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा तथा उनकी अर्द्धवार्षिकी आयु 62 वर्ष होगी। ग्रंथपाल विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रत्यक्ष नियंत्रण में कार्य करेंगे।

(2) ग्रंथपाल की नियुक्ति कुलपति द्वारा इस उद्देश्य हेतु गठित समिति की सिफारिश पर की जावेगी। ग्रंथपाल की अर्हता, वेतन, सेवा नियम व शर्तेंयूजीसी के निर्देशों को ध्यान में रखते हुयेविश्वविद्यालय के शासी विकाय द्वारा निर्धारित होगी।

(3) जब ग्रंथपाल का पद रिक्त हो, ग्रंथपाल बीमारी अथवा अन्य कारण से अनुपस्थित रहे या अन्य कारणों से अपने कार्यालय के कर्तव्यों के निर्वाह में असमर्थ हो, ऐसी स्थिति में ग्रंथपाल के कर्तव्यों का अस्थायी रूप से निर्वाह ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जावेगा, जिसे कुलपति इस हेतु नियुक्त करेंगे।

(4) ग्रंथपाल विश्वविद्यालय ग्रंथालय/ग्रंथालयों के विकास आधुनिकीकरण, रखरखाव, प्रबंधन व सुरक्षा हेतु उत्तरदायी रहेगा तथा वह पांडुलिपियों के संग्रहण व सुरक्षा के लिए भी उत्तरदायी होगा।

(5) ग्रंथपाल विश्वविद्यालय ग्रंथालय में उपलब्ध समस्त पुस्तकों, नियतकालिक, पत्रिकाओं, पांडुलिपियों, जर्नल्स तथा ग्रंथालय उपकरणों का संरक्षक होगा वह यह सुनिश्चित करेगा कि ग्रंथालय में कोई भी अनियमितता न हो तथा पुस्तकें, पत्रिकाएं, पांडुलिपियाँ, जर्नल्स व उपकरण गुम न हों तथा क्षतिग्रस्त न हों। वह पुस्तकों का नियतकालिक सत्यापन करेगा। उसे ग्रंथालय/ग्रंथालयों के विकास संबंधी व्ययों हेतु अतिरिक्त संसाधन क्रियाशील करने सहित सभी मामलों पर विश्वविद्यालय को सलाह देने का अधिकार होगा।

(6) ग्रंथपाल ग्रंथालय समिति का सदस्य सचिव होगा तथा समिति के निर्णयों के उपयुक्त क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी होगा। उसे समिति में मताधिकार नहीं होगा।

(7) उसकी नियुक्ति विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्ति हेतु गठित समिति द्वारा की जावेगी।

(8) विश्वविद्यालय द्वाराग्रन्थालय का रिक्त पद, भरने के पूर्व विज्ञापित किया जावेगा।

2. ग्रंथालय समिति

(1) विश्वविद्यालय के ग्रंथालयों में ग्रंथालय सेवा तथा ग्रंथालय प्रशासन संगठन व रखरखाव सुनिश्चित करने हेतु एक ग्रंथालय समिति होगी जिसमें निम्न सदस्य होंगे।

(a) कुलपति - अध्यक्ष

(b) कुलपति द्वारा नामित किसी एक संकायके संकायाध्यक्ष

(c) कुलपति द्वारा नामित संबंधित विषय का एक विभाग प्रमुख

(d) शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित परिषद का एक शिक्षक

(e) कुलसचिव

(f) ग्रंथपाल - सचिव

(2) सभी सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष होगा,पदेन सदस्य को छोड़कर।

(3) समिति के कर्तव्य निम्न होंगे:-

(a) ग्रंथालय का उचित प्रबंधन व अभिलेखीकरण सेवाएं सुनिश्चित करते हुए पुस्तकों का भंडार/संकलन को अद्यतन करना।

(b) ग्रंथालय एवं अभिलेखीकरण सेवाओं को उन्नत व आधुनिक बनाने हेतु पहल करना।

(c) प्रबंध मण्डल को छात्रों व अन्यों द्वारा ग्रंथालय सेवा प्राप्त करने के प्रतिफल स्वरूप शुल्क व अन्य व्ययों वसूले जाने संबंधी अनुशंसा करना।

(d) वित्त समिति के अनुमोदन हेतु ग्रंथालय विकास संबंधी वार्षिक बजट प्रस्ताव तैयार करना।

(e) कुलपति के मार्गदर्शन में ग्रंथालय स्थित पांडुलिपियों एवं ऐतिहासिक अभिलेखों की अभिरक्षा हेतु उप-समिति गठित करना।

परिनियम क्रमांक- 15

शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय(स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 26(1)(डी),(इ) व (एफ) का संदर्भ}

1. विश्वविद्यालय, संबंधित नियामक के निकाय के निर्देशानुसार समस्त शैक्षणिक पदों पर नियुक्तियांयथा समय आवश्यकतानुसारसंपन्न कर लेगा। शिक्षकों हेतु अर्हता, संबंधित नियामक अभिकरण द्वारा निर्धारित अनुसार होगी।
2. शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताः-
   (a) विश्वविद्यालय शिक्षकों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता संबंधी नियम जो यूजीसी विनियमों में तथा आगामी संशोधनों में निहित है का पालन करेगा। इस संबंध में यूजीसी परिपत्र विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की अध्यापक और अन्य शैक्षणिक कार्मिकों की न्यूनतम अर्हता और उच्च शिक्षा में स्तरों को बनाए रखने के लिए द्वारा नियुक्ति और पदोन्नति के लिए उस समय के राज्य कीनिर्धारित नीति का भी पालन करेगा।
   (b) विश्वविद्यालय नियुक्तियों के संबंध में यूजीसी तथा केन्द्र सरकार द्वारा गठित अन्य कोई नियामक अभिकरण के द्वारा निर्धारित आदि न्यूनतम शर्तों का पालन भी करेगा।
3. अकादमिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु चयन समितिः-
   (1) अस्थायी शिक्षकीय स्टाफ को छोड़कर प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शोध कर्मचारी एवं अन्य शैक्षणिक कर्मचारी की नियुक्ति की अनुशंसा हेतु एक चयन समिति होगी।
   (2) समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय काप्रबन्ध मण्डल अनुमोदनकर्ता प्राधिकारी होगा।
   (3) अकादमिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु एक चयन समिति गठित होगी जिसमें निम्न सदस्य होंगे :-
      (a) कुलपति- अध्यक्ष
      (b) कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ
      जो विशेषज्ञों के पैनल से शासी निकाय द्वाराअनुमोदित हों।
      (c) कुलाधिपति द्वारा नामित एक सदस्य
      (d) छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग का एक प्रतिनिधिजो उसका सदस्य हो अथवा अन्य व्यक्तिजो विश्वविद्यालय प्राध्यापक संवर्ग से निम्न स्तरका न हो।
      (e) कुलसचिव सचिव होंगे (मताधिकार के बिना)

3.1 चयन समिति की बैठक-
   (i) चयन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष द्वारा आहूत की जावेगी जब और जैसा आवश्यक हो।
   (ii) चयन समिति के तीन सदस्यों से गणपूर्ति होगी जिसमें से एक सदस्य विशय विशेषज्ञ हो।
   (iii)चयन गुणवत्ता एवं साक्षात्कार में प्रस्तुति के आधार पर होगा। चयन समिति, चयन प्रक्रिया का निर्धारण स्थापित मानकों के अनुसार करेगा।
   (iv)शिक्षण पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जायेगा।
   (v) चयन समिति के अध्यक्ष के पास मत के साथ-साथ साधिकार मतदेने का भी अधिकार होगा।

4. नियुक्ति की विशिष्ट प्रणालीः-
   इस परिनियम की धारा - 3 में अन्यथाउपबंधित रहते हुए भी-
   (1) विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा, विश्वविद्यालय में आचार्य, सह-आचार्य अथवा अन्य अकादमिक पद यथा- विजिटिंग प्रोफेसर अथवा एडजंट प्रोफेसर इत्यादि पर निर्धारित अवधि के लिए नियुक्ति हेतु उच्च अकादमिक अलंकरणयुक्त किसी ख्याति प्राप्त व्यक्ति को ऐसे नियम व शर्तों पर जो वे उचित समझे तथा संबंधित व्यक्ति जिस पर सहमत हो आमंत्रित कर सकते है तथापि ऐसी नियुक्ति शासी निकाय द्वारा अनुमोदित होनी चाहिए।
   (2) यदि कुलपति यह समझते हैं कि अध्यापन कार्य के हित में रिक्त पदपर तत्काल नियुक्ति आवश्यक है, तो पूर्ण अर्हता प्राप्त किसी व्यक्ति को प्रथमतया, अधिकतम एक वर्ष की अवधि हेतु निम्नानुसार गठित स्थानीय चयन समिति की अनुशंसा पर नियुक्त कर सकते है बशर्ते ऐसी नियुक्ति से प्रबंध मण्डल को अवगत करा दिया जावेगा :-
      (a) कुलपति;
      (b) संबंधित संकाय के डीन;
      (c) संबंधित विभाग का अध्यक्ष; एवं

(d) कुलपति द्वारा नामित एक वरिष्ठ अध्यापक विशेषज्ञ के रूप में, परन्तु जहां विभाग प्रमुख स्वयं डीन भी है वहांपर कुलपति एक के स्थान पर दो व्यक्तियों को नामित करेंगे।

(3) कुलपति निर्धारित कालखण्ड (पीरियड) के अध्यापन के लिए अंशकालीन और/अथवा संविदा कार्य आधारित स्थिति पर भी नियुक्ति कर सकेगा। ऐसे कार्यों की शर्तें यथा मानदेय, आवागमन भत्ता आदि कुलपति द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जावेगी।

5. संकाय हेतु पारिश्रमिक नीति

समस्त श्रेणियों के कर्मचारियों को भुगतान योग्य वेतन एवं भत्ते ऐसे वेतनमान अथवा वेतनमान के ऐसे स्तर पर देय होंगे जिसे प्रबंधन मण्डल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम को ध्यान में रखते हुए अंगीकृत करें अथवा समय-समय पर जिस पर निर्णय लेवे।

6. आचार संहिता

संकाय के सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आचार संहिता का पालन करना होगा।

7. भविष्य निधि

विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों के लाभार्थ भविष्य निधि कोगठित करेगा अथवा कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अभिदान करेगा।

परिनियम क्रमांक- 16

विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्तिविधि एवं शर्तें

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 20 व 26(1)(इ) का संदर्भ}

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005 के धारा 14 के वाक्य (1) से (5) में दर्शित अधिकारियों के अतिरिक्त शासी निकाय द्वारा स्वयं निम्न अधिकारियों की नियुक्ति की जा सकती है अथवा कुलपति को नियुक्ति हेतु अधिकृत किया जा सकता है तथा ऐसे अधिकारियों के कर्तव्य एवं कार्य विश्वविद्यालयके मानक, परिनियमों, अध्यादेशों व विनियमों के परिप्रेक्ष्य में निर्धारित करने हेतु कहा जा सकता है:-

(a) संकायों के अध्यक्ष,

(b) विभिन्न कार्यक्रमों के संचालकगण,

(c) विश्वविद्यालय अभियंता,

(d) अन्य कोई अधिकारी यथा- उप-कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, ग्रंथपाल, परीक्षा नियंत्रक, क्षेत्रीय समन्वयक, संचालक छात्र कल्याण, छात्रावास वार्डन, चिकित्सा अधिकारी इत्यादि।

1. उक्त वाक्य-1 में दर्शित अधिकारियों की नियुक्ति कुलपति द्वारा इस आशय से गठित चयन समिति की अनुशंसा पर की जावेगी। चयन समिति विश्वविद्यालय के शासी निकाय अथवा प्रबंध मण्डल अथवा शैक्षणिक परिषद के निर्णयों के अनुसार अर्हता, प्रक्रिया व वेतन संबंधी मानकों का अनुसरण करेगी, जैसा मामला हो।
2. शासी निकाय विश्वविद्यालय की आवश्यकता के अनुसार एक या एक से अधिक उप-कुलसचिवों एवं सहायक कुलसचिवों की नियुक्ति की जा सकती है जिनकी अर्हतासक्षम प्राधिकारी निर्देशों के द्वारा तय की जाएगी।
3. इस संबंध में उक्त वाक्य-1में दर्शित अधिकारियों के वेतन शासी निकाय द्वारा निर्धारित अनुसार होंगे।
4. इस संबंध में उक्त वाक्य-1 में दर्शित अधिकारियों के कर्तव्य एवं शक्तियां शासी निकाय द्वारा निर्धारित अनुसार होगी।
5. इस संबंध में उक्त वाक्य-1में दर्शित अधिकारीगण परिनियमों में कुछ भी उपबंधित न होने के पश्चात भी विश्वविद्यालय के कुलपति/प्रबंध मण्डल द्वारा सौंपे गए अन्य कर्तव्यों का भी निर्वाह करेंगे।
6. प्रायोजक निकाय की अनुशंसा पर शासी निकाय अन्य कोई भी शैक्षणिक अथवा प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति आवश्यक होने पर कर सकता है।
7. सम्बन्धित परिनियमों के अनुसार निर्धारित चयन समिति की अनुशंसा पर नियुक्तियाँ की जावेगी।

परिनियम क्रमांक- 17

गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 26(1)(सी)(इ) व (एफ) का संदर्भ}

1. गैर-शैक्षणिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता
   (a) विश्वविद्यालय गैर-शैक्षणिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु यूजीसी द्वारा (यदि कोई हो) अथवा राज्य शासन द्वारा निर्धारित अर्हता का पालन करेंगी।
   (b) विश्वविद्यालय नियुक्ति हेतु यूजीसी द्वारा निर्धारित (यदि कोई हो) अन्य न्यूनतम शर्तें अथवा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित ऐसी न्यूनतम शर्तों का भी पालन करेगा।
2. गैर-शैक्षणिककर्मचारी-अधिकारी वर्ग की नियुक्ति हेतु चयन समिति
   (a) विश्वविद्यालय के अधिकारियों तथा परीक्षा नियंत्रक (कुलसचिव तथा मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी को छोड़कर) की नियुक्ति हेतु एक चयन समिति होगी जिसमें निम्न सदस्य होंगे-
      (1) कुलपति - अध्यक्ष
      (2) कुलपति द्वारा नामित एक प्राध्यापक अथवा सह-प्राध्यापक
      (3) शासी निकाय द्वारा नामित दो बाह्य विशेषज्ञ
      (4) कुलसचिव सदस्य सचिव होंगे
      (5) छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के एक सदस्य
   (b) विश्वविद्यालय (मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ) के (अन्य प्रशासनिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी) की नियुक्ति हेतु अन्य चयन समिति निम्नानुसार होगी-
      (1) कुलसचिव अध्यक्ष होंगे
      (2) कुलपति द्वारा नामित दो विशेषज्ञ
      (3) शासी निकास द्वारा नामित दो बाह्य विशेषज्ञ
   (c) चयन समिति की बैठक
      (1) चयन समिति के अध्यक्ष, जब और जैसे आवश्यकता हो समिति की बैठक आहूत कर सकेगा।
      (2) समिति के तीन सदस्य कोरम पूर्ण करेंगे।
      (3) समिति के अध्यक्ष के पास स्वयं का वोट के साथ-साथ साधिकार वोट का भी अधिकार होगा।
      (4) नियुक्ति हेतु चयन समिति की अनुशंसा तथा शासी निकाय से अनुमोदन पश्चात् विश्वविद्यालय के कुलसचिव आदेश जारी करेंगे।
3. पारिश्रमिक नीति
   3.1 समस्त श्रेणियों के कर्मचारियों को भुगतान योग्य वेतन व भत्ते ऐसे वेतनमान अथवा वेतनमान के ऐसे स्तर पर निर्धारित व देय होंगे जैसा कि प्रबंध मण्डल अंगीकृत करे अथवा समय-समय पर जो निर्णय लेवें।
   3.2 विश्वविद्यालय के समस्त श्रेणियों के कर्मचारियों नियुक्ति के नियम व शर्तें शासी निकायद्वारा निर्धारित की जायेगी।
4. आचार संहिताः-संकाय के सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार निर्मित आचार संहिता का पालन करना होगा।
5. भविष्य निधिः-विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों के लाभार्थ भविष्य निधि का गठन करेगा अथवा कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अभिदान करेगा।

परिनियम क्रमांक-18

पंचनिर्णय/परिवेदना समिति

1. विश्वविद्यालय में छात्रों, शिक्षकों तथा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की शिकायतों व परिवेदनाओं के निराकरण हेतु एक परिवेदना निवारण/पंच निर्णय समिति होगी। समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :-

   (a) कुलपति - अध्यक्ष

   (b) प्रबंध मण्डल के सदस्यों में से प्रबंध मण्डल द्वारा नामित तीन सदस्य

   (c) कुलसचिव सदस्य सचिव (मताधिकार के बिना)

   (d) समिति उसे प्रस्तुत परिवेदनाओं एवं शिकायतों को ग्रहण कर उन पर विचार करेगी।

   (e) समिति प्राप्त परिवेदनाओं पर नियमानुसार विचार कर यथासंभव तीन माह की समय सीमा में उनका समाधान करेगी। यह समय सीमा एक माह की अवधि के लिए विस्तारित की जा सकेगी। यदि आवश्यक हो तो ऐसे समाधानों संबंधी प्रतिवेदन प्रबंध मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किये जा सकेंगे। प्रबंध मण्डल का निर्णय अंतिम माना जावेगा।

परिनियम क्रमांक- 19

मानद, उपाधियाँ एवं अलंकरण

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 26(1)(जी) का संदर्भ}

1. मानद उपाधि प्रदान करने के संबंध में अकादमिक परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। यह प्रस्ताव ऐसी समिति के समक्ष रखा जावेगा जिसमें कुलपति, कुलाधिपति द्वारा नामित और संबंधित संकाय के अधिष्ठाता होंगे। यदि समिति सर्वसम्मति से संस्तुति करती है कि जिस व्यक्ति को मानद उपाधि प्रदान किया जाना है, वहसमिति के विचार से ऐसी उपाधि के लिए उपयुक्त एवं उचित व्यक्ति है, तभी उस प्रस्ताव को प्रबन्ध-मण्डल के समक्ष रखा जायेगा।

2. यदि प्रबन्ध-मण्डल के सदस्यों में से कम से कम दो तिहाई सदस्य उस प्रस्ताव के पक्ष में हो तभी उसे कुलाधिपति के समक्ष पुष्टि हेतु रखा जा सकेगा।

परिनियम क्रमांक- 20

शुल्क माफी छात्रवृत्ति तथा अध्ययनवृत्ति

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 26(1)(एच) का संदर्भ}

1. विश्वविद्यालय के छात्रों को शुल्क में छूट, छात्रवृत्ति तथा छात्रवृत्तिको अकादमिक प्रावीण्य तथा शैक्षणेत्तर प्रावीण्य के आधार पर प्रदान किया जावेगा। इस हेतु पात्र छात्रों का चयन कुलपति की अध्यक्षता एवं संबंधित संकाय के संकायाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति करेगी, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव सदस्य सचिव होंगे।

2. शुल्क छूट, छात्रवृत्ति अथवा अध्ययनवृत्तिइस उद्देश्य से गठित समिति द्वारा प्रदत्त अनुशंसा के आधार पर शासी निकाय के अनुमोदन पश्चात ही प्रदाय किए जावेंगे।

परिनियम क्रमांक-21

प्रवेश नीति से संबंधित प्रावधान एवं आरक्षण

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 26(1)(आइ) का संदर्भ}

1. विश्वविद्यालय में वे सभी अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे जो निर्धारित अर्हता रखते हों। विश्वविद्यालय में प्रवेश छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित नीति, शासन की आरक्षण नीति तथा अन्य प्रभावशील कानूनों व विनियमों तथा संबंधित विषयों हेतु रचित अध्यादेशों के परिप्रेक्ष्य में शासी निकाय द्वारा निर्धारित की जावेगी।
2. विश्वविद्यालय प्रतियोगी प्रावीण्यता के आधार पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्मित नियमों, यदि हो, के आधार पर सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।
3. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों में सभी विषयों में राज्य शासन द्वारा राजकीय गजट में प्रकाशित विषयों एवं/अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित एवं प्रकाशित नियमों को ध्यान में रखकर प्रतियोगी प्रावीण्यता के आधार पर नियमानुसार प्रवेशार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा और यह भी कि जहाँ राज्य शासन द्वारा छात्रों के हित में प्रवेश मार्गदर्शी सिद्धांत निर्मित हों, विश्वविद्यालय उन्हें अंगीकृत कर अकादमिक सत्र प्रारंभ से पूर्व प्रास्पेक्टस, सूचना पटल अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाईट में, जैसा कि मामला हो, प्रकाशित करेगा।
4. यह भी कि विश्वविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था की दृष्टि से संबंधित अधिकारी किसी छात्र को प्रवेश उसके अभिलेखों के आधार पर देने से इंकार भी कर सकते है।
5. विश्वविद्यालय राज्य शासन की शैक्षणिक संस्थाओं विशेषकर निजी विश्वविद्यालय हेतु प्रचलित वर्तमान आरक्षण नीति तथा राज्य शासन द्वारा निजी विश्वविद्यालय से अपेक्षित अन्य आश्वासनों के प्रति वचनबद्ध रहेगा।
6. यदि विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ के निवासी छात्रों हेतु आरक्षित सीट्स अथवा कमजोर वर्गों यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग एवं महिलाओं हेतु आरक्षित सीट्स अन्य श्रेणी के छात्रों से प्रावीण्यता के आधार पर आपूरित कर ली जावेगी।

परिनियम क्रमांक-22

शुल्क विनियम

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 26(1)(आइ) का संदर्भ}

1. विश्वविद्यालय छात्रों से प्रभारित किए जाने वाले शुल्क के संबंध में प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति के दिशा-निर्देश अन्य प्रभावशील नियमों व विनियमों तथा संबंधित नियामक अभिकरण व छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के निर्देशों के प्रति वचनबद्ध रहेगा।
2. विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों हेतु शुल्क का निर्धारण प्रबंध मण्डल द्वारा किया जावेगा।
3. विश्वविद्यालय समय-समय पर कई अन्य शुल्क भी निधारित करेगा जिनमें प्रवेश शुल्क, छात्रावास शुल्क, भोजनालय शुल्क, खेलकूद, ग्रंथालय, परीक्षा, चिकित्सा शुल्क सहित अन्य सेवाओं यथा लांड्री व मुद्रण शुल्क आदि भी सम्मिलित हैं।
4. विश्वविद्यालय शुल्क विवरण छात्रों को उस सत्र की प्रवेश विवरणिका के साथ उपलब्ध करा दिया जावेगा।
5. किसी भी विषय/पाठ्यक्रम के शुल्क ढांचे में किसी भी परिवर्तन से पूर्व नियामक अभिकरण तथा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग सहित संबंधित वैधानिक प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किया जावेगा।

परिनियम क्रमांक-23

विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीट संख्या

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 26(1)(के) का संदर्भ}

1. प्रत्येक कार्यक्रम में प्रत्येक अकादमिक सत्र हेतु सीट संख्या का निर्धारण प्रबंध मण्डल द्वारा शैक्षणिक परिषद के अनुमोदन के पश्चात संसाधनों के आधार पर किया जावेगा।
2. जहाँ पाठ्यक्रम किसी नियामक अभिकरण द्वारा अनुमोदित है, वहाँ सीट की संख्या का निर्धारण तदनुसार होगा।
3. विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक पाठ्यक्रम/विषय हेतु निर्धारित की गई सीट संख्या में परिवर्तन हेतु छत्तीसगढ़निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग को सहमति प्राप्त करेगा।

परिनियम क्रमांक-24

अकादमिककर्मचारी, प्रशासनिक कर्मचारी एवं विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियोंको हटाना

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 26(1)(इ) का संदर्भ}

1. शैक्षणिक कर्मचारी, प्रशासनिक कर्मचारी तथा गैर-शैक्षणिक एवं गैर-प्रशासनिक कर्मचारी की नियुक्ति की शर्तों में कुछ भी अन्यथा न होते हुए भी, ऐसे व्यक्ति को विश्वविद्यालय सेवा से, नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा हटाया जा सकता है यदि ऐसा व्यक्ति :

   (a) अस्वस्थ मस्तिष्क का हो।

   (b) किसी न्यायालय द्वारा किसी अपराध या नैतिक अक्षमता का दोषी करार दिया जाकर उस संबंध में कारावास की सजा सुनाई गई हो।

   (c) ऐसे व्यक्ति को प्रदत्त शक्तियों व कर्तव्य निर्वाह के परिप्रेक्ष्य में गंभीर कदाचार का दोषी पाया गया हो।

   (d) विधिवत गठित जांच समिति की संस्तुति पर

2. जहाँ ऐसे शैक्षणिक पदोंपर कार्यरत, विश्वविद्यालय के अधिकारी अथवा शैक्षणिक एवं गैर प्रशासनिक कर्मचारी की पदमुक्ति उपरोक्त वाक्य-1 में स्पष्ट कारणों के बजाय अन्य कारणों से हो, वहाँ ऐसा व्यक्ति रोजगार अनुबंध की शर्तों के अनुसार पदमुक्त किया जावेगा।

3. ऐसा कोई भी कर्मचारी जिसे उपरोक्त वाक्य-1 (अ) से (द) में से किसी भी कारण से दोषी पाया गया हो, को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के अनुसार उसे अपने बचाव में अपना पक्ष रखने का पूर्ण अवसर दिया जावेगा जिसके बाद ही कोई अंतिम कार्यवाही की जा सकेगी।

परिनियम क्रमांक-25

अधिनियम का संरक्षण, कार्यवाहियाँ एवं आदेश

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना व संचालन) अधिनियम 2005धारा 26(1)(इ) का संदर्भ}

1. किसी भीप्राधिकारी, निकाय, समिति या मण्डल अथवा किसी अधिकारीद्वारा किया गया कोई भी कार्य अथवा कार्यवाही केवल इस आधार पर अवैध करार नहीं दिया जा सकेगा या उस पर केवल इस आधार पर प्रश्न उपस्थित नहीं किया जा सकेगा कि इससे गठन में किसी प्रकार की रिक्तता (कमी) या नियुक्ति दोष विद्यमान है।

2. किसी न्यायिक-वाद की स्थिति में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर का क्षेत्राधिकार होगा।

परिनियम क्रमांक- 26

विश्वविद्यालय की मुहर और चिह्न

1. विश्वविद्यालय की अपनी एक सामान्य मुहर होगी, जो विश्वविद्यालय के प्रयोजन में प्रयुक्त होगी। इस मुहर का रूपण इस परिनियम के अंत में चित्रित है। विश्वविद्यालय के शासी निकाय द्वारा इसमें परिवर्तन या संशोधन समय-समय पर आवश्यक होने पर किया जा सकेगा तथा इसे निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग तथा अन्य संबंधित प्राधिकारियों को सूचित किया जावेगा।

2. विश्वविद्यालय ऐसे ध्वज, समूह गान, चिन्ह, वाहन ध्वज और अन्य सांकेतिक रूपित अभिव्यक्तियां, संक्षिप्त शब्द और समान प्रकार की वस्तुओं आदि को बनाने और प्रयोग करने के संबंध में निर्णय ले सकता है, जो उन प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त हो सकेंगे जो समय-समय पर निश्चित किए जाएंगे। ये चिन्ह एवं अन्य विशिष्ट प्रदर्श, देश के किसी नियम का उल्लंघन नहीं करेंगे।

परिनियम क्रमांक- 27

शासी निकाय, प्रबन्धमण्डल एवं शैक्षणिक परिषद की स्थायी समिति

1. शासी निकाय, प्रबन्ध मण्डल एवं शैक्षणिक परिषद द्वारा अपनी-अपनी स्थायी समिति का गठन कर सकेंगे।
2. शासी निकाय की स्थायी समिति का अध्यक्ष विश्वविद्यालय का कुलाधिपति होगा। कुलाधिपति की अनुपस्थिति में शासी निकाय की स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता कुलपति करेंगे।
3. प्रबन्ध समिति एवं शैक्षणिक परिषद की स्थायी समिति की अध्यक्षता कुलपति करेंगे।
4. कुलसचिव, वाक्य-1 में वर्णित सभी स्थायी समितियों के सदस्य-सचिव के रूप में कार्य करेंगे।
5. स्थायी समिति की बैठक जैसे और जब आवश्यक हो, अध्यक्ष के निर्देशनों के आधीन आमंत्रित की जावेगी। स्थायी समिति के सदस्यों की आधी संख्या से गणपूर्तिहोगी। स्थगित बैठक के लिए गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।
6. स्थायी समिति की बैठक के लिए सूचना के साथ एजेंडा की जानकारी, बैठक के कम से कम तीन दिन पूर्व सदस्यों को दे दी जावेगी तदापि स्थायी समिति की आपात बैठक जैसे और जब आवश्यक हो, कुलपति द्वारा चार घंटे की सूचना में आमंत्रित की जावेगी।
7. स्थायी समिति के निर्णयों को संबंधित शासी निकाय/प्रबन्ध मण्डल/शैक्षणिक परिषद की बैठकों जैसी स्थिति हो,में प्रस्तुत/सूचित किया जावेगा।

परिनियम क्रमांक- 28

विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह

1. विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह; उपाधि, पत्रोपाधि एवं अन्य अलंकरण प्रदान करने के लिए सामान्यतः प्रतिवर्ष आयोजित होगा, जिसे वार्षिक दीक्षान्त समारोह कहा जावेगा। विशेष दीक्षान्त समारोह आवश्यकता एवं सुविधानुसार किसी समय भी आयोजित किया जा सकता है। दीक्षान्त समारोह की तिथि कुलाधिपति के परामर्श और कुलाध्यक्ष के अनुमोदन पर कुलपति द्वारा निर्धारित किया जा सकेगा।

2. कुलाध्यक्ष, जब उपस्थित होंगे, विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

   परंतु कुलाध्यक्ष की अनुपस्थिति में कुलाधिपति विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

   परंतु यह भी की कुलाध्यक्ष और कुलाधिपति की अनुपस्थिति में कुलपति विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

3. दीक्षान्त समारोह से संबंधित सभी विवरण यथा शैक्षणिक वेशभूषा (एकेडमिक रोब), मंच में आसन व्यवस्था, हाल/पेंडाल की आसन व्यवस्था, दीक्षान्त समारोह की शोभायात्रा आदि का निर्णय कुलपति,प्रबन्धमण्डल के परामर्श से करेंगे।

परिनियम क्रमांक- 29
चेयर प्रोफेसर एवं प्रोफेसर एमीरेटस

1. चेयर प्रोफेसर-

(1) विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफेसर का सृजन शासी निकाय द्वारा प्रायोजक निकाय के अनुमोदन से किया जा सकेगा।

(2) (i) यदि कोई दानदाता-व्यक्ति अथवा संस्था, श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई में चेयर प्रोफेसर स्थापित करना चाहता है तो ऐसा प्रस्ताविश्वविद्यालय को प्रस्तुत करेगा। प्रस्ताव का परीक्षण के पश्चात विश्वविद्यालय, उपयुक्त निर्णय ले सकेगा।विश्वविद्यालय ऐसे चेयरप्रोफेसर का नामकरण दानदाता के साथ परामर्श पर कर सकेगा।

(ii) प्रोफेसर चेयर की स्थापना के लिए दानदाता ऐसी निधि उपलब्ध कराएंगे जैसा कि विश्वविद्यालय और दानदाता परस्पर निश्चित करेंगे।

(3) विश्वविद्यालय किसी ख्याति प्राप्त व्यक्ति को उपवाक्य (4) के अनुसार गठित समिति की अनुशंसा पर चेयर प्रोफेसर नियुक्त कर सकेगी।

(4) चेयर प्रोफेसर के लिए गठित चयन तथा खोजबीन समिति का अध्यक्ष कुलपति होगा। इस समिति में शासी निकाय और कुलाधिपति प्रत्येक के द्वारा एक नामांकित सदस्य होंगे।

(5) चेयर प्रोफेसर की नियुक्ति निर्धारित कालावधि, जैसा शासी निकाय निर्धारित करे, के लिए होगी।

(6) चेयरप्रोफेसर के लिए नियुक्त व्यक्ति की आयु सीमा नहीं होगी।

(7) चेयर प्रोफेसर को प्रदान किए जाने वाले मानदेय, भत्ते तथा अन्य सुविधाएं शासी निकाय निर्धारित करेगी।

2. प्रोफेसर एमीरेटस-

(1) किसी सेवानिवृत्त प्रोफेसर को प्रोफेसर एमीरेटस नियुक्त किया जा सकेगा।

(2) प्रोफेसर एमीरेटस की सेवा की शर्तें शासी निकाय द्वारा यू.जी.सी. के मापदण्डों के अनुरूप निर्धारित की जा सकेगी।

(3) प्रोफेसर एमीरेटस पर नियुक्त व्यक्ति के लिए आयु सीमा नहीं होगी।

परिनियम क्रमांक- 30

कर्मचारियों का वर्ग

1. विश्वविद्यालय के कर्मचारी निम्नानुसार वर्गीकृत किए जावेंगे-

   (1) नियमित कर्मचारी,

   (2) संविदा कर्मचारी

2. (1) नियमित कर्मचारी का तात्पर्य ऐसे कर्मचारी से है जिसकी नियुक्ति, सेट-अप के अनुसार स्वीकृत स्पष्टतः रिक्त पद पर परिनियम में प्रावधानित प्रक्रिया के आधार पर की गई हो।

   (2) नियमित कर्मचारी की नियुक्ति परिनियमों में निर्धारित प्रावधान के अनुसार चयन समिति की संस्तुति पर की जावेगी।

   (3) नियमित कर्मचारी की नियुक्ति दो वर्षों की परिवीक्षा में की जावेगी, तदापी पर कर्मचारी के कार्य-निष्पादन के आधार पर कुलपति द्वारा परिवीक्षा की अवधि बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती है।

3. संविदा कर्मचारी का तात्पर्य ऐसे कर्मचारी से है जिसकी नियुक्ति विशिष्ट अवधि के लिए निश्चित परिलब्धियों पर की गई हो।

4. विश्वविद्यालय द्वारा किसी व्यक्ति को मस्टररोल अथवा दैनिक वेतन पर भी कार्य में लगाया जा सकेगा, ऐसे व्यक्ति को विश्वविद्यालय का कर्मचारी नहीं माना जावेगा।

5. कर्मचारियों की सेवा-शर्तें संबंधित परिनियमों द्वारा शासित होगी तदापि इस संबंध में किसी प्रावधान के नहीं होने पर, कुलपति द्वारा निर्णय लिया जावेगा।

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना और संचालन) अधिनियम 2005 के संशोधन अधिनियम 2020, (क्र. 12, 2020) द्वारा स्थापित}

प्रथम अध्यादेश

छत्तीसगढ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना और संचालन) अधिनियम 2005 की धारा 28(2) द्वारा प्रदत्त शक्ति के प्रयोग में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई के कुलपति ने निम्नलिखित प्रथम अध्यादेश बनाया है:-

1. लघु शीर्षक और प्रारंभ-

(1) इन अध्यादेशों को श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाईका प्रथम अध्यादेश कहा जाएगा।

(2) आधिकारिक राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से ये लागू होंगे।

2. परिभाषा-इस अध्यादेश में, जब तक संदर्भ द्वारा अपेक्षित न हो-

(ए) ''विश्वविद्यालय'' से तात्पर्य श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई (छत्तीसगढ़) से है।

(बी) ''ए.आई.यू.'' का तात्पर्य भारतीय विश्वविद्यालय संघ से है।

(सी) ''अर्हकारी परीक्षा'' से तात्पर्य उस परीक्षा से है, जिसे उत्तीर्ण करने पर छात्र विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय की जाने वाली स्नातक, स्नातकोत्तर, एम.फिल. व डॉक्टरेट उपाधियों अथवा डिप्लोमा या प्रमाण पत्रों की ओर अग्रसरित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु योग्य माना जाता है।

(डी) ''एटीकेटी'' अभ्यर्थी से तात्पर्य ऐसा अभ्यर्थी जो सेमेस्टर परीक्षा में कुल प्रश्न-पत्रों की संख्या के 35 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त कर असफल रहा जहाँ 35 प्रतिशत के निर्धारण हेतु प्रश्न पत्र सदैव उपसदित (rounded off) की जावेगी एवं ऐसा अभ्यर्थी पुनः उसी सेमेस्टर की परीक्षा में आगामी सेमेस्टर परीक्षा के साथ प्रविष्ट हो रहा है।

(इ) समकक्ष परीक्षा से अभिप्रेत है:-

(1) कोई मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा मण्डल

(2) किसी वैधानिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त कोई भारतीय या विदेशी विश्वविद्यालय, संगठन अथवा संस्थान

(3) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा निगमित तथा विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त कोई भारतीय विश्वविद्यालय जो इसके तत्समान परीक्षा के समतुल्य हो, के द्वारा आयोजित समकक्ष परीक्षा।

(एफ) ''अंतराल कालावधि'' से अभिप्रेत है, अभ्यर्थी द्वारा विगत मान्यता प्राप्त शैक्षिक संस्थान में अंतिम परिणाम घोषित होने की तिथि तथा इस विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने की तिथि के मध्य के अंतराल से है।

नोट- उपयोग में किए गये उन 'शब्दों या अभिव्यक्तियों' जो इन अध्यादेशों में परिभाषित नहीं किए और छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियम में परिभाषित हैं, जैसा कि संदर्भ अपेक्षित करे, वही अर्थ होंगे, जैसा कि अधिनियम में दिए गये हैं।

3. अनुसूची- निम्नलिखित विषयों पर प्रथम अध्यादेश यहां वर्णित अनुसूची में उल्लेखित है।

अध्यादेश क्र.	विषय
अध्यादेश-1	विद्यार्थियों का प्रवेश एवं नामांकन {धारा 28 (1) (ए)}
अध्यादेश-2	विश्वविद्यालय परीक्षायें {धारा 28 (1) (ई)}
अध्यादेश-3	विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिये प्रभारित किये जाने वाले परीक्षा शुल्क {धारा 28 (1) (एफ)}
अध्यादेश-4	डिग्री, डिप्लोमा प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षणिक अलंकरणों का प्रदान किया जाना {धारा 28 (1) (सी)}
अध्यादेश-5	फेलोशिप एवं स्कॉलरशिप, स्टायपण्ड, मेडल और पुरस्कारों को प्रदान करने हेतु शर्तें {धारा 28 (1) (डी)}
अध्यादेश-6	विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आवास आबंटन हेतु प्रावधान {(धारा 28 (1) (जी)}
अध्यादेश-7	विद्यार्थियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक संबंधी प्रावधान {धारा 28 (1) (एच)}
अध्यादेश-8	अन्य विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा के अन्य संस्थानों व निकायों के साथ एम.ओ.यू. के अंतर्गत समन्वय एवं सहयोग {(धारा 28 (1) (जे)}

अध्यादेश-9	कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (बी.सी.ए.)
अध्यादेश-10	कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर (एम.सी.ए.)
अध्यादेश-11	कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.सी.ए.)
अध्यादेश-12	डाटा साइंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.डी.एससी.)
अध्यादेश-13	कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा (डी.सी.ए.)
अध्यादेश-14	प्रौद्योगिकी में स्नातक (बी.टेक.)
अध्यादेश-15	प्रौद्योगिकी में स्नातक (ऑनर्स) (बी.टेक.ऑनर्स)
अध्यादेश-16	प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर (एम.टेक.)
अध्यादेश-17	विज्ञान में स्नातक-ऑनर्स (बी.एससी.-आनर्स)
अध्यादेश-18	विज्ञान में स्नातक (बी.एससी.)
अध्यादेश-19	विज्ञान में स्नातकोत्तर (एम.एससी.)
अध्यादेश-20	विज्ञान में स्नातक (फैशन डिजायन) (बी.एससी.-एफ.डी.)
अध्यादेश-21	विज्ञान में स्नातकोत्तर (फैशन डिजायन) (एम.एससी.-एफ.डी.)
अध्यादेश-22	फैशन डिजायन में डिप्लोमा (डी.एफ.डी.)
अध्यादेश-23	व्यवसाय प्रशासन में स्नातक (बी.बी.ए.)
अध्यादेश-24	व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम.बी.ए.)
अध्यादेश-25	व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम.बी.ए.) अंशकालीन
अध्यादेश-26	वाणिज्य में स्नातक (बी.कॉम.)
अध्यादेश-27	वाणिज्य में स्नातक (ऑनर्स) (बी.कॉम.-ऑनर्स)
अध्यादेश-28	वाणिज्य में स्नातकोत्तर (एम.कॉम.)
अध्यादेश-29	व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.बी.एम.)
अध्यादेश-30	फार्मेसी में स्नातक (बी.फार्म.)
अध्यादेश-31	फार्मेसी में स्नातकोत्तर (एम.फार्म.)
अध्यादेश-32	फार्मेसी में डिप्लोमा (डी.फार्म.)
अध्यादेश-33	शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बी.पी.एड.)
अध्यादेश-34	शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर (एम.पी.एड.)
अध्यादेश-35	शारीरिक शिक्षा एवं खेल में स्नातक (बी.पी.इ.एस.)
अध्यादेश-36	शारीरिक शिक्षा एवं खेल में स्नातकोत्तर (एम.पी.इ.एस.)
अध्यादेश-37	विज्ञान में स्नातकोत्तर- स्पोर्ट्स कोचिंग (एम.एससी.-एस.सी.)
अध्यादेश-38	स्पोर्ट्स कोचिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.एस.सी.)
अध्यादेश-39	स्पोर्ट्स कोचिंग में सर्टिफिकेट (सी.एस.सी.)
अध्यादेश-40	शिक्षा में स्नातक (बी.एड.)
अध्यादेश-41	शिक्षा में स्नातकोत्तर (एम.एड.)
अध्यादेश-42	प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी.इएल.एड.)
अध्यादेश-43	नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण में डिप्लोमा (डी.एन.टी.टी.)
अध्यादेश-44	मार्गदर्शन एवं परामर्श में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.जी.सी.)
अध्यादेश-45	विज्ञान में स्नातक एवं शिक्षा में स्नातक (बी.एससी.बी.एड.)
अध्यादेश-46	कला में स्नातक एवं शिक्षा में स्नातक (बी.ए.बी.एड.)
अध्यादेश-47	कला में स्नातकोत्तर-शिक्षा (एम.ए.-शिक्षा)
अध्यादेश-48	कला में स्नातक - योग (बी.ए.-योग)
अध्यादेश-49	कला में स्नातकोत्तर- योग (एम.ए.-योग)
अध्यादेश-50	योग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.वाय.)
अध्यादेश-51	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (बी.लिब.आई.एससी.)

अध्यादेश-52	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर (एम.लिब.आई.एससी.)
अध्यादेश-53	विज्ञान में स्नातक- हॉटेल प्रबंधन एवं केटरिंग विज्ञान (बी.एससी.-एच.एम.सी.एस.)
अध्यादेश-54	हॉटेल प्रबंधन एवं केटरिंग तकनीक में स्नातक (बी.एच.एम.सी.टी.)
अध्यादेश-55	हॉटेल प्रबंधन एवं केटरिंग तकनीक में स्नातकोत्तर (एम.एच.एम.सी.टी.)
अध्यादेश-56	सत्कार एवं हॉटेल प्रबंधन में डिप्लोमा (डी.एच.एच.एम.)
अध्यादेश-57	सत्कार एवं हॉटेल प्रबंधन में सर्टिफिकेट (सी.एच.एच.एम.)
अध्यादेश-58	कला में स्नातक (बी.ए.)
अध्यादेश-59	कला में स्नातक (ऑनर्स) (बी.ए. ऑनर्स)
अध्यादेश-60	कला में स्नातकोत्तर (एम.ए.)
अध्यादेश-61	सामाजिक कार्य में स्नातक (बी.एस.डब्ल्यू.)
अध्यादेश-62	सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर (एम.एस.डब्ल्यू.)
अध्यादेश-63	विज्ञान में स्नातक (इण्टेरियर डिज़ाइन) (बी.एससी.-आई.डी.)
अध्यादेश-64	विज्ञान में स्नातकोत्तर (इण्टेरियर डिज़ाइन) (एम.एससी.-आई.डी.)
अध्यादेश-65	पत्रकारिता में स्नातक (बी.जे.)
अध्यादेश-66	पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (एम.जे.)
अध्यादेश-67	कला में स्नातक पत्रकारिता एवं जनसंचार (बी.ए.जे.एम.सी.)
अध्यादेश-68	कला में स्नातकोत्तर पत्रकारिता एवं जनसंचार (एम.ए.जे.एम.सी.)
अध्यादेश-69	विधि में स्नातक (एल एल बी)
अध्यादेश-70	कला में स्नातक एवं विधि में स्नातक (बी.ए. एल एल बी)
अध्यादेश-71	वाणिज्य में स्नातक एवं विधि में स्नातक (बी.कॉम. एल एल बी)
अध्यादेश-72	विधि में स्नातकोत्तर (एल एल एम)
अध्यादेश-73	व्यवसाय प्रशासन में स्नातक (बी.बी.ए.) (पर्यटन और यात्रा प्रबंधन) (बी.बी.ए.-टी.टी.एम.)
अध्यादेश-74	व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम.बी.ए.) (पर्यटन और यात्रा प्रबंधन) (एम.बी.ए.-टी.टी.एम.)
अध्यादेश-75	चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में स्नातक (बी.एम.एल.टी.)
अध्यादेश-76	विज्ञान में स्नातक-(नर्सिंग) (बी.एससी.-नर्सिंग)
अध्यादेश-77	विज्ञान में स्नातकोत्तर-(नर्सिंग) (एम.एससी.-नर्सिंग)
अध्यादेश-78	विज्ञान में स्नातकोत्तर-(मेडिकल साईंस) (एम.एससी.मेड.एससी.)
अध्यादेश-79	अस्पताल प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम.एच.ए.)
अध्यादेश-80	शिक्षा में स्नातक बी.एड. स्पे.एड.
अध्यादेश-81	डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी.)

अध्यादेश- 1

विद्यार्थियों का प्रवेश एवं नामांकन

{संदर्भ धारा 28 (1) (ए)}

विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रवेश एवं नामांकन इस अध्यादेश में इसके पश्चात उपबंधित रीति से विनियमित होंगे।

1. **प्रवेश हेतु पात्रताः-**

1.1 प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता का उल्लेख संबंधित पाठ्यक्रम विवरण में किया जावेगा। जब तक अन्यथा उपबंधित न हो, कोई भी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु तब तक पात्र नहीं होगा जब तक उसके द्वारा किसी मान्यता प्राप्त माध्यमिक परीक्षा मण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) की परीक्षा उत्तीर्ण न कर ली गई हो अथवा ऐसी परीक्षा उत्तीर्ण की गई हो, जिसे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद द्वारा समय-समय पर समकक्ष परीक्षा के रूप में मान्य किया गया हो।

1.2 विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आयु प्रतिबंधित नहीं है परन्तु यह कि किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए नियामक अधिकरण के दिशा-निर्देश का पालन किया जावेगा।

1.3 यह भी प्रावधानित है कि विश्वविद्यालय के कुलपति शासकीय निर्देशावली के अनुसार अभ्यर्थी की व्यक्तिगत प्रावीण्यता/उपलब्धियों के आधार पर आयु सीमा को शिथिल भी कर सकेंगे।

1.4 किसी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम से व्यक्ति को तब तक प्रवेश नहीं दिया जावेगा जब तक वह किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयकी स्नातक परीक्षा अथवा स्नातक परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण न हो तथा वह प्रवेश हेतु निर्धारित ऐसी अन्य अर्हता भी धारित करता हो, जो वांछित है।

1.5 प्रत्येक पाठ्यक्रम में सीट्स की अधिकतम संख्या का निर्धारण अकादमिक परिषद, संबंधित नियामक संस्था द्वारा समय-समय तय मापदंडो एवं राज्य शासन की मार्गदर्शिका, यदि हो।

2. **प्रवेश हेतु प्रावधानः-**

2.1 कोई भी अभ्यर्थी प्रवेश को अधिकार के रूप में दावे के पात्र नहीं होंगे।

2.2 प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर अनुमोदित की जावेगी।

2.3 अन्यथा उपबंधित को छोड़कर, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश, प्रावीण्यता के आधार पर और/या प्रवेश समिति द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर दिया जा सकेगा।

2.4 प्रवेश के समय प्रदेश शासन की आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा।

2.5 प्रवेश, शैक्षणिक वर्ष में केवल एक बार प्रस्तावित किया जावेगा या शैक्षणिक परिषद द्वारा निर्धारित एवं छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अनुमोदन उपरांत किया जायेगा।

2.6 प्रवेश आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न होंगे-

(i) स्कूल अथवा महाविद्यालय छोड़ने विषयक मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र जो संबंधित संस्था जहाँ छात्र अध्ययनरत था, के प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरित हो। परन्तु जिस अभ्यर्थी ने स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में परीक्षा उत्तीर्ण की है, वह दो जिम्मेदार व्यक्तियों से ऐसा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा, जिससे यह प्रमाणित हो कि उसका चरित्र अच्छा है।

(ii) अंक विवरण की प्रमाणित सत्य प्रति जो दर्शाता हो कि आवेदक ने अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया है।

(iii) यदि आवेदक उक्त परीक्षा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल से भिन्न मण्डल या इस विश्वविद्यालयसे भिन्न अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण किया हो तो उसे पात्रता हेतु स्थानांतरण प्रमाण पत्र के साथ ऐसे मण्डल या विश्वविद्यालयके सचिव/रजिस्ट्रार द्वारा हस्ताक्षरित आव्रजन प्रमाण पत्र तथा विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर निर्धारित आव्रजन शुल्क की राशि जमा करनी होगी। छात्र द्वारा प्रस्तुत कोई भी अभिलेख कूटरचित, छेड़छाड़ युक्त या असत्य पाए जाने पर विद्यार्थी का प्रवेश स्वयमेव निरस्त माना जावेगा तथा उसके विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा सकेगी।

2.7 प्रवेश हेतु आवेदन सीधे/काऊंसिलिंग द्वारा/मार्गदर्शन/सूचना केन्द्र/डाक द्वारा/विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाईन वेबसाइट द्वारा भेजे जा सकेंगे। भारत अथवा विदेश के छात्र जो विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक हैं, वे विश्वविद्यालय से ऑनलाईन सम्पर्क कर सकते हैं।

2.8 प्रवेश समिति आवेदनों की जांच कर चयनित आवेदकों को अंतिम प्रवेश देगी।

2.9 प्रवेश के समय प्रत्येक विद्यार्थी तथा उसके माता-पिता या विधिक पालक इस आशय के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय के कुलपति व अन्य प्राधिकारियों के अनुशासनात्मक एनं धन संबंधी अधिकारिता के अधीन स्वयं को रखेगा।

2.10 कोई आवेदक जिसने अन्य मान्य विश्वविद्यालय से मान्य निकाय से कोई डिग्री या डिप्लोमा के भाग को उत्तीर्ण किया है, को विश्वविद्यालय शैक्षणिक परिषद, संबंधित उत्तीर्ण परीक्षा की समतुल्यता निर्धारित करने के पश्चात आगामी उच्च कक्षा में प्रवेश दे सकेंगे।

2.11 ऐसा प्रवेशोच्छुक छात्र एक वर्ष या एक वर्ष से अधिक के गेप अंतराल के बाद प्रवेश चाहता हो उसे अपने आवेदन के साथ नोटरी द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र देना होगा जिसमें गैप अंतराल के कारणों को दर्शाते हुए यह भी प्रमाणित करना होगा कि उसने संबंधित अवधि में किसी भी महाविद्यालय/संस्थान/या विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया था तथा न तो उसे निष्कासित किया गया और न ही किसी अपराधिक मामले में उसे कारावास हुआ।

2.12 छात्रों के प्रवेश प्रत्येक सेमेस्टर प्रारंभ होने के एक माह के भीतर पूर्ण कर लिए जावेंगे अथवा ऐसी तिथि तक जिसे शैक्षणिक परिषद ने निर्धारित किया हो।

2.13 यह भी प्रावधानित है कि जब निर्धारित अंतिम तिथि अथवा शैक्षणिक परिषद द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि पर कोई अवकाश हो तो ऐसी स्थिति में अगले कार्य दिवस को अंतिम तिथि माना जावेगा।

2.14 कुलपति को किसी पाठ्यक्रम में विद्यार्थी को ऊपर दिए गए प्रवेश की अंतिम तिथि के बाद अपवाद स्थिति में छात्र कि वास्तविक कठिनाई की दशा में प्रवेश देने का अधिकार होगा। ऐसा विद्यार्थी की उपस्थिति, पाठ्यक्रम प्रारंभ होने की तिथि से गणना की जावेगी।

2.15 छात्रों का विश्वविद्यालय में पंजीयन मूल प्रयास के पश्चात दो अतिरिक्त प्रयासों (Attempts) तक वैध रहेगा। इस समय सीमा के पश्चात अनुत्तीर्ण छात्रों को समय-समय पर परिवर्तित पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन करना होगा।

3. कतिपय आधारों पर प्रवेश हेतु निषेधः-

3.1 कोई भी छात्र एक साथ दो नियमित पूर्णकालिक उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं ले सकेगा।

3.2 जब तक अन्यथा उपबंधित न हो कोई भी छात्र प्रमाण पत्र अथवा अंशकालिक पाठ्यक्रम अथवा दूरस्थ शिक्षा कर सकेगा, बशर्ते वह इस उद्देश्य हेतु निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवश्यक अर्हता रखता हो।

3.3 कोई भी विद्यार्थी विश्वविद्यालय के किसी व्यावसायिक पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने के पश्चात उसी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं ले सकेगा तथापि वह उसी संकाय के उच्च पाठ्यक्रम में या अतिरिक्त उपाधि/डिप्लोमा उसी स्तर के भिन्न क्षेत्र में प्राप्त करने हेतु प्रवेश ले सकेगा, बशर्ते वह अर्हता संबंधी अपेक्षाओं को पूर्ण करता हो।

3.4 ऐसा कोई भी छात्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा निलंबित, निष्कासित, वंचित या प्रतिबंधित किया गया हो विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश से प्रतिबंधित होगा।

3.5 विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में प्राप्त प्रवेश किसी भी समय निरस्त किया जा सकेगा यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी सूचना झूठी/गलत हो या उसके अनुचित आचरण के आधार पर भी ऐसा किया जा सकेगा।

3.6 यदि व्यक्ति किसी अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा निष्कासन की सजा के अधीन हो या परीक्षा में बैठने के अयोग्य ठहराया गया हो, तो उसे निष्कासन या अयोग्यता की अवधि में इस विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

3.7 अन्य विश्वविद्यालय से आव्रजित किसी भी विद्यार्थी को इस विश्वविद्यालय की किसी भी कक्षा में तब तक प्रवेश नहीं दिया जावेगा जब तक कि वह विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हेतु अर्हकारी परीक्षा के यथा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण मान्य न कर लिया जावे।

3.8 कोई भी छात्र जिसने अन्य विश्वविद्यालयसे स्नातक या स्नातकोत्तर परीक्षा के एक भाग को उत्तीर्ण किया हो उसे कुलपति या सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बिना विश्वविद्यालय में आगामी उच्च कक्षा की परीक्षा हेतु प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

3.9 अभिभावकों के स्थानांतरण के कारण अन्य विश्वविद्यालयों से इस विश्वविद्यालय आ रहे विद्यार्थियों को प्रवेश की अंतिम तिथि के बाद भी प्रवेश दिया जा सकेगा।

3.10 सत्र प्रारंभ के उपरांत जो विद्यार्थी संस्था में प्रवेश लेते हैं, उन्हें पूरे शैक्षणिक सत्र की अध्ययन एवं अन्य शुल्क जमा करना आवश्यक होगा।

4. विद्यार्थियों का नामांकन/पंजीयनः-

4.1 विभाग/स्कूल प्रमुख प्रवेश की अंतिम तिथि से 45 दिवस के भीतर विहित प्रारूप में प्रवेशित विद्यार्थियों का विवरण समस्त मूल अभिलेखों व नामांकन शुल्क के साथ जैसा कि शैक्षणिक परिषद समय-समय पर विनिर्दिष्ट करें, कुलसचिव को प्रस्तुत करेगा।

4.2 प्रवेश हेतु प्रस्तुत स्थानांतरण व आव्रजन प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय की संपत्ति होगी।

4.3 नामांकित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय छोड़ते समय विश्वविद्यालय की मुद्रा के अधीन नया स्थानांतरण प्रमाण पत्र तथा आव्रजन प्रमाण पत्र जारी होगा।

4.4 किसी भी विद्यार्थी को विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में तब तक प्रवेश नहीं दिया जावेगा जब तक वह विश्वविद्यालय के रूप में सही तरीके से नामांकित न हुआ हो।

4.5 कुलसचिव द्वारा समस्त नामांकित छात्रों का एक नामांकन रजिस्टर संधारित किया जावेगा जो विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों व संस्थानों में अध्ययन/शोध कार्य कर रहे हैं।

4.6 उक्त रजिस्टर में छात्रों से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारियां यथा प्रवेश प्राप्ति तिथि, विश्वविद्यालय छोड़ने की तिथि सहित विभिन्न परीक्षाओं जिनमें उपाधि/डिप्लोमा/प्रदत्त प्रमाण-पत्र आदि जानकारियां होंगी।

4.7 छात्र को उसके नामांकन क्रमांक की जानकारी दी जावेगी, छात्र को विश्वविद्यालय से किसी भी संवाद हेतु उस क्रमांक का उल्लेख करना होगा जिसके सम्मुख रजिस्टर में उसका नाम दर्ज है, उसे विश्वविद्यालय परीक्षाओं में प्रवेश हेतु भी उक्त नामांकन क्रमांक पश्चातवर्ती आवेदनों में दर्शाना होगा।

4.8 परीक्षाओं हेतु प्राप्त सभी आवेदनों की स्क्रूटनी नामांकन पंजी के परिप्रेक्ष्य में की जावेगी। परीक्षा विभाग आवेदकों के ऐसे आवेदनों को अस्वीकार करेगा जिनमें अपूर्ण जानकारी है तथा पूर्ण विवरण तथा वांछित अभिलेख समय-सीमा से वांछित है।

4.9 कोई भी नामांकित छात्र, नामांकन पंजी में स्वयं से संबंधित दर्ज विवरण की प्रमाणित प्रति निर्धारित शुल्क भुगतान कर प्राप्त कर सकता है।

4.10 किसी छात्र को विश्वविद्यालय के किसी संस्थान में तब ही सदस्य रूप में नामांकित किया जा सकेगा जब उसे प्रवेश समिति/विभाग प्रमुख द्वारा प्रवेश दे दिया गया हो तथा उसके द्वारा निर्धारित शुल्क चुका दिया गया हो।

5. नाम परिवर्तनः-

5.1 विद्यार्थी जो नामांकन पंजी में अपना नाम परिवर्तित करने हेतु आवेदन कर रहा हो, संबंधित संकाय के संस्था प्रमुख या विभाग प्रमुख के माध्यम से कुलसचिव को आवेदन के साथ प्रस्तुत करेगाः-

(i) विहित शुल्क

(ii) उसके वर्तमान एवं प्रस्तावित नाम से संबंधित शपथ-पत्र, अवयस्क की स्थिति में मजिस्ट्रेट या नोटरी के समक्ष उसके माता-पिता या पालक द्वारा, एवं वयस्क की स्थिति में वह स्वयं शपथ ले सकता है।

(iii) समाचार पत्र में प्रकाशन कि प्रति जिसमें नाम के प्रस्तावित परिवर्तन की सूचना हो परंतु विवाह उपरांत महिला यदि नाम परिवर्तन करे तो उस पर प्रकाशन संबंधी प्रावधान लागू नहीं होंगे।

कुलसचिव ऐसे आवेदनों पर विचार कर निर्णय लेंगे तथा कुलपति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

6. विषय परिवर्तनः-

6.1 सामान्यतया एक छात्र के वैकल्पिक/सहायक/विशेषज्ञता वाले विषय जो प्रवेश के समय उसके द्वारा चयन किए गए विषय है, में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी, जब तक कि उसने ऐसी अनुमति हेतु आवेदन प्रवेश तिथि से चार सप्ताह के भीतर प्रस्तुत न किया हो। ऐसे आवेदन संकायाध्यक्ष के माध्यम से विभाग प्रमुख की अनुशंसा सहित कुलसचिव के समक्ष प्रस्तुत किए जाने चाहिए। परन्तु वास्तविक कठिनाई की दशा में जो अभिलेखों से समर्थित हो, कुलपति को शक्ति होगी कि वह विषय परिवर्तन की अनुमति ऊपर दी गई अवधि के पश्चात् भी प्रदान कर सकेगा।

7. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग(नॉन क्रिमीलेयर) दिव्यांगो व महिला वर्ग के छात्रों के प्रवेश पर विचारः-अ.जा., अ.ज.जा., अन्य पिछड़ा वर्ग(नॉन क्रिमीलेयर), दिव्यांगो व महिला वर्ग के आवेदक छात्रों का प्रतिवर्ष प्रवेश आरक्षित वर्ग में करने हेतु समय-समय पर शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रवेश संबंधी नियमों के तहत तथा विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार दिया जावेगा।

टीपः- विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश संबंधी नियमों में किसी अस्पष्टता की दशा में कुलपति का निर्णय अंतिम होगा।

8. प्रवेश समितिः-

8.1 विश्वविद्यालय में प्रवेश के विनियमन हेतु प्रत्येक संकाय/विभाग में एम.फिल, पीएच.डी., स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट हेतु एक प्रवेश समिति गठित की जावेगी, जिसका प्रमुख प्रवेश समन्वयक होगा।

8.2 समिति निम्नलिखित कार्य करेगीः-

(i) विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित शर्तों के अनुसार अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रवेश आवेदनों का परीक्षण।

(ii) प्रवेश परीक्षाओं और/या साक्षात्कार का और या अन्यथा उपबंधित अनुसार प्रक्रिया करेगी।

(iii) प्रवेश परीक्षा पश्चात प्रत्येक वर्ग के प्रवेश हेतु उपलब्ध सीट संख्या की तीन गुनी संख्या में आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करेगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जावेगा, जिन्होंने प्रवेश परीक्षा में यथा विनिश्चय न्यूनतम अंक प्राप्त किए हों।

(iv) प्रवेश परीक्षा और/या साक्षात्कार में आवेदकों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार करेगी।

(v) संबंधित संकायाध्यक्ष के समस्त अस्थायी प्रवेश योग्य सूची तैयार कर प्रवेश समिति के अध्यक्ष को प्रस्तुत करेंगे।

(vi) विश्वविद्यालय द्वारा समय पर प्रवेश हेतु निर्मित सिद्धांतों के अनुसार प्रवेश नियमन हेतु समिति कर्तव्यनिष्ठ रहेगी।

(vii) प्रवेश/प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता व स्तर उन्नत करने हेतु सुझाव देगी।

8.3 प्रवेश समिति का गठन कुलपति द्वारा किया जावेगा।

8.4 प्रवेश समन्वयक, कुलपति की अनुमति से विभिन्न विभाग/संस्थानों से विशेषज्ञता के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व के रूप में प्रवेश समिति में अधिकतम तीन सदस्य सहयोजित कर सकेंगे।

8.5 समिति के न्यूनतम तीन चौथाई सदस्य गणपूर्ति करेंगे।

9. अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का प्रवेशः-

9.1 **परिचयः-**विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठयक्रमों में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश हेतु अर्हता संबंधी प्रक्रिया के निर्धारण हेतु इन प्रावधानों को बनाया गया है।

9.2 **कार्यालयः-** अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश एवं मार्गदर्शन हेतु विश्वविद्यालय में एक अंतर्राष्ट्रीय छात्र प्रकोष्ठ होगा। यह प्रकोष्ठ ऐसे छात्रों के प्रवेश पर न केवल नियंत्रण रखेगा वरन् उन्हें प्रवेश सुरक्षित करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सलाह भी देगा। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से संबंधित समस्त पत्र-व्यवहार विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय छात्र सलाहकार को संबोधित होने चाहिए।

9.3 **अंतर्राष्ट्रीय छात्रः-** इन मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय छात्र में निम्नलिखित सम्मिलित हैंः-

(i) **विदेशी छात्रः-** छात्र जो विदेशी राष्ट्रों द्वारा जारी पासपोर्ट धारक हो जिनमें भारतीय मूल के ऐसे लोग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने विदेशी नागरिकता अंगीकार कर ली हो, को अंतर्राष्ट्रीय छात्र माना जाता है।

(ii) **अनिवासी भारतीय (एन.आर.आई)ः-** केवल ऐसे अनिवासी भारतीय छात्र जिन्होंने विदेशी राष्ट्रों के स्कूल/कालेजों में अध्ययन किया एवं अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण की हो, अंतर्राष्ट्रीय छात्र की श्रेणी में शामिल होंगे। इसके अंतर्गत वे छात्र शामिल नहीं होंगे जो स्कूल/कालेजों (भारत में स्थित) में पढ़ रहे हैं। यद्यपि ऐसे संस्थान भारत स्थित माध्यमिक शिक्षा मंडल/विश्वविद्यालयों से संबंद्धता प्राप्त हो परन्तु इस श्रेणी में वे स्कूल/कालेजों शामिल नहीं किए जाएंगे जो विदेश स्थित माध्यमिक शिक्षा मंडलों या विश्वविद्यालय से संबंद्ध हो।

ऐसे छात्र जिन्होंने अर्हकारी परीक्षा विदेशी राष्ट्र में स्थित शिक्षा मंडल या विश्वविद्यालय से बाह्य छात्र के रूप में उत्तीर्ण की हो तथा अनिवासी भारतीयों के आश्रित है तथा जो भारत में अध्ययनरत हैं, को अंतर्राष्ट्रीय छात्र नहीं माना जावेगा।

आव्रजक विभाग अथवा विदेश मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों द्वारा देश में प्रवेश करने पर उनकी प्रवेश स्तरीय स्थिति को आव्रजन विभाग या विदेश मंत्रालय द्वारा अनुरक्षित रखा जावेगा।

9.4 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश हेतु आवश्यक अभिलेखः-

(i) **वीज़ाः-** समस्त अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से इस विश्वविद्यालय को पृष्ठांकित वीज़ा पूर्णकालिक पाठयक्रम करने हेतु आवश्यक होगा। कोई अन्य पृष्ठांकन मान्य नहीं होगा। शोध कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक छात्रों को इस विश्वविद्यालय को पृष्ठांकित शोध वीज़ा आवश्यक होगा जो पाठयक्रम की निर्धारित अवधि के लिए वैध लेना चाहिए। अनिवासी भारतीय के लिए वीज़ा वांछित नहीं है। ऐसे छात्र जो विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक पाठयक्रम कर

रहे हैं, उन्हें अंशकालिक प्रमाण-पत्र/डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु पृथक वीज़ा लेना आवश्यक नहीं है, बशर्ते उनका वर्तमान वीज़ा पाठयक्रम की सम्पूर्ण अवधि में वैध हो।

(ii) **अनापत्ति प्रमाण पत्रः-** व्यावसायिक पाठ्यक्रम करने वाले छात्रों को अब अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी (भारत सरकार के पत्र क्रमांक एफ 33-17/2002-यू. 4 दिनांक 20 अगस्त 2004 के अनुसार)। ऐसे समस्त अंतर्राष्ट्रीय छात्र जो शोध/पीएच.डी. कार्य के इच्छुक हैं, या एम.फिल. करने हेतु इच्छुक हैं, उन्हें गृह या बाह्य मामलों के मंत्रालय से सुरक्षा निर्वाहन तथा उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास भारत सरकार से इस संस्था को पृष्ठांकित शोध वीज़ा पर अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

9.5 पात्रता योग्यताः- विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवश्यक अर्हता का अवलोकन प्रवेश विवरिणका अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट से किया जा सकता है। केवल ऐसे छात्र जो भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ए.आई.यू) द्वारा यथा समकक्ष मान्यता प्राप्त विदेशी विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा मंडलों से अर्हित हैं, प्रवेश हेतु पात्र होंगे। जब आवश्यक समझा जावे, भारतीय विश्वविद्यालय संघ ऐसी समकक्षता की जांच कर सकेगा।

9.6 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का प्रवेश प्रक्रियाः-अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का प्रवेश विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी प्रकोष्ठ के माध्यम से होगा। प्रवेश सामान्यतः पाठ्यक्रम के आरंभ में दिया जावेगा तथापि पात्र छात्रों को अन्य संस्थानों से स्थानांतरण की दशा में सत्र के मध्य में भी प्रवेश दिया जा सकेगा। ऐसे छात्रों का प्रवेश दो चरणों में हो सकेगा। प्रथम-प्रवेश इच्छुक छात्र आवेदन पत्र, प्रवेश विवरणिका प्राप्त कर, बेवसाइट से आवश्यक अर्हता, उपलब्ध पाठ्यक्रम तथा प्रवेश प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्राप्त करेगा। तत्पश्चात् अस्थायी प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क सहित आवेदन पत्र अंतर्राष्ट्रीय छात्र प्रकोष्ठ में प्रस्तुत करेगा। प्रकोष्ठ द्वारा अर्हता का परीक्षण कर अस्थायी प्रवेश पत्र जारी किया जावेगा। यह वीज़ा प्राप्त करने व अन्य आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति हेतु आवश्यक होगा।

अस्थायी प्रवेश पश्चात् छात्र को वीज़ा एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करना होगा तत्पश्चात् वह अंतिम प्रवेश हेतु जहाँ पाठ्यक्रम करना चाहता है, वहाँ प्रतिवेदन देगा। अगले चरण में वह संबंधित संस्थान का प्रवेश आवेदन पूर्ण कर आवश्यक शुल्क चुकाएगा, तत्पश्चात् उसे चिकित्सा परीक्षा करानी होगी। ऐसे छात्रों के विश्वविद्यालय अथवा अन्य एजेंसी से अंग्रेजी दक्षता परीक्षा में प्रविष्ट होकर प्राप्तांक विवरण विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा। इन औपचारिकताओं के पश्चात् उसे अंतिम प्रवेश दिया जावेगा।

अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को शुल्क भुगतान अमेरिकन डालर में करना होगा, परन्तु विशेष प्रकरणों में समकक्ष भारतीय रूपयों में भी भुगतान की अनुमति होगी। अंतिम प्रवेश हेतु सामान्यतः जो शुल्क देय होंगे, उनमें प्रपत्र शुल्क (प्रवेश विवरणिका की लागत में सम्मिलित यदि क्रय किया जाता है) पात्रता शुल्क प्रशासनिक शुल्क (सीधे प्रवेश एवं स्थानांतरण प्रकरणों में भिन्न-भिन्न हो सकते हैं)।

9.7 अंग्रेजी में अनुपालन पाठ्यक्रमः-इसके अतिरिक्त विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शिक्षण व अन्य शुल्क का भी भुगतान करना होगा।

अंग्रेजी में उपचारात्मक पाठ्यक्रम के छात्र जिन्हें अंग्रेजी में प्रवीणता या आधार पाठ्यक्रम की परीक्षा देना आवश्यक है, इस हेतु विहित शुल्क जैसा लागू हो, का भुगतान करना होगा। अंतिम प्रवेश के समय ऐसा भुगतान करना होगा। शुल्क समय-समय पर पृथक-पृथक पाठ्यक्रमों हेतु भिन्न होगी। विद्यार्थी द्वारा अस्थायी प्रवेश पश्चात पाठ्यक्रमों में अंतिम प्रवेश न लिए जाने पर उससे लिया गया प्रशासनिक शुल्क का वापसी परीक्षण शुल्क, बैंक कमीशन व पोस्टेज यदि हो की कटौती पश्चात कर दिया जावेगा।

ऐसा अंतर्राष्ट्रीय छात्र जिसे भारत से बाहर स्थित किसी वैधानिक मंडल/विश्वविद्यालय से अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने पश्चात प्रवेश दिया गया है को विश्वविद्यालय/संस्थान या अन्य संगठन द्वारा आयोजित अंग्रेजी प्रवीणता परीक्षा में प्रविष्ट होना होगा, परंतु उसे अंतर्राष्ट्रीय छात्र जिन्हें अर्हता परीक्षा, अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण की है, उन्हें अंग्रेजी प्रवीणता परीक्षा से छूट होगी।

ऐसे अंतर्राष्ट्रीय छात्र जो अंग्रेजी प्रवीणता परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए हों अथवा जो ऐसी परीक्षा में प्रविष्ट नहीं हुए, उन्हें अंग्रेजी भाषा के उपचारात्मक पाठ्यक्रम जो"Remedial English Course for International Students (RECIS)" अथवा विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा आयोजित आधार पाठ्यक्रम पूर्ण करना होगा। छात्रों को यह पाठ्यक्रम सफल होने तक जारी रखते हुए यथाशीघ्र पूर्ण करना होगा।

9.8 स्थानान्तरण एवं पाठ्यक्रम में परिवर्तनः–अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उनके द्वारा प्रवेशित पाठ्यक्रम को परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी। इसी तरह से भारत स्थित एक संस्था से दूसरी संस्था में स्थानांतरण की भी अनुमति नहीं होगी। अपवाद प्रकरणों में अंतर्राष्ट्रीय छात्र प्रकोष्ठ द्वारा इसकी अनुमति पाठ्यक्रम की उपलब्धता, पात्रता नियम तथा विश्वविद्यालय/संस्थान के समक्ष अधिकारी की अनुमति के आधार पर दी जा सकती है।

9.9 भारत सरकार के स्कॉलरः–अंतर्राष्ट्रीय छात्र जिन्हें भारतीय सांस्कृतिक परिषद द्वारा छात्रवृत्ति दी जा रही है, को प्रवेश एवं छात्रावास सुविधा की प्राथमिकता होगी। विभिन्न विदेशी सरकारों द्वारा प्रायोजित विद्यार्थियों को भी जो प्रशिक्षण, शोध या अध्ययन कर रहे हैं, इसी तरह से प्राथमिकता होगी।

9.10 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों द्वारा पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु चरणबद्ध प्रक्रियाः–

चरण 1. ऐसे उम्मीदवार को अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के निमित्त विश्वविद्यालय/संस्थान की प्रवेश विवरिणका का क्रय/विश्वविद्यालय वेबसाइट से डाउनलोड (पात्रता प्रपत्र सहित) करना होगा।

चरण 2. पात्रता प्रपत्र आपूरित कर प्रपत्र में दर्शित प्रमाण पत्रों की प्रतियों व निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करना होगा। यह कार्य समय रहते सम्पन्न करें, ताकि छात्र को प्रवेश तिथि से पूर्व वीज़ा एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध हो सके।

चरण 3. वीज़ा प्राप्त करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय छात्र प्रकोष्ठ से अनंतिम प्रवेश प्राप्ति संबंधी पत्र प्राप्त करें।

चरण 4. यह पत्र संबंधित देश में स्थित भारतीय दूतावास में प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय/संस्थान को पृष्ठांकित वीज़ा प्राप्त करें। अनिवासी भारतीयों से वीज़ा वांछित नहीं है।

चरण 5. प्रवेश हेतु संस्थान में उपस्थिति दें। स्थायी प्रवेश आवेदन प्रपत्र आपूरित कर निम्न मूल दस्तावेज उनकी छायाप्रति सहित प्रस्तुत करें:-

(ए) अर्हतापरीक्षा उत्तीर्ण करने विषयक उपाधि/प्रमाण पत्र,

(बी) अर्हतापरीक्षा की अंक सूची,

(सी) मूल छात्र वीज़ा,

(डी) नोटरी द्वारा प्रमाणित पासपोर्ट की छायाप्रति।

टीपः– छात्र को उसके मूल प्रमाण पत्र आवश्यक पृष्ठांकन के तत्काल पश्चात वापस कर दिए जावेंगे।

चरण 6. चिकित्सा जाँच परीक्षा पश्चात स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्राप्त करें। शासकीय नियमों के अनुसार समस्त अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का जो भारत में छात्र वीज़ा द्वारा प्रवेश करते हैं, को एच.आई.व्ही. परीक्षण कराना होगा। ऐसा परीक्षण पाजीटिव होने पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। ऐसे सभी छात्रों को चिकित्सा शुल्क के रूप में यू.एस. डालर 50 भुगतान करने होंगे। इसके अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय छात्र चिकित्सा बीमा कवर के लिए भी भुगतान करना होगा।

चरण 7. अंग्रेजी में प्रवीणता जांच परीक्षा में प्रविष्ट हो, जो कि विश्वविद्यालय/संस्थान की प्रवेश औपचारिकता में वांछित है। यह केवल तब ही आवश्यक होगा जबकि अर्हता परीक्षा अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण न की गई हो।

चरण 8. अंतर्राष्ट्रीय छात्र का प्रवेश तब ही अंतिम रूप से होगा, जब छात्र द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करा लिया गया हो तथा उसके द्वारा सभी वांछित शुल्क जमा करा दिए गए हों एवं उसके सभी प्रमाण पत्रों का भी सत्यापन कर लिया गया हो।

चरण 9. भारत में आगमन से 48 घंटो के भीतर स्थानीय पोलिस को विदेशी क्षेत्रीय पंजीयन कार्यालय (एफ. आर.आर.ओ) में पंजीकृत करावें।

अंतर्राष्ट्रीय छात्र जो किसी भी संस्थान में कोई भी पूर्णकालिक पाठ्यक्रम कर रहे हैं, उन्हें विश्वविद्यालय में किसी भी अंशकालीन पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जा सकता है, यदि वे वैध वीज़ा, पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण अवधि के लिए धारित करते हों। अलग से वीजा की आवश्यकता नहीं होगी, उन्हें वांछित शुल्क चुकाना होगा।

संस्था ऐसे छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय छात्र प्रकोष्ठ से सलाह कर सीधे प्रवेश दे सकती है, यदि वे अर्हता रखते हों।

9.11 अनुशासनः–अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारतीय छात्रों की ही तरह, जो समान पाठ्यक्रम कर रहे हैं, उन्हें विश्वविद्यालय के नियमों एवं आचार संहिता का पालन करना बंधनकारी होगा।

9.12 परीक्षा एवं डिग्री, डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्रों का प्रदायः–परीक्षा, परीक्षा शुल्क भुगतान, अंकसूची का जारी करना व उत्तीर्णता प्रमाण पत्र का जारी करना तथा उपाधि, डिप्लोमा व प्रमाण पत्रों के जारी करने की प्रक्रिया वही रहेगी जो समान पाठ्यक्रम करने वाले भारतीय छात्रों के लिए अपनाई जाती है।

10. अध्यापन का माध्यमः–विश्वविद्यालय में अध्यापन का माध्यम ऐसे विषय जो विशिष्ट भाषा से संबंधित है, को छोड़कर हिन्दी तथा अंग्रेजी होगा।

11. निष्कर्षः–यह अध्यादेश प्रवेश के संबंध में प्रभावशील होंगेः–

अध्यादेश के अर्थान्वयन में कोई विसंगति होने की स्थिति में कुलपति का मत अंतिम होगा। शुल्क संरचना पुनरीक्षण के अध्याधीन होगी तथा छात्रों को पुनरीक्षित शुल्क जब कभी प्रभावशील हो, देना होगा। ऐसे बिन्दु जो विशेष रूप से समाहित नहीं हैं, के संबंध में विश्वविद्यालय/संस्थान का निर्णय अंतिम होगा। किसी भी विवाद का समाधान कुलपति द्वारा इस हेतु नियुक्त समिति द्वारा किया जावेगा। निर्धारित समय सीमा में समाधान न हो पाने पर न्यायालय की शरण की आवश्यकता होने पर वह केवल उच्च न्यायालय बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में ही प्रस्तुत किया जा सकेगा।

अध्यादेश - 2
विश्वविद्यालय परीक्षायें
{संदर्भ धारा 28 (1) (ई)}
अध्याय -I

1. परिभाषाएं-

1.1 **अकादमिक कार्यक्रम** से अभिप्रेत स्नातक डिग्री, स्नातकोत्तर डिग्री, स्नातकोत्तर एवं स्नातक डिप्लोमा, एम.फिल., पीएच.डी. डिग्री एवं प्रमाण पत्र के लिए अग्रेषित पाठ्यक्रम/या अन्य कोई विषय से है। एक शैक्षणिक वर्ष से अभिप्रेत सामान्यतः शिक्षण एवं संबंधित परीक्षा योजना में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूर्ण करने हेतु समर्पित 12 माह की कालावधि है, जो सामान्यतः जुलाई से जून तक होगा परन्तु अपरिहार्य एवं विशेष परिस्थितियों में शैक्षणिक वर्ष की तिथियों को विश्वविद्यालय परिवर्तित कर सकेगा।

1.2 **सेमेस्टर प्रणाली**- सेमेस्टर प्रणाली से अभिप्रेत है, वह शैक्षणिक कार्यक्रम जिसमें प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष 6 माह की कालावधि के दो सेमेस्टर में विभाजित होगी। पाठ्यक्रम से तात्पर्य अकादमिक कार्यक्रम के उस भाग से है, जिसका पृथक कोड नंबर एवं जिस पर विशिष्ट क्रेडिट/अंक नियत होते हैं।

1.3 **बाह्य परीक्षक**- बाह्य परीक्षक से अभिप्रेत उस परीक्षक से है, जो विश्वविद्यालय अथवा उसके संस्थान/केन्द्र/विभागों में नियोजित नहीं है।

1.4 **आंतरिक परीक्षक से तात्पर्य**-परीक्षक से है, जो विश्वविद्यालय अथवा उसके संस्थान/केन्द्र/विभाग में नियोजित है।

(ए) सैद्धांतिक प्रश्न पत्र की दशा में परीक्षक, बाह्य पत्र सेटर सहित जो विश्वविद्यालय, विभागों/अध्ययन केन्द्रों या संस्थानों में शिक्षक हो।

(बी) प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा की दशा में परीक्षक जो विश्वविद्यालय में, विभागों में, अध्ययन केन्द्र में या संस्थान में शिक्षक हैं जिसके अभ्यार्थियों की परीक्षा, परीक्षा केन्द्र में ली जा रही है।

1.5 सह परीक्षक से तात्पर्य सह परीक्षक से है जो किसी लिखित प्रश्न पत्र में बाह्य पत्र रचियता के अतिरिक्त नियुक्त है। **छात्र से तात्पर्य**- ऐसा व्यक्ति जो विश्वविद्यालय के विभागों में किसी भी अकादमिक कार्यक्रम जिसके लिए अध्यादेश प्रभावशील है, में प्रवेशित हो।

1.6 **नियमित अभ्यर्थी**- नियमित अभ्यर्थी से अभिप्रेत ऐसे व्यक्ति से है, जो श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई में अध्ययन के किसी नियमित पाठ्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग/संस्थान/केन्द्र में प्रवेश प्राप्त हों तथा तत्संबंधी परीक्षा में प्रवेश का इच्छुक हो।

1.7 **भूतपूर्व छात्र**- भूतपूर्व छात्र से अभिप्रेत ऐसे अभ्यर्थी से है, जिसके द्वारा नियमित परीक्षार्थी के रूप में प्रवेश लिया गया था परंतु वह परीक्षा में असफल रहा अथवा वह परीक्षा में प्रवेश पत्र जारी होने के पश्चात् भी परीक्षा में उपस्थित नहीं हो सका। अतः वह श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई की उक्त परीक्षा में पुनः प्रविष्ट होने का इच्छुक है।

1.8 **एटीकेटी अभ्यर्थी**- से अभिप्रेत उस अभ्यर्थी से है, जो सेमेस्टर परीक्षा में कुल प्रश्न पत्रों की संख्या के 35 प्रतिशत से अनाधिक प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण घोषित हुआ है तथा उसे अगले सेमेस्टर में उन्नत कर दिया गया है एवं वह अनुत्तीर्ण सेमेस्टर परीक्षा में पुनः प्रविष्ट हो रहा है जो आगामी नियमित सेमेस्टर परीक्षा के साथ आयोजित है।

1.9 **नियमित अध्ययन पाठ्यक्रम**- नियमित अध्ययन पाठ्यकम से तात्पर्य है, नियमित पूर्णकालिक पाठ्यक्रम जो विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग/संस्थान/केन्द्रों में प्रत्येक विषय में संचालित है जिसे परीक्षार्थी परीक्षा हेतु ऑफर करना चाहता है। परन्तु असाधारण परिस्थितियों में राज्य शासन अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी के निर्देश पर ऑनलाइन अथवा आभासीय पद्धति से अध्यापन किया जा सकेगा।

1.10 **अग्रेषण अधिकारी**- से तात्पर्य विभाग/संस्था/केन्द्र प्रमुख से है, जहाँ अभ्यर्थी नियमित छात्र के रूप में पाठ्यक्रम कर रहा है अथवा नियमित छात्र था परंतु अब परीक्षा में भूतपूर्व छात्र के रूप में प्रविष्टि होना चाहता है।

1.11 **सत्यापित** से तात्पर्य अग्रेषण अधिकारी द्वारा सत्यापन से है।

नोट- छात्र को उपस्थिति संबंधी निम्न अपेक्षाओं को पूर्ण करना होगाः- एक अभ्यर्थी कोपरीक्षा में शामिल होने की तभी पात्रता होगी जिसकी 75 प्रतिशत उपस्थिति होगी।

अध्याय-II

2. विश्वविद्यालय परीक्षाएं-

2.1 विश्वविद्यालय शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित उन समस्त अकादमिक कार्यक्रमों के लिए परीक्षाएं आयोजित कर सकता है जो स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्यक्रमों के लिए अग्रेषित है जो कि अध्यापन, परीक्षा व पाठ्यक्रम में निर्धारित योजना के अनुसार है।

2.2 विश्वविद्यालय परीक्षाएं उन समस्त नियमित व भूतपूर्व छात्रों के लिए उन निर्धारित कार्यक्रम/विषयों में आयोजित होंगी बशर्ते कि शैक्षणिक परिषद द्वारा समय-समय पर निर्धारित शर्तों की पूर्ति होती हो।

2.3 ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसे विश्वविद्यालय से निष्कासित अथवा निरसित किया गया है या विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने से विवर्जित किया गया है, को दण्ड के प्रचलित रहने की अवधि में किसी भी परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

और यह भी कि विद्यार्थी को कम उपस्थिति के कारण अथवा विश्वविद्यालय के किसी अन्य अध्यादेश में यथा उपबंधित अन्य कारण से सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने से विवर्जित किया जा सकेगा।

3. कार्यक्रम विषयवस्तु एवं अवधि-

3.1 सभी स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि, डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्र कार्यक्रम में शिक्षण एवं परीक्षा योजना तथा शैक्षणिक परिषद द्वारा यथा अनुमोदित संबंधित कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में यथा विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम एवं/या अन्य विषय वस्तु समाविष्ट होंगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम में विनिर्दिष्ट क्रेडिट/अंक के अंतर्गत समय-समय पर अधिमान्यता दी जायेगी।

3.2 किसी पाठ्यक्रम को पूर्ण करने हेतु आवश्यक न्यूनतम अवधि वह होगी, जो यू.जी.सी. अथवा संबंधित नियामक अभिकरण द्वारा निर्धारित हो तथा शिक्षण एवं परीक्षा योजना एवं संबंधित कार्यक्रम हेतु सिलेबस में यथा विनिर्दिष्ट कार्यक्रम अवधि हो।

3.3 कार्यक्रम जिसके लिए विहित कार्यक्रम अवधि सेमेस्टर में है, को पूरा करने के लिएन्यूनतम अनुज्ञेय अवधि (एन+4) के लिए होगी। जहाँ 'एन' सेमेस्टर की कुल संख्या है। कार्यक्रम की सभी अपेक्षाएं (एन+4) सेमेस्टर में पूर्ण करना होगा। परन्तु यू.जी.सी. अथवा अन्य संबंधित नियामक अभिकरण द्वारा अन्यथा क्योंकि प्रावधान निर्धारित किया जाता है, तो उसका पालन किया जावेगा।

4. सेमेस्टर-

4.1 शैक्षणिक वर्ष दो सेमेस्टर में होगा, प्रत्येक सेमेस्टर की कार्यावधि लगभग 23 सप्ताह होगी। विश्वविद्यालय द्वारा एकेडमिक कैलेण्डर प्रति वर्ष अकादमिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व अधिसूचित कर दिया जायेगा।

4.2 शिक्षण कार्य के लिए समर्पित सेमेस्टर का शैक्षणिक ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(ए) शिक्षण प्रदान करना एवं/अथवा प्रयोगशाला कार्य(जिसमें क्लास टेस्ट सम्मिलित है)- 19 सप्ताह

(बी) परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश- 01 सप्ताह

(सी) सेमेस्टर अंत परीक्षा जिसमें प्रायोगिक/प्रयोगशाला कार्य शामिल है-03 सप्ताह

5. आंतरिक अंकों की प्रस्तुति- संबंधित विभाग के द्वारा, परीक्षा के नियंत्रक को असाईनमेंट, क्लास टेस्ट का परिणाम एवं उपस्थिति का विवरण सेमेस्टरांत परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 10 दिन पूर्व प्रस्तुत करना होगा। आंतरिक अंक छात्र द्वारा क्लास टेस्ट असाईनमेंट एवं उपस्थिति के संबंध में विहित अधिमान्यता पर दिए जाएंगे।

6. विश्वविद्यालय परीक्षा में प्रवेश-

6.1 विश्वविद्यालय के समस्त छात्रों को विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति प्राप्त करने के लिए विहित परीक्षा आवेदन फार्म भरना होगा जो कि परीक्षा नियंत्रक को संकायाध्यक्ष/विभाग प्रमुख के द्वारा विधिवत अग्रेषित होकर प्रस्तुत होने चाहिए।

6.2 नियमित छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय संकायाध्यक्ष/संस्था प्रमुख अथवा विश्वविद्यालय के संबंधित स्कूल प्रमुख को स्पष्ट करना होगा:-

(i) यह कि आवेदक ने सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उसे संतुष्ट कर दिया है कि वह आगामी परीक्षा हेतु अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण है।

(ii) यह कि अभ्यर्थी द्वारा विहित कालावधि में अध्ययन के नियमित पाठ्यक्रम में अपनी उपस्थिति नियमित रूप से दी गई तथा वह आवश्यक उपस्थिति की प्रतिपूर्ति करता है।

(iii) यह कि उसका आचरण संतोषजनक है।

(iv) उप वाक्य 6.2 (ii) के आधार पर प्रमाण पत्र अंतिम होगा तथा उसे परीक्षा प्रारंभ से पूर्व किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है, यदि आवेदक व्याख्यान कक्षाओं के विनिर्दिष्ट प्रतिशत, ट्यूटोरियल, प्रायोगिक, एनसीसी परेड आदि में उपस्थित रहने में विफल रहता है।

6.3 अध्यादेशों में विनिर्दिष्ट अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति हेतु नियमित एवं भूतपूर्व छात्रों के आवेदन निर्धारित परीक्षा शुल्क भुगतान की पावती के साथ परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय में निर्धारित तिथि को अथवा इससे पूर्व पहुंच जाने चाहिए।

6.4 परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव द्वारा ऐसे छात्रों को जिन्होनें समय पर परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं किया है, उन्हें निश्चित तिथि से सात दिन पश्चात् तक अपने परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं विलंब शुल्क के साथ प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकते हैं। निर्धारित विलंब शुल्क अवधि के भी बीत जाने के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में परीक्षा नियत्रंक परीक्षा नियंत्रक निर्णय लेगा।

6.5 परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव कार्यालय में एटीकेटी परीक्षा आवेदन की प्रस्तुति परिणामों की घोषणा से 30 दिवस के भीतर संस्थान जहाँ से छात्र ने नियमित पाठ्यक्रम किया है, के अग्रेषण अधिकारी के माध्यम से ऐसे आवेदन पत्र पहुंच जाने चाहिए।

6.6 द्वितीय एटीकेटी परीक्षा हेतु आवेदन पत्र परीक्षा नियंत्रक नियमित सेमेस्टर अंत परीक्षा प्रारंभ से 30 दिवस पूर्व संबंधित संकायाध्यक्ष/संस्थान या विभाग प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय में पहुंच जाने चाहिये। परीक्षा आवेदन पत्र में निम्न स्पष्ट होना चाहिए-

(i) विषय अथवा विषयों जिनमें आवेदक परीक्षा में प्रविष्ट होना चाहता है।

(ii) आवेदन पत्र के साथ आवेदक को पूर्व में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने विषयक प्रमाण संलग्न करना होगा।

6.7 भूतपूर्व छात्रों को परीक्षा में उन्हीं प्रश्न पत्रों पर प्रविष्ट होना होगा जिनमें वह नियमित छात्र के रूप में प्रविष्ट हुआ था परंतु परीक्षा योजना में परिवर्तन के कारण उसके द्वारा पूर्व में लिये गये विषय/बाह्य पत्रों का यदि विकल्प अब समाप्त हो गया हो तो उसे ऐसे प्रश्न पत्रों के स्थान पर भिन्न विषय/प्रश्न पत्रों की परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जायेगी।

6.8 भूतपूर्व छात्रों को परीक्षा में विभिन्न विषयों में अध्ययन के विनिर्दिष्ट महत्व की पाठ्यचर्या के अनुसार परीक्षा में उपस्थित होने की आवश्यकता होगी। प्रत्येक भूतपूर्व छात्र को उसी परीक्षा केन्द्र से परीक्षा में प्रविष्ट होना होगा के नियमित छात्र के रूप में रहा है। परंतु परीक्षा नियंत्रक पर्याप्त कारणों से किसी अभ्यर्थी का परीक्षा केन्द्र परिवर्तित कर सकते हैं।

6.9 किसी भी नियमित अभ्यर्थी को विश्वविद्यालयीन परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। जब तक कि:-

(i) विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग/संस्थान/केन्द्र में अध्यादेशों के प्रावधानों के अनुसार उसका नामांकन नियमित विद्यार्थी के रूप में न हो गया हो।

(ii) वह उस परीक्षा में प्रविष्ट होने हेतु न्यूनतम अकादमिक अर्हता रखता हो, जिसमें वह प्रविष्ट होना चाहता है तथा उसके द्वारा उस परीक्षा हेतु नियमित पाठ्यक्रम में नियमित छात्र के रूप में अध्ययन किया गया है।

(iii) वह इस अध्यादेश तथा अन्य सभी संबंधित अध्यादेशों के प्रावधानों को संतुष्ट करता है, जो उस परीक्षा में जिसमें वह प्रवेश चाहता है, के लिए आवश्यक है।

6.10 जहाँ अभ्यर्थी परीक्षा संबंधी अध्यादेशों के अनुसार परीक्षा हेतु अतिरिक्त विषय का प्रस्ताव करता है, वहाँ उसे ऐसे विषय में भी समान रूप से न्यूनतम उपस्थिति की शर्त संतुष्ट करना होगा, जो उस पर लागू होती है।

6.11 नियमित पाठ्यक्रम के संबंध में न्यूनतम उपस्थिति की गणना में:-

(i) शिक्षा सत्र के दौरान दिये गये व्याख्यानों एवं प्रायोगिक/क्लीनिकल/सत्रीय यदि हो, में उसकी उपस्थिति की गणना की जायेगी।

(ii) नियमित परीक्षार्थी की उच्च कक्षा में उपस्थिति की गणना, उसकी निम्न कक्षा में परीक्षा की पात्रता के निर्धारण हेतु प्रतिशत के रूप में की जायेगी। जिस कक्षा में द्वितीय एटीकेटी/पूरक परीक्षा में असफल रहने के कारण उसे अवनत किया गया।

6.12 अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में तब तक प्रवेश नहीं दिया जायेगा जब तक की वह परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक या परीक्षक के द्वारा मांगे जाने पर प्रवेश पत्र प्रस्तुत न करें या परीक्षा संबंधित अन्य अधिकारियों को संतुष्ट नहीं कर देता हो कि अधीक्षक या वीक्षक द्वारा प्रवेश पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत करेगा।

6.13 परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी अधीक्षक एवं विक्षक के अनुशासनात्मक नियंत्रण में रहेगा तथा उसके निर्देशों का विनम्रतापूर्वक पालन करेगा। परीक्षार्थी द्वारा अध्यादेशों/निर्देशों की अवज्ञा या अनुशासनहीनता युक्त व्यवहार या परीक्षा अधीक्षक अथवा किसी भी वीक्षक की उपेक्षा प्रदर्शित करने की स्थिति में उसे उस संबंधित दिवस की परीक्षा से निष्कासित किया जायेगा और यदि फिर भी वह दुर्व्यवहार जारी रखता है, तो उसे अधीक्षक द्वारा शेष परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकेगा। अधीक्षक ऐसी स्थिति में की गई कार्यवाही का विस्तृत विवरण परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव को उसी दिन भेजेगा।

7. उपस्थितिः-

7.1 एक अभ्यर्थी द्वारा नियमित विद्यार्थी के रूप में नियमित पाठ्यक्रम किया जाना तब माना जायेगा, जब उसके द्वारा प्रत्येक विषय में कम से कम 60प्रतिशत व्याख्यानों में अपनी उपस्थिति दी गई हो तथा कुल मिलाकर सभी व्याख्यानों, ट्यूटोरियल एवं प्रायोगिक कक्षाओं में 75प्रतिशत उपस्थिति दी गई हो। ऐसी स्थिति में ही उसे परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य माना जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा विशेष परिस्थितियों में वास्तविक कारणों से ऐसे छात्र की उपस्थिति में कमी के संबंध में छूट दे सकेंगे।

7.2 किसी नियमित विद्यार्थी को कुलपति द्वारा उपस्थिति में अधिकतम 15प्रतिशत की सीमा तक छूट दी जा सकती है। यदि उपस्थिति में कमी छात्र की बीमारी,N.C.C./N.S.S.शिविर की परेड़ में भाग लेने अथवा अंतर विश्वविद्यालयीन या अंतराज्यीय विश्वविद्यालयीन प्रतिस्पर्धा में टीम के सदस्य के रूप में छात्र की भागीदारी रही अथवा विहित शैक्षणिक यात्रा/फील्ड यात्रा/फील्ड कार्य जैसे उचित कारणों से उपस्थिति में ऐसी छूट दी जा सकती है, बशर्ते कि तत्संबंधी अभिलेख प्रभारी शिक्षक के हस्ताक्षर से विभाग प्रमुख को ऐसे उत्सव/गतिविधि के समापन के दो सप्ताह के भीतर भेज दिये जावें।

7.3 यह भी प्रावधानित है कि बीमारी, चिकित्सकीय अयोग्यता की स्थिति में उपस्थिति प्रतिशत में छूट का आवेदन पंजीकृत चिकित्सा अधिकारी/लोक चिकित्सालय द्वारा जारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र अथवा विश्वविद्यालय अथवा उसके संस्थान/विभाग/अध्ययन केन्द्र के पदीय चिकित्सक द्वारा सम्यक रूप से अधिप्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र द्वारा छात्र का ऐसा आवेदन समर्थित हो। ऐसा आवेदन पत्र चिकित्सा/चिकित्सालय में भर्ती होने की कालावधि के मध्य अथवा स्वास्थ्य लाभ होने के दो सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करना होगा।

8. मूल्यांकन एवं परीक्षाः-

8.1 पाठ्यक्रम में दिया गया सम्पूर्ण अधिभार तथा शिक्षण एवं परीक्षा योजना का निर्धारण पाठ्यक्रम के विनिर्दिष्ट क्रेडिट/अंकों के अध्याधीन रहेगा।

8.2 जब तक शिक्षण एवं परीक्षा तथा पाठ्यचर्या की योजना में अन्यथा कुछ विनिर्दिष्ट न हो, तब तक पाठ्यकम में विद्यार्थियों के मूल्यांकन में दो भाग होंगेः-

(i) सेमेस्टरांत परीक्षा के माध्यम से मूल्यांकन।

(ii) पाठ्यक्रम के शिक्षकों द्वारा सतत मूल्यांकन।

8.3 सतत मूल्यांकनः-

अभिभाजित अंक

स्नातक उपाधि/स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र

(i) पाठ्यक्रम प्रभाग

सैद्धांतिक पाठ्यक्रम शिक्षकों द्वारा सतत मूल्यांकन निम्न पर आधारित होगा	स्नातक उपाधि/ डिप्लोमा/प्रमाणपत्र	स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र
तीन कक्षा स्तरीय जांच परीक्षा*	आबंटित अंक आंतरिक जांच का 70प्रतिशत	आंबटित अंक आंतरिक जांच का 80प्रतिशत
असाईनमेंट/समूह चर्चा/मौखिकी/अतिरिक्त जांच परीक्षा/क्विज आदि	आबंटित अंक आंतरिक जांच परीक्षा का 30प्रतिशत	आबंटित अंक आंतरिक जांच परीक्षा का 20प्रतिशत

* शैक्षणिक सत्र में निर्धारित तीन कक्षा स्तरीय जांच परीक्षायें साधारणतः विश्वविद्यालय शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार अध्यापन प्रारंभ के पश्चात चौथे सप्ताह, आठवें सप्ताह एवं बारहवें सप्ताह में आयोजित होंगे।

(ii) प्रायोगिक/प्रयोगशाला पाठ्यक्रमः- विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्रों का सतत मूल्यांकन करने हेतु छात्रों का प्रयोगशाला में, उनकी नियमित उपस्थिति एवं प्रायोगिक/कुल आंतरिक परीक्षा अंक अभ्यास/असाईनमेंट/क्विज आदि पर आधारित होंगी। ऐसे मूल्यांकन लगभग तीन समान अंतराल पर किए जायेंगे।

8.4 **असाईनमेंटः-**

(i) छात्रों को असाईनमेंट्स निर्गत करने तथा छात्रों से असाईनमेंट्स प्रस्तुत करवाने एवं उनके मूल्यांकन का दायित्व संबधित संकायाध्यक्षों अथवा विभागों का होगा। वह असाईनमेंट तैयार करने एवं मूल्यांकन के कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ करेंगे।

(ii) सम्पूर्ण कक्षा को समूहों में बांटा जायेगा।

(iii) प्रत्येक समूह को पृथक असाईनमेंट दिया जायेगा जिसमें अन्य समूह को दिये गये असाईनमेंट्स से न्यूनतम समानता हो सकती है।

(iv) छात्रों को प्रति सेमेस्टर, प्रति विषय न्यूनतम दो असाईनमेंट दिए जायेंगे।

(v) प्रत्येक छात्र को असाईनमेंट पूरा करने के पश्चात् अपने द्वारा पूर्ण किये गये असाईनमेंट का बचाव प्रस्तुति/मौखिकी के माध्यम से करने हेतु अवसर दिया जायेगा।

(vi) असाईनमेंट्स विभाग व शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित एवं विनिर्दिष्ट के अनुसार मानक प्रारूप में तैयार किए जायेंगे।

(vii) छात्रों को उन्हें सौंपा गया असाईनमेंट जारी करने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करना होगा।

(viii) देय तिथि के पश्चात प्रस्तुत असाईनमेंट का मूल्यांकन निर्धारित अंकों के 50प्रतिशत से अधिक पर नहीं किया जायेगा।

8.5 शोध लेख/थिसिसः-

जहाँ कहीं पाठ्यक्रम में विनिर्दिष्ट है, स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम हेतु शोध लेख/थिसिस का मूल्यांकन किया जायेगा तथा एक कमेटी द्वारा जिसमें आंतरिक परीक्षक जो सामान्यतः पर्यवेक्षक होगा तथा एक या एक से अधिक बाह्य परीक्षक सम्मिलित होंगे द्वारा अंक दिए जायेंगे। आंतरिक परीक्षक द्वारा कुल अंक के 40प्रतिशत में से अंक दिए जायेंगे जबकि बाह्य परीक्षक द्वारा कुल निर्धारित अंक के 60प्रतिशत में से अंक दिए जायेंगे। इस हेतु कुलपति द्वारा परीक्षकों की नियुक्ति परिनियम 10 के वाक्य 7 (ए) के अनुसार तीन या अधिक परीक्षकों के नामों के पैनल में से की जायेगी।

यदि विशिष्ट प्रकरण में आवश्यक समझा जावे तो शिक्षकों के द्वारा किये गये सतत मूल्यांकन के अभिलेख को अपने समक्ष बुलाने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा तथा वह आवश्यकतानुसार शिक्षकों के द्वारा किए गए मूल्यांकन को मॉडरेट कर सकेगा।

8.6 सेमेस्टरांत परीक्षा के माध्यम से मूल्यांकनः-मूल्यांकन के विभिन्न प्रभागों में अधिभार का वितरण निम्नानुसार होगा-

क्र.	विवरण	स्नातक उपाधि/ स्नातक स्तर डिप्लोमा	स्नातकोत्तर उपाधि/ स्नातकोत्तर स्तर डिप्लोमा
ए	सैद्धांतिक पाठ्यक्रम (1) सेमेस्टरांत परीक्षा (2) शिक्षकों द्वारा सतत मूल्यांकन	 70प्रतिशत 30प्रतिशत	 70प्रतिशत 30प्रतिशत
बी	प्रायोगिक/प्रयोगशाला पाठ्यक्रम (1) सेमेस्टरांत परीक्षा (2) शिक्षकों द्वारा सतत मूल्यांकन	 70प्रतिशत 30प्रतिशत	 70प्रतिशत 30प्रतिशत
सी	(1) बाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन (2) आंतरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन	70प्रतिशत 30प्रतिशत	70प्रतिशत 30प्रतिशत
डी	अध्ययन पाठ्यक्रम के अन्य किसी प्रभाग जिसे उपर शामिल नहीं किया गया है, के लिए क्रेडिट/अंक प्रभार अध्यन मण्डल द्वारा तैयार किया जाकर शासी निकाय से पुष्टि के अनुसार लागू होगा।		

9. श्रुतिलेखक की नियुक्ति/लेखकः-

9.1 परीक्षार्थी के दृष्टिहीन होने अथवा अन्य प्रकार से असमर्थ होने की स्थिति में श्रुति लेखक अनुज्ञात किए जाने संबंधी नियम निम्न है-

(i) 'दृष्टिहीन अभ्यर्थी' एवं

(ii) ऐसे परीक्षार्थी जो दुर्घटना अथवा किसी रोग के कारण वर्तमान में अपने हाथ से परीक्षा में लिख पाने में असमर्थ है।

उपरोक्त 9.1 स्थिति में संबंधित परीक्षार्थी को विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर श्रुत्रि लेखक की अनुमति होगी।

9.2 परीक्षा नियंत्रक ऐसे परीक्षार्थी से परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व प्राप्त आवेदन के आधार पर श्रुति लेखक की नियुक्ति की व्यवस्था कर संबंधित परीक्षा अधीक्षक को सूचित करेगा।

9.3 नियुक्त किया जाने वाला श्रुति लेखक संबंधित परीक्षार्थी कि शैक्षणिक अर्हता से निम्न शैक्षणिक अर्हता का होना चाहिए।

9.4 परीक्षा अधीक्षक किसी परीक्षार्थी को श्रुति लेखक की अनुमति प्राप्त हो जाने पर संबंधित असमर्थ परीक्षार्थी को परीक्षा दिवसों में पृथक कक्ष में बैठाने एवं परीक्षक नियंत्रक द्वारा वीक्षकों की दी गई सूची में से एक पृथक वीक्षक नियुक्त करेगा।

9.5 परीक्षक नियंत्रक 3 घण्टे की समयावधि की परीक्षा हेतु दृष्टिहीन परीक्षार्थी को एक घण्टे का अतिरिक्त समय उस परीक्षा हेतु देगा।

9.6 श्रुति लेखक को पारिश्रमिक का भुगतान परीक्षक नियंत्रक द्वारा प्रचलित अनुमोदित दर पर किया जायेगा।

10. एटीकेटी उम्मीदवारों के लिए पात्रता मापदण्डः-

10.1 एटीकेटी परीक्षा में प्रविष्ट होने हेतु निम्न पात्र होंगेः-

(i) अभ्यर्थी जो किसी भी सेमेस्टर/वार्षिक अंत की परीक्षा में दो विषयों में अधिक में अनुत्तीर्ण हुये हों।

(ii) उपर्युक्त (i) में उल्लेखित के अलावा जो अभ्यर्थी परीक्षा अध्यादेश के अनुसार एटीकेटी के पात्र माने गये हैं।

10.2 ऐसे विषय जिनमें प्रायोगिक भी सम्मिलित है, की एटीकेटी परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को केवल लिखित सैद्धांतिक प्रश्न पत्र में परीक्षा में उपस्थित होना होगा यदि उसके द्वारा मुख्य परीक्षा में प्रायोगिक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली गई हो। इसी प्रकार से अभ्यर्थी को केवल प्रायोगिक परीक्षा में प्रविष्ट होना होगा यदि वह मुख्य परीक्षा में केवल लिखित सैद्धांतिक परीक्षा में सफल हुआ है। ऐसा अभ्यर्थी जो सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों ही परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण हुआ है, को परीक्षा में प्रविष्ट होना पड़ेगा। प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों के संबंध में यह माना जायेगा की वे दो अलग-अलग प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण हुए हैं।

10.3 जब तक इस अध्यादेश में अन्यथा उपबंधित न हो, एक परीक्षार्थी जो एटीकेटी परीक्षा हेतु पात्र घोषित है, को एटीकेटी परीक्षार्थी के रूप में ठीक अगली सेमेस्टर परीक्षा में प्रविष्ट होना होगा, जिसके लिए वह पात्र घोषित किया गया है। तत्पश्चात उसे अगली परीक्षा में सभी प्रश्न पत्रों में उपस्थित होना होगा।

10.4 ऐसा अभ्यर्थी जो एटीकेटी परीक्षा में उपस्थित हो रहा हो, यदि वह विषय या समूह जैसे भी स्थिति हो में इस परीक्षा अध्यादेश में अन्यथा उपबंधित को छोड़कर न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त करने में सफल हो जाता हो तो उसे उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा। एटीकेटी सेमेस्टरांत परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंक को परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा अंतिम डिवीजन का निर्णय करने हेतु गणना में लिया जायेगा।

10.5 यदि कोई अभ्यर्थी प्रथम प्रयास में एटीकेटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाता है तो उसे द्वितीय एटीकेटी परीक्षा के रूप में एक ओर प्रयास का अवसर उपलब्ध होगा। जिसमें उसे उक्त प्रश्न पत्रों को उत्तीर्ण करने के साथ-साथ संबंधित सेमेस्टर की नियमित परीक्षा को भी उत्तीर्ण करना होगा चाहे जब कभी विश्वविद्यालय द्वारा ऐसी परीक्षा आयोजित की जाये।

10.6 यदि कोई अभ्यर्थी द्वितीय एटीकेटी प्रयास में भी उक्त प्रश्न पत्र में उत्तीर्ण नहीं हो पाता है तो ऐसी स्थिति में वह विश्वविद्यालय का छात्र नहीं रहेगा, परन्तु भूतपूर्व छात्र के रूप में वह परीक्षा दे सकेगा।

अध्याय -III

11. **विश्वविद्यालय परीक्षाओं का संचालनः-**

11.1 समस्त विश्वविद्यालयीन परीक्षाएं परीक्षा नियंत्रक द्वारा संचालित की जायेंगी।

11.2 परीक्षा की समय सारणी विश्वविद्यालयीन परीक्षा प्रारंभ होने के प्रथम दिन से कम से कम 10 दिवस पूर्व परीक्षा नियंत्रक द्वारा अधिसूचित कर दी जायेगी।

11.3 सैद्धांतिक के साथ-साथ प्रायोगिक परीक्षाओं एवं शोध लेख/थीसिस/परियोजना प्रतिवेदन/प्रशिक्षण प्रतिवेदन से संबंधित समस्त परीक्षकों की नियुक्ति कुलपति के अनुमोदन से परीक्षा नियंत्रक द्वारा कर दी जायेगी।

11.4 यह भी प्रावधानित है कि कुलपति अपने विवेक का प्रयोग करते हुये परीक्षकों के नामों का अनुमोदन करने का अधिकार परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव को भार्रापित कर सकते हैं। विश्वविद्यालय का प्रबंध मण्डल शैक्षणिक परिषद से मन्त्रणा एवं परीक्षा नियंत्रक से चर्चा कर विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वह अधीक्षक तथा सहायक परीक्षा अधीक्षक (यदि हों) ऐसे प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए नियुक्त करेंगे तथा उनके मार्गदर्शन हेतु निर्देश जारी करेंगे। यह भी प्रावधानित है कि किसी केन्द्र में सहायक परीक्षा अधीक्षक की नियुक्ति हेतु परीक्षार्थियों की न्यूनतम संख्या 300 से कम नहीं होनी चाहिए।

(i) प्रत्येक केन्द्र के परीक्षा अधीक्षक प्रश्न पत्रों की सुरक्षित अभिरक्षा तथा उत्तर पुस्तिकाओं की अभिरक्षा के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे, वे विश्वविद्यालय कार्यालय को प्रयुक्त/अप्रयुक्त प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं की जानकारी संपूर्ण लेखा भेजते रहेंगे।

(ii) परीक्षा अधीक्षक परीक्षा में संलग्न वीक्षकों का पर्यवेक्षण करते रहेंगे तथा विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों का परीक्षा संचालन कार्य में कड़ाई से पालन करेंगे।

11.5 विश्वविद्यालय यदि उचित समझे तो बिना कारण बताये कोई भी परीक्षा केन्द्र अथवा परीक्षा समय में परिवर्तित कर सकता है।

11.6 विश्वविद्यालय परीक्षाओं के प्रावधानों एवं निर्धारित प्रक्रिया अनुसार कड़ाई से संचालन सुनिश्चित करने के लिये समय-समय पर श्रेष्ठ अंकेक्षकों के बोर्ड की नियुक्ति कर सकता है। क्वालिटी अंकेक्षकों द्वारा परीक्षा संचालन में नियमों एवं प्रक्रियाओं के पालन में त्रुटि इंगित किये जाने पर विश्वविद्यालय के कुलपति परीक्षा के स्थगन अथवा निरस्ती जैसा भी आवश्यक हो संबंधित कदम उठा सकते है। परीक्षा की निरस्ती किसी केन्द्र के संबंध में पूर्ण अथवा आंशिक भी हो सकती है और यदि ऐसा कोई कदम उठाया जाता है तो की गई ऐसी कार्यवाही की सूचना प्रबंध मण्डल को दी जानी चाहिये।

11.7 परीक्षा केन्द्र अधीक्षक का यह सुनिश्चित करने का कर्तव्य होगा कि परीक्षा में बैठ रहा व्यक्ति वही व्यक्ति है जिसके द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र आपूरित किया गया था। ऐसा वे परीक्षा फार्म में चिपकाये गये अभ्यर्थी के फोटोग्राफ और उसके हस्ताक्षर से मिलान कर करेंगे।

11.8 परीक्षा अधीक्षक जब कभी आवश्यक हो परीक्षा संचालन के संबंध में एक गोपनीय प्रतिवेदन परीक्षा नियंत्रक को भेजेंगे जिसमें वीक्षकों का परीक्षा संबंधी निष्पादन एवं केन्द्र में परीक्षार्थियों के आचरण व्यवहार का उल्लेख होगा। उनके द्वारा एक दैनिक प्रतिवेदन भी भेजा जायेगा जिसमें प्रत्येक परीक्षा में उपस्थित एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों के रोल नंबर तथा परीक्षा संबंधित अन्य सूचनायें जो आवश्यक समझी जायें एवं अन्य कोई सूचना जो वे विश्वविद्यालय की जानकारी में लाना उचित समझते हैं,का भी उल्लेख करेंगे। उनके द्वारा परीक्षा संबंधी लेखा-जोखा का संधारण एवं प्रस्तुति का कार्य भी किया जायेगा जिसमें परीक्षा हेतु प्राप्त अग्रिम राशि एवं परीक्षा संचालन में किए गए व्यय का स्पष्ट उल्लेख करते हुये प्रतिवेदन परीक्षक नियंत्रक को सौंपा जायेगा।

11.9 परीक्षा अधीक्षक को किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा या अनुगामी परीक्षा से बाहर करने की शक्ति निम्नलिखित में से किसी भी आधार पर होगी-

(i) यह कि परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा में अनुचित साधन का उपयोग किया गया हो।

(ii) यह कि परीक्षार्थी ने परीक्षा केन्द्र में गंभीर बाधा एवं अशोभनीय आचरण किया है।

(iii) यह कि परीक्षार्थी द्वारा गंभीर आक्रामक व्यवहार वीक्षकों तथा परीक्षा कार्य सौंपे गए अन्य स्टॉफ सदस्यों के प्रति प्रदर्शित किया है।

(iv) यदि आवश्यक समझा जाये तो परीक्षा अधीक्षक पुलिस सहायता भी प्राप्त कर सकता है। यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा भवन से निष्कासित किया गया हो तो इसकी तात्कालिक जानकारी परीक्षा नियंत्रक को दी जानी चाहिये।

11.10 जब तक अन्यथा निर्देशित न हो परीक्षा अधीक्षक द्वारा परीक्षा हेतु केवल विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के शिक्षकों को नियुक्त किया जायेगा। परंतु आवश्यकता पड़ने पर अन्य शैक्षणिक संस्थानों से भी वीक्षकों को वीक्षण हेतु बुलाया जा सकता है।

11.11 कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घण्टे की समयावधि के भीतर चाहे किसी भी उद्देश्य के लिए परीक्षा हॉल नहीं छोड़ सकेगा तथा किसी भी विलंब से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घण्टे पश्चात् प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

11.12 ऐसे परीक्षार्थी जो परीक्षा भवन अस्थायी रूप से छोड़ना चाहते हैं, वे अनुमति दी जाने पर अधिकतम 5 मिनट के लिए ऐसा कर सकेंगे।

11.13 यदि विश्वविद्यालय के कुलपति इस बात से संतुष्ट हैं कि परीक्षा संबंधी प्रश्न पत्र का लीकेज हुआ है या अन्य कोई गंभीर अनियमितता हुई है तथा उनकी राय में आवश्यक हो तो वे सभी केन्द्रों की परीक्षाएं निरस्त कर सकते है। परंतु उनके द्वारा उठाये गये ऐसे कदम की जानकारी संबंधित प्रतिवेदन प्रबंध मण्डल की अगली बैठक में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

11.14 विश्वविद्यालय का प्रबंध मण्डल, शैक्षणिक परिषद से संपर्क कर परीक्षा संबंधी ऐसे सामान्य निर्देश व मार्गदर्शन केन्द्र अधीक्षकों, गणकों व कोलेटर्स के लिए जारी कर सकता है जो उसकी राय में परीक्षा संबंधी कर्तव्य के उचित निर्वाह के लिए आवश्यक है।

11.15 यदि परीक्षा भवन में किसी परीक्षार्थी द्वारा अपने प्रश्न पत्र से संबंधित किसी प्रकार की बातचीत अन्य परीक्षार्थियों से की गई हो तो इसकी जानकारी परीक्षा नियंत्रक को सीधे भेजी जानी चाहिये।

11.16 विश्वविद्यालय के विभागों में संचालित विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाओं के संचालन हेतु परीक्षकों के नाम संबंधित अध्ययन मण्डलों से अनुशंसा कर प्राप्त किये जाएंगे। जब आपात स्थिति में अध्ययन मण्डल की बैठक संभव न हो तब अध्ययन मण्डल के अध्यक्ष द्वारा परीक्षकों के नामों की अनुशंसा की जा सकती है तथा बैठक न होने संबंधी कारण का स्पष्ट विवरण परीक्षा नियंत्रक को भेजा जायेगा।

11.17 विश्वविद्यालय के किसी भी संस्थान में संचालित अध्ययन पाठ्यक्रम में परीक्षकों की नियुक्ति की अनुशंसा संबंधित कार्यक्रम समन्वय को/अकादमिक संस्थान प्रमुखों से प्राप्त की जायेगी।

11.18 आपात परिस्थितियों में जब परीक्षकों की नियुक्ति संबंधी अनुशंसा अध्ययन मण्डल/कार्यक्रम समन्वय/अकादमिक संस्था प्रमुख से प्राप्त न की जा सकती हो, तो ऐसी स्थिति में ऐसी अनुशंसा विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा नामित किसी शिक्षाविद् से प्राप्त की जा सकती है।

11.19 परीक्षक नियंत्रक को अध्ययन मण्डल/कार्यक्रम समन्वयक, शैक्षणिक संस्था प्रमुख या किसी अधिकृत शिक्षाविदों से प्राप्त पैनल में एक या अधिक परीक्षकों के नाम ऐसा पैनल कुलपति के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने से पूर्व जोड़े जाने का अधिकार होगा।

11.20 प्रश्न पत्र रचयिताओं से परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र प्राप्त हो जाने के पश्चात मॉडेटरर्स के द्वारा माडरेट किया जायेगा, जिन्हें परीक्षा नियंत्रक द्वारा कुलपति के अनुमोदन से विषयवार नियुक्त किया जायेगा। परीक्षा नियंत्रक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम तीन प्रश्न पत्र मॉडरेट होने के पश्चात् प्रश्न पत्र बैंक में उपलब्ध रहें।

11.21 परीक्षा नियंत्रक द्वारा जो अनुमोदित परीक्षक पैनल में से प्रश्न पत्र रचना हेतु परीक्षक नियुक्त होंगे जो प्रश्न पत्र रचना करेंगे। प्रश्न पत्र रचना हेतु विगत वर्ष का प्रश्न पत्र जहाँ कहीं लागू हो प्रश्न पत्र के प्रारूप संबंधी मार्गदर्शन हेतु संदर्भ किया जाना चाहिए। यदि प्रश्न पत्र का पैटर्न शैक्षणिक परिषद द्वारा परिवर्तित न किया गया हो। परीक्षकों को प्रश्न पत्र रचना सम्पूर्ण पाठ्यक्रम में से करनी होगी। यदि पैटर्न परिवर्तित हो गया हो तो प्रश्न पत्र परिवर्तित पैटर्न के अनुसार रचे जावेंगे।

11.22 परीक्षा भवन में किसी भी परीक्षार्थी द्वारा अथवा उसकी ओर से उसे कोई अधिमान्य उपचार उपलब्ध करने हेतु प्रयास किया गया है तो वस्तुस्थिति से संबंधित प्रतिवेदन परीक्षा नियंत्रक को भेजा जायेगा जो आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु उसे कुलपति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

11.23 परीक्षा समिति द्वारा अन्यथा निर्धारित को छोड़कर परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाएं उनके प्राप्त अंकों के पर्ण एवं प्रतिपर्ण को परीक्षा परिणाम की घोषणा के 2 वर्ष पश्चात नष्ट कर दिया जायेगा परंतु परीक्षार्थियों के तालिकाबद्ध परिणामों को सुरक्षित रखा जायेगा।

11.24 परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय के वेबसाइट के अतिरिक्त कार्यालय के सूचना पटल पर विश्वविद्यालयीन परीक्षा के संयुक्त परिणामों को प्रकाशित करेगा। परीक्षा परिणामों के प्रकाशित होते ही संबंधित संस्थानों को परिणाम सूचित कर दिये जायेंगे।

11.25 विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति द्वारा प्रश्न पत्र रचयिताओं, उत्तर पुस्तिका मूल्यांककों, परीक्षकों, परीक्षा अधीक्षकों, सहायक परीक्षक अधीक्षकों, वीक्षकों, गणकों एवं कोलेटर्स के द्वारा परीक्षा कार्य में की गई त्रुटि के विरूद्ध उन्हें देय पारिश्रमिक में समय-समय पर विनिर्दिष्ट दर पर कटौतियां कर सकती है।

11.26 जब छात्र द्वारा अपनी उत्तर पुस्तिका का पुर्नमूल्यांकन कराने हेतु आवेदन किया जाता है तो ऐसी स्थिति में संबंधित उत्तर पुस्तिका उस परीक्षक को छोड़कर जिसने प्रारंभ में मूल्यांकन किया है, दो अन्य परीक्षकों को मूल्यांकन हेतु भेजी जायेगी। छात्र को प्रदत्त अंकों में परिवर्तन उसी स्थिति में किया जायेगा। यदि ऐसे पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् पाया गया अंतर मूल रूप से दिये गये अंकों से 10प्रतिशत से अधिक हो।

11.27 यह भी प्रावधानित है कि उक्त परीक्षक प्रबंध मण्डल द्वारा निर्धारित दर पर पारिश्रमिक प्राप्त करेंगे।

11.28 कोई भी अभ्यर्थी स्नातकोत्तर उपाधि हेतु एक ही अकादमिक सत्र में एक से अधिक उपाधि परीक्षा अथवा एक से अधिक विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि हेतु परीक्षा में प्रविष्ट नहीं हो सकेगा।

11.29 ऐसा कोई भी अभ्यर्थी जिसे किसी महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय से निष्कासित अथवा अस्थायी रूप से निकाला गया हो अथवा विश्वविद्यालय की परीक्षा में उपस्थित होने से रोका गया हो उसे ऐसी अवधि जिसमें सजा प्रचलन में रहेगी, के दौरान इस विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

11.30 विश्वविद्यालय की परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रवेश से संबंधित अध्यादेशों में निहित किसी बात के होते हुये भी, कुलपति विशेष प्रकरण, जिसमें वह संतुष्ट हो कि परीक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्तुत करने में हुआ विलंब अभ्यर्थी की जागरूकता में कमी या उपेक्षा के कारण से नहीं है, ऐसे अभ्यर्थी का आवेदन जो प्रत्येक दृष्टि से पूर्ण हो, विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर यथा विहित विलंब शुल्क के साथ अनुज्ञात किया जायेगा। भले ही वह पन्द्रह दिनों की अवधि के अवसान के बाद ही क्यों न प्राप्त हुआ हो।

11.31 कोई अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में तब तक प्रवेश नहीं कर सकेगा, जब तक उसे निर्गमित वैध प्रवेश पत्र वह प्रस्तुत न कर सके। परीक्षा नियंत्रक परीक्षार्थी के पक्ष में परीक्षा प्रवेश पत्र जारी करेगा यदि-

(i) आवेदक का आवेदन पत्र प्रत्येक दृष्टि से पूर्ण है।

(ii) परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान कर दिया गया है।

(iii) परिक्षार्थी उपस्थिति संबंधी शर्तों को पूरा करता हो।

11.32 जहाँ प्रायोगिक परीक्षा सैद्धांतिक परीक्षा से पूर्व सम्पन्न हो गई हो, वहाँ परीक्षार्थी को सैद्धांतिक परीक्षा में प्रवेशित तब तक नहीं माना जायेगा जब तक उसे प्रवेश पत्र जारी न कर दिया गया हो।

11.33 किसी परीक्षार्थी के पक्ष में जारी किया गया प्रवेश पत्र किसी भी समय निरस्त किया जा सकेगा यदि यह पाया जाता है कि-

(i) परीक्षार्थी को जारी किया गया प्रवेश पत्र त्रुटि पूर्वक जारी हुआ था अथवा वह परीक्षा में प्रविष्ट होने की अर्हता नहीं रखता है।

(ii) परीक्षार्थी द्वारा प्रस्तुत किये गए अभिलेख अथवा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी यथा नामांकन संस्था में प्रवेश आदि झूठी अथवा गलत है।

11.34 परीक्षा नियंत्रक यदि संतुष्ट हो कि परीक्षार्थी का परीक्षा प्रवेश पत्र गुम हो गया है, नष्ट हो गया है तो ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय विनिर्दिष्ट शुल्क पर उसे कार्ड की डुप्लीकेट प्रति जारी कर सकता है। ऐसे द्वितीय प्रवेश पत्र के उपर पृथक से डुप्लीकेट शब्द लिखा जायेगा।

11.35 कोई भी परीक्षार्थी जो विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में प्रविष्ट हुआ हो वह परीक्षा में प्राप्त अंकों का परीक्षण करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को आवेदन कर सकता है। ऐसे परीक्षण हेतु आवेदन वह अपनी सैद्धांतिक उत्तर पुस्तिकाओं जो कि किसी भी विषय की हो एवं अपने परीक्षा परिणाम की पुनः जांच के लिए कर

सकता है। परीक्षार्थी का ऐसा आवेदन परीक्षा नियंत्रक को निर्धारित प्रारूप में परीक्षा परिणाम के प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर पहुंच जाना चाहिये।

11.36 परीक्षार्थी को उसके परीक्षा परिणाम के परीक्षण के परिणाम की जानकारी दे दी जायेगी।

11.37 प्रमाण पत्रों की डुप्लीकेट प्रति आवेदक को विश्वविद्यालय के अन्य अध्यादेश में निर्धारित शुल्क के भुगतान पर उपलब्ध कराई जायेगी।

11.38 यह भी प्रावधानित है कि किसी भी विद्यार्थी को माईग्रेशन प्रमाण पत्र, उपाधि अथवा डिप्लोमा की डुप्लीकेट प्रति प्रदान नहीं की जायेगी, परंतु अपवाद के तौर पर जहाँ कुलपति आवेदक द्वारा उचित मूल्य के स्टाम्प पेपर जो उस समय कानून द्वारा प्रचलित व निर्धारित है, में दिये गये शपथ पत्र से इस बात के प्रति संतुष्ट है कि आवेदक द्वारा मूल अभिलेख किसी अन्य परीक्षा में उपस्थित होने हेतु उपयोग में नहीं लाया गया और संबंधित अभिलेख गुम हो चुका है अथवा नष्ट हो गया है तथा आवेदक को वास्तव में ऐसे अभिलेख की डुप्लीकेट प्रति की आवश्यकता है। ऐसी डुप्लीकेट प्रति केवल एक बार ही जारी की जायेगी।

11.39 विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में उपाधि अंतिम वर्ष की परीक्षा में सफल हुये परीक्षार्थियों में से प्रथम दस परीक्षार्थियों के नाम (एटीकेटी परीक्षार्थियों को छोड़कर) जिन्होनें प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की प्रदर्शित किये जायेंगे।

11.40 संबंधित परीक्षा अध्यादेश में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी नियमित अभ्यर्थी के रूप में सेमेस्टरांत परीक्षा में समस्त सैद्धांतिक प्रश्न पत्र, प्रायोगिक, मौखिकी, आंतरिक मूल्यांकन तथा क्षेत्र/कार्य परियोजना में जो परीक्षार्थी उपस्थित हुये हैं एवं परीक्षा में तीन से कम विषयों में अधिकतम कुल पांच अंकों से अनुत्तीर्ण हुये हों, ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु कुल पांच अंकों तक कृपोत्तीर्ण दिया जा सकेगा। इन अंकों की गणना कुल प्राप्तांक में नहीं की जायेगी। कृपोत्तीर्ण को अभ्यर्थी के अधिकार के मामले की तरह स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा यह कुलपति का परमाधिकार है। यह सुविधा उन अभ्यार्थियों को जो उस विशिष्ट सेमेस्टर (प्रथम प्रयास में सभी सैद्धांतिक, प्रायोगिक एवं सत्रीय कार्य में) में पांच कृपोत्तीर्ण अंक प्राप्त करते उत्तीर्ण करता है, के लिए उपलब्ध होगा। कोई भी कृपोत्तीर्ण अंक सैद्धांतिक प्रश्न पत्रों के अलावा अन्य किसी भी प्रश्न पत्र पर एवं एटीकेटी/पूरक छात्रों को नहीं दिया जायेगा।

11.41 यदि कोई परीक्षार्थी एक अंक से प्रथम अथवा द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने से वंचित रह जाता है तो उसे एक अंक का कृपांक दिया जाकर उसकी श्रेणी में सुधार कर दिया जायेगा।

11.42 प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु परीक्षक मण्डल द्वारा सेमेस्टरांत में प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जायेगी। मण्डल में एक या अधिक परीक्षक होंगे। जहाँ प्रायोगिक परीक्षाएं विश्वविद्यालय के कई संस्थानों में एक साथ संपादित की जानी हो, वहाँ एक से अधिक ऐसे परीक्षक मण्डल नियुक्त किए जाएंगे। परीक्षकों में से किसी एक परीक्षक को मुख्य परीक्षक बनाया जायेगा जो समस्त परीक्षक मण्डलों के लिए परीक्षा संचालन की मार्गदर्शिका तैयार करेगा ताकि मूल्यांकन में समानता स्थापित हो सके।

11.43 किसी अन्य प्रकार की परीक्षा हेतु उपरोक्त प्रावधान लागू नहीं होगा। ऐसी स्थिति में परीक्षा की पाठ्यचर्या परीक्षा योजना में विशेष रूप से उपबंधित अनुसार होगी जिसकी अनुपस्थिति में संबंधित अध्ययन मण्डल तथा समन्वय समिति की अनुशंसा पर तथा कुलपति के अनुमोदन के साथ परीक्षा नियंत्रक द्वारा उक्त हेतु प्रावधान निर्धारित किये जायेंगे।

11.44 सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम (सत्रांत परीक्षा एवं शिक्षकों द्वारा सतत मूल्यांकन दोनों को सम्मिलित करते हुये) परीक्षा नियंत्रक द्वारा घोषित किया जायेगा। यद्यपि विस्तृत परीक्षा परिणामों के परीक्षण के पश्चात यदि परीक्षा नियंत्रक यह समझते है कि समग्र परीक्षा के स्तर में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है अथवा ऐसा परिवर्तन एक विशिष्ट पाठ्यक्रम के संबंध में हुआ है तो ऐसी स्थिति में, वे यह प्रकरण मॉडरेशन कमेटी जो कुलपति द्वारा विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए गठित हो, को सौंप सकते हैं।

11.45 विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंकों को अंतर्विष्ट करते हुये प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में परीक्षा परिणाम की घोषणा के पश्चात् परीक्षा नियंत्रक द्वारा अवार्ड सूची जारी की जायेगी।

अध्याय -IV

12. परीक्षा उत्तीर्ण करने के संबंध में मापदण्ड, अंक तथा श्रेणियां-

12.1 स्नातक उपाधि हेतु प्रत्येक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक जिसमें पृथक रूप से 35 प्रतिशत अंक सेमेस्टरांत परीक्षा में तथा शिक्षकों द्वारा छात्र के सतत् मूल्यांकन के 35 प्रतिशत परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा निर्धारित क्रेडित अर्जित करने हेतु प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसा अभ्यर्थी जो किसी पाठ्यक्रम में उक्त में से किसी में भी 45 प्रतिशत से कम एग्री अंक अर्जित करता है, उसे उस पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण माना जावेगा।

12.2 किसी विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिका के पुनः मूल्यांकन हेतु विद्यार्थी परीक्षा परिणाम घोषणा की तिथि से दो सप्ताह के भीतर विहित शुल्क का भुगतान कर आवेदन कर सकेगा। पुनः मूल्यांकन का तात्पर्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र के द्वारा दिए गए सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया गया है। इस हेतु कंडिका 11. 26 में दर्शित प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

12.3 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को सेमेस्टरांत परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न पत्र में 45प्रतिशत अंक तथा शिक्षकों द्वारा सतत मूल्यांकन में 45प्रतिशत अंक पृथक-पृथक प्राप्त करना। पाठ्यक्रम की परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा विहित क्रेडिट्स अर्जित करने हेतु आवश्यक है। पाठ्यक्रम के समस्त प्रश्न पत्रों में अधिकतम अंकों का कुल 45प्रतिशत अंक अर्जित करने में विफल विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण समझा जावेगा।

12.4 सफल विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में निम्न प्रकार रखा जावेगा-

द्वितीय श्रेणी- अभ्यर्थी जिनके द्वारा अध्ययन कार्यक्रम की अंतिम परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक एवं अधिक परंतु 60 प्रतिशत से कम अंक अर्जित किए गए है, उन्हें द्वितीय श्रेणी में रखा जावेगा।

प्रथम श्रेणी-अभ्यर्थी जिनके द्वारा अध्ययन कार्यक्रम की अंतिम परीक्षा में 60 प्रतिशत अथवा अधिक अंक अर्जित है, उन्हें प्रथम श्रेणी में रखा जावेगा।

प्रावीण्यता के साथ सहित प्रथम श्रेणी- अभ्यर्थी जिसके द्वारा अध्ययन कार्यक्रम की अंतिम परीक्षा में कुल अंकों का 75 प्रतिशत एवं अधिक अंक अर्जित हो 'प्रावीण्यता सहित प्रथम श्रेणी' में रखा जावेगा।

13. परिणामों की घोषणा-

13.1 परीक्षा परिणामों की घोषणा हेतु परीक्षा समिति उत्तरदायी होगी। इस संबंध में परीक्षा समिति के निम्नलिखित कर्त्तव्य होंगे-

(i) विश्वविद्यालय द्वारा संपादित परीक्षाओं के परिणामों का परीक्षण कर उन्हें यह संतुष्ट होने के पश्चात पारित करना कि विभिन्न विषयों के घोषित परीक्षा परिणाम कुल मिलाकर प्रचलित स्तर/मानदंड के अनुरूप है तथा किसी प्रकरण में जहाँ परिणाम संतुलित नहीं प्रतीत होते वहाँ कुलपति को की जाने वाली कार्यवाही की अनुशंसा करना।

(ii) प्रश्न पत्रों के संबंध में प्राप्त शिकायतों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करना।

(iii) ऐसे परीक्षार्थियों के प्रकरणों पर विचार करना जिनकी उत्तर पुस्तिकाएं परिवहन में खो गई हैं एवं प्रकरणों का उचित समाधान करना।

(iv) शैक्षणिक परिषद द्वारा समय-समय पर यथा प्रत्यायोजित अन्य शक्तियों का प्रयोग करना।

13.2 वह अभ्यर्थी जिसका परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका हो, अपनी किसी भी उत्तर पुस्तिका के पुनः मूल्यांकन/अंकों की पुनः योग जांच हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र विनिर्दिष्ट शुल्क का भुगतान कर परीक्षा नियंत्रक को परिणामों की घोषणा से पन्द्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत करेगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात 500/-रूपये के विलंब शुल्क के साथ अगले 30 दिवस तक ऐसा आवेदन किया जा सकता है।

यह भी प्रावधानित है कि पुनः मूल्यांकन की दशा में कोई भी परीक्षार्थी कुल दो प्रश्न पत्रों का ही पुनः मूल्यांकन करा सकता है।

यह भी प्रावधानित है कि प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाओं, फील्ड वर्क, जांच परीक्षा, थीसिस एवं किसी परीक्षा के किसी प्रश्न पत्र के स्थान पर प्रस्तुत परियोजना कार्य का पुनः मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।

टीपः किसी परीक्षक, केन्द्र अधीक्षक या वीक्षक के विरूद्ध कोई भी कार्यवाही हेतु प्रकरण परीक्षा समिति की अनुशंसा सहित विश्वविद्यालय की शासी निकाय में रखा जावेगा।

14. अनुचित साधन का प्रयोग एवं अवांछित व्यवहार-

14.1 कोई भी अभ्यर्थी, परीक्षा कक्ष में परीक्षा से संबंधित पुस्तक, प्रश्न-पत्र, नोट्स, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री या अन्य सामग्री नहीं लायेगा, जिसका वह परीक्षा के संबंध में उपयोग कर सकता हो, न ही वह परीक्षा कक्ष में किसी अन्य अभ्यर्थी को कोई जानकारी देगा और न ही प्राप्त करेगा।

14.2 कोई भी अभ्यर्थी, उसे प्रदत्त उत्तर पुस्तिका को छोड़कर, स्याही सोख पत्र या प्रश्न-पत्र या किसी अन्य वस्तु/सामग्री पर कुछ भी टीप या लेख नहीं करेगा।

14.3 कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा में किसी अन्य अभ्यर्थी या व्यक्ति को न तो सहयोग देगा और न ही सहयोग प्राप्त करेगा एवं परीक्षा से संबंधित गलत या अनुचित साधनों का प्रयोग भी नहीं करेगा।

14.4 किसी अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा में नकल करते हुए या कोई गलत या अनुचित साधन का प्रयोग करते पाए जाने पर परीक्षा अधीक्षक या वीक्षक या विश्वविद्यालय कर्मचारी के माध्यम से जैसी भी स्थिति हो, परीक्षा नियंत्रक को संसूचित किया जावेगा, जो प्रकरण को परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ रख सकेगा। समिति यदि संतुष्ट हो कि आरोप के तथ्य सही हैं तथा अभ्यर्थी द्वारा पूर्व-सोच के साथ किया जाना प्रकट होता है, तो वह ऐसे परीक्षार्थी को परीक्षा उत्तीर्ण होने से अयोग्य कर किसी भी विश्वविद्यालय की परीक्षा में उपस्थित होने से तीन वर्ष से अनाधिक अवधि हेतु वंचित कर दिया जावेगा।

14.5 किसी अभ्यर्थी के परीक्षा में नकल करते हुए या कोई गलत या अनुचित साधन का प्रयोग करते पाए जाने पर परीक्षक, अधीक्षक या वीक्षक या विश्वविद्यालय कर्मचारी के माध्यम से जैसा भी स्थिति हो, परीक्षा नियंत्रक को संसूचित किया जावेगा, जो प्रकरण को परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा। समिति यदि संतुष्ट है कि आरोप के तथ्य सही है, परंतु अभ्यर्थी द्वारा पूर्व सोच के साथ ऐसा नहीं किया गया है तो वह अभ्यर्थी को संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण करने से अयोग्य घोषित करेगी तथा उसे विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा से परीक्षा में उपस्थित होने से दो वर्ष से अनाधिक अवधि हेतु वंचित घोषित करेगी।

14.6 परीक्षा अधीक्षक की राय में यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार का दोषी है, जो उपरोक्त वाक्यों से भिन्न है, तो परीक्षा अधीक्षक ऐसे परीक्षार्थी को केवल उसी प्रश्नपत्र की परीक्षा से निष्कासित कर सकेगा। परीक्षा नियंत्रक इसकी सूचना परीक्षा समिति को देंगे। समिति यदि संतुष्ट है कि आरोप संबंधी तथ्य सही हैं तो वह उस वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने से वंचित कर सकेगी।

14.7 ऐसा कोई भी अभ्यर्थी उसे उचित रूप से प्राप्त हो सकने वाले अंकों से अधिक अंक प्राप्त करने के उद्देश्य से परीक्षक पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव डालता है या ऐसे तरीके या साधनों का उपयोग करता है जिससे परीक्षक, परीक्षा नियंत्रक या उनके कार्यालय में कार्यरत अन्य किसी व्यक्ति को प्रभावित करने का प्रयास करना सिद्ध होने पर ऐसे प्रयास को अनुचित साधन माना जावेगा। ऐसा प्रकरण परीक्षा समिति को संबंधित व्यक्ति द्वारा परीक्षा नियंत्रक के माध्यम से सूचित किया जावेगा। परीक्षा समिति यदि संतुष्ट हो कि आरोप के तथ्य सही हैं, तो वह अभ्यर्थी को वह परीक्षा उत्तीर्ण करने से अयोग्य घोषित कर विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में एक वर्ष की अवधि के लिए वंचित भी कर सकेगी।

14.8 यदि कोई अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा अधीक्षक, वीक्षक या परीक्षा में संलग्न किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को परीक्षा संचालन कार्य में अपने कर्त्तव्य के निर्वाह में बाधा उत्पन्न करने के उद्देश्य से प्रताड़ित करने, धमकी देने या दबाव उत्पन्न करने का प्रयास करता हो तो उसके ऐसे प्रयास को अनुचित साधन एवं गंभीर कदाचरण माना जावेगा। ऐसे प्रकरण की सूचना संबंधित व्यक्ति द्वारा परीक्षा नियंत्रक के माध्यम से परीक्षा समिति को संसूचित किया जावेगा। समिति यदि संतुष्ट हो कि आरोप के तथ्य सही हैं तो वह अभ्यर्थी को संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण करने से वंचित/विश्वविद्यालय से निष्कासित/तथा उसे विश्वविद्यालय की किसी भी भावी परीक्षा में प्रवेश हेतु अयोग्य व्यक्ति घोषित कर सकती है।

14.9 ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को जिसे उपरोक्त कंडिकाओं के अंतर्गत दंडित किया गया है, विश्वविद्यालय के किसी भी नियमित पाठ्यक्रम हेतु प्रवेशित नहीं किया जावेगा। ऐसे अभ्यर्थी को उसके दंड की अवधि की समाप्ति के पश्चात् भूतपूर्व छात्र के रूप में अगली वार्षिक परीक्षा में प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है।

14.10 यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र में अधीक्षक या किसी वीक्षक के समक्ष हिंसक तरीके से या बल प्रयोग अथवा बल प्रदर्शन करता है या उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को संकट में डालता है या उक्त दोनों तरीकों का प्रयोग

कर कर्तव्य निर्वहन में परीक्षा प्राधिकारियों के लिए बाधा उत्पन्न करता हो तो परीक्षा अधीक्षक ऐसे अभ्यर्थी को परीक्षा से निष्कासित कर पुलिस से भी आवश्यक सहायता ले सकेगा।

14.11 यदि कोई अभ्यर्थी हथियार परीक्षा केन्द्र सीमा के भीतर लाने का दोषी हो तो उसे परीक्षा अधीक्षक के द्वारा परीक्षा केन्द्र से निष्कासित तथा/अथवा पुलिस को सुपुर्द किया जा सकेगा।

14.12 ऐसा अभ्यर्थी जिसे उपरोक्त कंडिकाओं के अंतर्गत परीक्षा से निष्कासित किया गया हो, उसे बाद के प्रश्न पत्रों की परीक्षा में प्रविष्ट होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

14.13 प्रत्येक प्रकरण में, जहाँ उपरोक्त कंडिकाओं के अधीन परीक्षा अधीक्षक द्वारा कार्यवाही की गई है, उनके विवरण सहित प्रतिवेदन विश्वविद्यालय को भेजा जावेगा। ऐसे प्रकरणों में शासी निकाय अपराध की गंभीरता अनुसार दंड दे सकेगी परंतु इसके पूर्व अभ्यर्थी से स्पष्टीकरण मांगने के पश्चात प्राप्त स्पष्टीकरण पर विचार कर अभ्यर्थी की परीक्षा निरस्त करने तथा/या एक या अधिक वर्ष हेतु विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में प्रविष्ट होने से वंचित किया जा सकेगा।

14.14 कोई व्यक्ति जो वास्तविक अभ्यर्थी नहीं है, यदि वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पाया जाता है, के संबंध में धारणा की जायेगी कि वह प्रतिरूपण घटना कारित किया है तथा वास्तविक अभ्यर्थी के साथ दुरभि संधि किया है, तो ऐसे व्यक्ति तथा वास्तविक अभ्यर्थी के विरूद्ध निम्न कार्यवाही की जायेगी-

(i) वास्तविक अभ्यर्थी जिसने स्वयं परीक्षा नहीं दिया है, वह भविष्य में विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने या विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में प्रविष्ट होने से प्रतिबंधित रहेगा।

(ii) व्यक्ति जो वास्तविक अभ्यर्थी का प्रतिरूप है, यदि विश्वविद्यालय का छात्र है तो उसे भविष्य में विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में प्रविष्ट होने से प्रतिबंधित कर दिया जावेगा तथा प्रतिरूप व्यक्ति बनने के इस प्रकरण को पुलिस को कार्यवाही हेतु सौंप दिया जावेगा।

(iii) यदि ऐसा व्यक्ति जो वास्तविक अभ्यर्थी का प्रतिरूप बना है विश्वविद्यालय का छात्र नहीं है तो समुचित कार्यवाही हेतु उसे पुलिस को सौंप दिया जावेगा।

14.15 यदि कोई अभ्यर्थी जो श्रेणी/अंक प्रतिशत में सुधार हेतु विश्वविद्यालय परीक्षा में उपस्थित हो रहा है एवं परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करते पाया जाता है तो उसके उन सभी प्रश्न पत्रों के परीक्षा परिणाम भी निरस्त होंगे जिसमें वह पहले ही प्रविष्ट हो चुका है। इसके अतिरिक्त उसके विरूद्ध श्रेणी/प्रतिशत अंक में सुधार हेतु परीक्षा में पुनः प्रविष्ट होने के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने के फलस्वरूप उचित कार्यवाही भी की जावेगी।

14.16 दोषी छात्र के विरूद्ध दण्ड उसके द्वारा अपने बचाव में प्रस्तुत कथन पर पूर्ण विचारोपरांत ही आरोपित किया जावेगा।

14.17 परीक्षा अधीक्षक द्वारा ऐसे परीक्षार्थी के विरूद्ध जो परीक्षा भवन या परीक्षा केन्द्र की परिसीमा में परीक्षा अवधि के दौरान अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए या ऐसा करने का प्रयास करते हुए पकड़ा जाता है, निम्नलिखित रीति से कार्यवाही की जावेगी-

(i) परीक्षार्थी को उसके पास स्थित समस्त आपत्तिजनक सामग्री मूल उत्तर पुस्तिका सहित परीक्षा अधीक्षक के समक्ष समर्पित करने हेतु बुलाया जावेगा एवं प्राप्त सामग्री का उल्लेख करते हुए तारीख व समय दर्शाते हुए एक मेमोरेंडम तैयार किया जावेगा।

(ii) परीक्षार्थी एवं वीक्षक के कथन को निर्धारित प्रारूप में अभिलिखित किया जावेगा।

(iii) तत्पश्चात परीक्षा के शेष समय में उत्तर लिखने हेतु एक नई उत्तर पुस्तिका जिसके मुख्य पृष्ठ पर ''द्वितीय उत्तर पुस्तिका-अनुचित साधन के प्रयोग'' अंकित होगा ऐसे परीक्षार्थी को जारी कर दी जावेगी।

(iv) उक्त परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी की मूल उत्तर पुस्तिका द्वितीय उत्तर पुस्तिका उसके पास से जप्त अनुचित साधन सामग्री, परीक्षार्थी के अभिलिखित कथन एवं वीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित को एक सील बंद लिफाफे में परीक्षा अधीक्षक के टीप सहित कुलसचिव को अग्रेषित किया जावेगा।

(v) कुलसचिव, अनुचित साधन प्रयोग करने वाले परीक्षार्थी की दोनों ही उत्तर पुस्तिकाएं अर्थात् मूल उत्तर पुस्तिका जिसे लिखते हुए उसे अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़ा गया तथा पकड़े जाने के बाद परीक्षार्थी को सौंपी गई द्वितीय उत्तर पुस्तिका को मूल्यांकन करने हेतु मूल्यांकक को भेजेंगे जिसमें

मूल्यांकक दोनों ही उत्तर पुस्तिकाओं का पृथक-पृथक मूल्यांकन कर विहित प्रारूप में प्रतिवेदन भी कुलसचिव को भेजेंगे, जिसमें यह निष्कर्ष दिया जायेगा कि परीक्षार्थी ने उत्तर लेखन में अनुचित साधन का उपयोग किया है अथवा नहीं।

(vi) केन्द्र अधीक्षक से परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग संबंधी सूचित प्रकरणों के परीक्षण उपरांत, मूल्यांककों से प्राप्त प्रतिवेदन के परिप्रेक्ष्य में परीक्षा समिति द्वारा परीक्षण किया जायेगा। परीक्षा समिति ऐसे प्रकरणों के परीक्षण उपरांत की जाने वाली कार्यवाही का निर्धारण कर सक्षम प्राधिकारियों के माध्यम से प्रबंध मण्डल को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

(vii) कोई परीक्षार्थी, यदि परीक्षा समय के मध्य अन्य परीक्षार्थियों से बातचीत करता पाया जाता है तो उसे ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी जावेगी। वीक्षक की चेतावनी के पश्चात् भी परीक्षार्थी निरंतर ऐसा करते पाए जाने पर इसे अनुचित साधन का प्रकरण मानते हुए कार्यवाही की जावेगी।

14.18 यदि कोई परीक्षार्थी किसी परीक्षा में अनुचित साधन का उपयोग करने या उपयोग करने के प्रयास का दोषी पाया जाता है, जैसे किसी पुस्तक या नोट्स से नकल, अन्य अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिका से नकल, अन्य अभ्यर्थी को मदद करना या उससे सहायता प्राप्त करना या परीक्षा संबंधी सामग्री परीक्षा कक्ष में रखना या किसी अन्य प्रकार का कार्य चाहे जो भी हो करना, तो ऐसी स्थिति में परीक्षा समिति या समिति द्वारा नियुक्त समिति संबंधित की ऐसी परीक्षा को रद्द कर सकेगी तथा उसे विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा से अपराध की प्रकृति के अनुसार एक या अधिक वर्षों हेतु प्रतिबंधित कर सकेगी।

14.19 परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा संबंधी तथ्यों की गलत प्रस्तुति अथवा फर्जी प्रमाण पत्रों अथवा दस्तावेजों द्वारा परीक्षा में प्रवेश प्राप्त किया जाना सिद्ध होने की दशा में विश्वविद्यालय परीक्षा समिति, अभ्यर्थी की परीक्षा को निरस्त कर उसे आगामी एक या अधिक वर्ष की अवधि के लिए विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रविष्ट होने से विवर्जित कर सकती है।

14.20 परीक्षा समिति किसी ऐसे परीक्षार्थी द्वारा दी गई परीक्षा को निरस्त कर सकती है, अथवा उसे विश्वविद्यालय की परीक्षाओं से एक या अधिक वर्षों के लिए विवर्जित कर सकेगी। यदि बाद में यह पाया जाता है कि वह परीक्षा के संबंध में किसी रूप में कदाचरण का दोषी है तथा वह विश्वविद्यालय के परीक्षा अभिलेखों, जिनमें उत्तर पुस्तिका अंकसूची, नियम सारिणी, डिप्लोमा आदि शामिल है, में छेड़छाड़ करने में सहायक रहा या ऐसे कार्य को उसके द्वारा अनावश्यक प्रोत्साहन दिया गया।

14.21 परीक्षा के समस्त दस्तावेज और परिणाम लिखित उत्तर पुस्तिका को छोड़कर संबंधित परीक्षा के फोइल, काउंटर फोइल, टेबुलेशन चार्ट, जिसके आधार पर परीक्षा घोषित किया गया है, परीक्षा परिणामों की घोषणा की तिथि से तीन वर्ष की अधिकतम अवधि तक विश्वविद्यालय सुरक्षित रखेगा।

अध्याय -V

15. जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो समस्त उत्तर पुस्तिकाओं का सामान्यतः केन्द्रीय मूल्यांकन विश्वविद्यालय भवन में होगा-

15.1 विभिन्न अध्ययन मण्डलों की सहायता से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय प्रत्येक विषय हेतु मूल्यांकन कार्य की अर्हता रखने वाले शिक्षकों की संस्थावार सूची तैयार करेगा। ऐसी सूची दो भागों में होगी। प्रथम भाग में विश्वविद्यालय के विभागों महाविद्यालयों तथा ऐसी संस्थाएं, जिन्हें विश्वविद्यालय के परीक्षा केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है, में कार्यरत शिक्षकों के नाम दर्शित होंगे। द्वितीय भाग के विश्वविद्यालय शिक्षकों के अतिरिक्त ऐसे अन्य अर्हता प्राप्त शिक्षकों के नाम होंगे जिन्हें मूल्यांकक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

15.2 सूची में यथासंभव ऐसे व्यक्तियों से संबंधित सूचनाएं सम्मिलित होनी चाहिए जो निम्न बिन्दुओं से संबंधित हो-

(i) अकादमिक अर्हता एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अध्यायपन का अनुभव।

(ii) विशेषज्ञता का क्षेत्र

(iii) विश्वविद्यालय की उन परीक्षाओं के नाम, वर्ष सहित जिनमें वे पूर्व में परीक्षक रहे हैं।

15.3 इस प्रकार से तैयार की गई सूची को प्रथम परिनियम की धारा में दिये अनुसार गठित परीक्षा समिति को उपलब्ध कराया जायेगा।

15.4 परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय द्वारा परीक्षा समिति को प्रत्येक परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या तथा केन्द्रों की सूची दी जायेगी जिसमें प्रायोगिक तथा मौखिकी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले उम्मीदवारों की अनुमानित संख्या भी दी गई होगी।

15.5 परीक्षा समिति निम्न कंडिका में दिये गये प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में अपनी अनुशंसा देगी-

(ए) प्रत्येक लिखित परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र रचियताओं का पैनल।

(बी) जहाँ कहीं आवश्यक हो पैनल में तीन से अधिक के नाम भी विचार हेतु सम्मिलित किए जा सकते हैं।

15.6 कुलपति साधारणतः अध्ययन मण्डल द्वारा अनुशंसित व्यक्तियों में से प्रश्न पत्र रचयिता, सह-परीक्षक तथा प्रायोगिक/मौखिकी के परीक्षकों की नियुक्ति करेंगे। कुलपति को ऐसे व्यक्ति को भी परीक्षक के रूप में नियुक्त करने का अधिकार होगा जो परीक्षा समिति द्वारा अनुशंसित सूची में शामिल नहीं है, यदि वे इस बात से संतुष्ट हैं कि ऐसा व्यक्ति वांछित न्यूनतम अकादमिक अर्हता एवं पूर्णकालिक अध्यापन का अनुभव रखता है।

16. साधारणतः स्नातक स्तर की परीक्षाओं में 50प्रतिशत प्रश्न पत्र रचियता विश्वविद्यालय के बाहर से होंगे।

17. विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रश्न पत्र रचियता एवं सहपरीक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के ऐसे शिक्षकों को नियुक्त किया जायेगा जो वरिष्ठता एवं ऐसी नियुक्ति हेतु आवश्यक अन्य शर्तों को पूर्ण करते हों।

18. साधारणतः प्रत्येक विषय में दो प्रश्न पत्र रचयिता नियुक्त किये जायेंगे जो अनिवार्यतः अलग-अलग केन्द्रों से संबंधित होंगे।

19. साधारणतः किसी एक विश्वविद्यालय, विभाग अथवा संस्था अथवा केन्द्र से एक विषय में एक परीक्षा हेतु एक से अधिक प्रश्न पत्र रचयिता नियुक्त नहीं किये जायेंगे।

20. कोई भी परीक्षक जिसे किसी स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रश्न पत्र रचयिता नियुक्त किया गया है, को उस परीक्षा में मौखिकी हेतु बाह्य परीक्षक के रूप में नियुक्त नहीं किया जायेगा।

21. किसी भी शिक्षक को साधारणतः प्रायोगिक परीक्षा हेतु दो से अधिक परीक्षाओं में बाह्य परीक्षक नियुक्त नहीं किया जायेगा। परंतु यह भी प्रावधानित है कि ऐसे केन्द्र जहाँ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की स्नातक स्तरीय परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की कुल संख्या 120 से कम है, वहाँ केवल एक बाह्य परीक्षक, तीनों वर्षों की परीक्षाओं के लिये नियुक्त किया जा सकेगा।

22. स्नातक स्तर की प्रायोगिक परीक्षा में एक बाह्य परीक्षक साधारणतः 120 अभ्यार्थियों से अधिक की परीक्षा नहीं ले सकेगा।

23. लिखित परीक्षा के संबंध में एक परीक्षक साधारणतः 250 उत्तर पुस्तिकाओं से अधिक का मूल्यांकन नहीं कर सकेगा। कुल परीक्षार्थियों की संख्या जहाँ 300 से अधिक होगी वहाँ मुख्य परीक्षक के साथ एक सह परीक्षक भी नियुक्त किया जायेगा।

24. परीक्षकों को साधारणतः एक वर्ष की अवधि के लिये नियुक्त किया जायेगा। यद्यपि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें पुर्ननियुक्त किया जा सकेगा।

25. कोई व्यक्ति जिसने निरंतर तीन वर्ष के लिए परीक्षक (प्रश्न पत्र रचियता, सहपरीक्षक अथवा मौखिकी परीक्षक) के रूप में कार्य किया हो, सामान्यतः पुर्ननियुक्ति के लिये तब तक पात्र नहीं होगा जब तक की वह उस वर्ष जिसमें वह परीक्षक के रूप में अंतिम रूप से कार्य किया हो एवं वह वर्ष जिसमें वह पुर्ननियुक्त किया जा रहा हो के बीच एक वर्ष की अवधि व्यतीत हो गई हो।

किसी भी परीक्षक को तीन वर्ष की अवधि की समाप्ति के पूर्व भी विवर्जित किया जा सकता है, यदि परीक्षा समिति की राय में उसका कार्य संतोषजनक नहीं है अथवा कोई अन्य कारण हो।

26. एक परीक्षक का कार्य असंतोषजनक माना जायेगा यदिः-

(i) ऐसी प्रकृति की त्रुटि जो जांच एवं छानबीन में उसके कार्य में पायी गई हो जिससे परीक्षा परिणाम प्रभावित होता हो, या

(ii) वह परीक्षा समिति द्वारा बिना किसी कारण के कार्य में विलंब करने का दोषी पाया गया हो।

(iii) मुख्य परीक्षक से उसके संबंध में विपरीत प्रतिवेदन प्राप्त हुआ हो, या

(vi) परीक्षा समिति की राय में उसकी प्रमाणिकता या संनिष्ठता के बारे में कोई युक्तियुक्त ऐसा संदेह हो कि वह परीक्षार्थियों या उसके संबंधियों के पहुंच में है तथा

(v) यदि उसके द्वारा रचित प्रश्न पत्र के विरूद्ध कोई गंभीर प्रकृति की शिकायत हो यथा उक्त प्रश्न पत्र विहित मानक से बहुत अधिक या बहुत निम्न स्तर का है या विहित पाठ्यक्रम या शाखा के बाहर का प्रश्न संबंधित प्रश्न पत्र में अंतरविष्ट है या परीक्षा समिति द्वारा विहित किसी शर्त के बाहर से प्रश्न उक्त प्रश्न पत्र में सम्मिलित है।

27. प्रश्न पत्र रचियता सभी सह परीक्षकों के मार्गदर्शन के लिये एक निर्देशिका ज्ञापन अभिकथित करेगा ताकि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित मानक के अनुरूप हो सके।

28. यदि किसी कारण से परीक्षक प्रश्न पत्र रचना करने के पश्चात मुख्य परीक्षक के कर्त्तव्यों का निर्वहन करने या उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने में असमर्थ है तो वह प्रश्न पत्र सेट करने हेतु विहित पारिश्रमिक की राशि की केवल आधी राशि प्राप्त करने हेतु पात्र होगा और शेष राशि ऐसे परीक्षक को भुगतान योग्य होगी जो तत्पश्चात् मुख्य परीक्षक के कर्त्तव्यों का निर्वाह करेगा।

परंतु यदि प्रश्न पत्र रचियता की मृत्यु उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन प्रारंभ करने या मूल्यांकन पूर्ण करने से पूर्व हो जाती है तो प्रश्न पत्र सेट करने के लिये विहित सम्पूर्ण मानदेय की राशि उसके उत्तराधिकारियों को दे दी जायेगी।

29. यदि किसी विषय में मौखिकी परीक्षा का प्रावधान है तो ऐसी स्थिति में दो परीक्षकों का एक मण्डल बनाया जायेगा जिनमें एक परीक्षक बाह्य परीक्षक होगा तथा दूसरा आंतरिक परीक्षक होगा। दोनों परीक्षक मौखिकी परीक्षा सम्पन्न करेंगे।

30. ऐसी परीक्षायें जहाँ थीसिस कार्य प्रश्न पत्र या परियोजना कार्य के बदले में अनुज्ञेय है, वहाँ थीसिस के मूल्यांकन के लिये दो परीक्षकों की समिति होगी। थीसिस के लिये अंकों की अधिकतम संख्या दो परीक्षकों के बीच बराबर विभाजित कर दी जायेगी जिसमें से प्रत्येक स्वतंत्र रूप से थीसिस पर अंक देंगे। यदि इन दो परीक्षकों द्वारा किये गये मूल्यांकन में 20प्रतिशत से अधिक का अंतर है तो थीसिस का तीसरे परीक्षक (विश्वविद्यालय शिक्षक से भिन्न) से मूल्यांकन कराया जायेगा, जो थीसिस हेतु निर्धारित अधिकतम अंकों के आधे अंक में से अंक देगें। किये गये तीन मूल्यांकनों में से दो का कुल योग जो एक दूसरे के निकटस्थ हो उसे अभ्यर्थी के सर्वोत्तम लाभ में माना जाकर सही मूल्यांकन के रूप में लिया जायेगा।

31. किसी शोध उपाधि की परीक्षा हेतु परीक्षा समिति प्रत्येक ऐसी थीसिस हेतु न्यूनतम छः परीक्षकों के पैनल की अनुशंसा करेगी जिनमें से कम से कम दो परीक्षक किसी बाहरी विश्वविद्यालय जो भारत या भारत के बाहर के हो सकते हैं, सम्मिलित होंगे।

32. पैनल में सम्मिलित परीक्षकः-

32.1 ऐसे परीक्षकों के पास संबंधित विषय में पीएच.डी. उपाधि तथा न्यूनतम दस वर्ष का स्नातकोत्तर स्तरीय अध्यापन अथवा शोध अनुभव होना चाहिये।

32.1 वे अपने विषय में ख्याति प्राप्त हों।

33. कोई भी व्यक्ति विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में प्रश्न पत्र रचयिता अथवा सैद्धांतिक, प्रायोगिक या मौखिकी परीक्षा में परीक्षक के रूप में नियुक्त नहीं होगा यदि उसका कोई भी निकट संबंधी उसी परीक्षा में उपस्थित हो रहा हो या उपस्थित हुआ हो परंतु यह प्रावधान किसी परीक्षक को उस स्थिति में किसी केन्द्र में प्रायोगिक परीक्षा के रूप में कार्य करने से विवर्जित नहीं करेगा यदि उसके संबंधी किसी अन्य केन्द्र से परीक्षा में सम्मिलत हो रहे हों।

34. कोई भी व्यक्ति विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में मॉडरेटर या टेबूलेटर के रूप में कार्य नहीं कर सकेगा यदि उसका कोई भी संबंधी उस परीक्षा में प्रविष्ट हो रहा हो अथवा हुआ हो।

35. इस अध्यादेश में अंतर्विष्ट प्रावधानों के होते हुये भी विश्वविद्यालय के कुलपति परीक्षा समिति से सलाह कर जहाँ तक संभव हो विशिष्ट परीक्षा की कमियों को पूरा करने के लिये सभी या कुछ प्रावधानों में उपांतरण कर सकेंगे।

36. असाधारण परिस्थितियों में राज्य शासन अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी के निर्देश पर विश्वविद्यालय परीक्षाआयोजित करने के संबंध मेंयथा ऑनलाइन अथवा अन्य पद्धति से परीक्षा आयोजित करने का निर्णयले सकेगा।

अध्यादेश - 3

विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिये प्रभारित किये जाने वाले परीक्षा शुल्क

{संदर्भ धारा 28 (1) (एफ)}

1. विश्वविद्यालय का परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव, कुलपति द्वारा अनुमोदन के पश्चात् परीक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिये विद्यार्थियों द्वारा देय परीक्षा शुल्क अधिसूचित करेगा। विद्यार्थी जिसने परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व विहित शुल्क का भुगतान नहीं किया है, परीक्षा में उपस्थित होने के लिये सामान्य तौर पर पात्र नहीं होगा। कुलपति अपने विवेकानुसार कतिपय वास्तविक कठिनाईयों के प्रकरणों हेतु शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि में वृद्धि कर सकेगा तथापि ऐसे विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम उनके विरूद्ध देय समस्त राशियों के भुगतान होने तक रोके जा सकेंगे।

(i) विश्वविद्यालय की परीक्षा का शुल्क प्रबंध मण्डल के अनुमोदन से समय-समय पर शैक्षणिक परिषद द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

(ii) ऐसा परीक्षार्थी जो परीक्षा में उपस्थित होने में विफल रहता है, उसके द्वारा चुकाये गये शुल्क की वापसी का पात्र नहीं होगा और न ही चुकायी गई ऐसी राशि को आगामी परीक्षा के लिये जमा के रूप में माना जायेगा तथापि महिला परीक्षार्थी के संबंध में प्रसूति संबंधी कारणवश उपस्थित होने में असमर्थता के प्रकरण में उसके द्वारा जमा किया गया शुल्क आगामी परीक्षा के लिये रखा जा सकेगा, बशर्ते की चुकाया गया शुल्क आगामी परीक्षा हेतु सुरक्षित रखने विषयक आवेदन पत्र परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव के पास संबंधित परीक्षा की समाप्ति से तीन माह की समय सीमा के भीतर प्रस्तुत हो जाना चाहिये तथा ऐसा आवेदन पत्र चिकित्सा प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित होना चाहिये।

(iii) परंतु ऐसा अभ्यर्थी परीक्षा फीस के आगामी परीक्षा में समायोजन हेतु पात्र नहीं होगा यदि वह स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा में अपना संकाय या विषय परिवर्तित करता है।

(iv) ऐसा नियमित परीक्षार्थी जिसे व्याख्यानों/प्रायोगिक में कम उपस्थिति के कारण परीक्षा में उपस्थित होने से वंचित रखा गया हो उसके द्वारा जमा शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।

(v) पुनर्मूल्यांकन आवेदन शुल्क की राशि पुनर्मूल्यांकन पश्चात आवेदक के संबंधित विषयों में अंकों में परिवर्तन पाये जाने पर भी वापस नहीं की जायेगी।

(vi) ऐसा परीक्षार्थी जो अस्वस्थता या अन्य कारण से परीक्षा में उपस्थित न हो सका हो तो उसके द्वारा चुकाया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा, परंतु विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव की अनुशंसा पर कुलपति तथ्यों, यदि संतुष्ट हो तो वे संबंधित परीक्षा के ठीक पश्चात होने वाली परीक्षा में शुल्क के उस भाग के समायोजन के लिये आदेश दे सकेंगे।

(7) ऐसे परीक्षार्थी का परीक्षा शुल्क उनके अभिभावकों को वापस कर दिया जायेगा, जिसकी मृत्यु परीक्षा में प्रविष्ट होने से ठीक पूर्व हो गई हो।

(8) किसी परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र में मिथ्यापूर्ण जानकारी देने एवं झूठे दस्तावेज प्रस्तुत करने के कारण यदि उसकी परीक्षा में प्रवेश पात्रता निरस्त कर दी गई हो तो ऐसे परीक्षार्थी द्वारा जमा किया गया सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क समापहरित कर लिया जायेगा।

अध्यादेश - 4

डिग्री, डिप्लोमा प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षणिक अलंकरणों का प्रदान किया जाना

{संदर्भ धारा 28 (1) (सी)}

1. विश्वविद्यालय के छात्र द्वारा विशिष्ट प्रमाण पत्र, डिप्लोमा या डिग्री के लिये विहित परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात यथास्थिति क्रमशः प्रमाण पत्र, डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त करने के लिये पात्र हो सकेंगे।
2. परीक्षा परिणामों की घोषणा के तत्काल पश्चात विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा शैक्षणिक परिषद के समक्ष प्रमाण पत्र, डिप्लोमा या डिग्री परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुये अभ्यर्थियों के नाम प्रस्तुत किया जायेगा। शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदन होने के पश्चात संबंधित उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अनंतिम प्रमाण पत्र, डिप्लोमा तथा उपाधि कुलसचिव द्वारा जारी की जायेगी।
3. विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये जाने वाले प्रमाण पत्र, डिप्लोमा या उपाधियों पर कुलपति द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे।
4. डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र के नामकरण जो विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये जायेंगे। विश्वविद्यालय के संबंधित अध्यादेश के अनुरूप होंगे एवं वे विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रदाय किये जाएंगे।

अध्यादेश - 5

फेलोशिप एवं स्कालरशिप, स्टायपण्ड, मेडल और पुरस्कारों को प्रदान करने हेतु शर्तें

{संदर्भ धारा 28 (1) (डी)}

1. (ए) विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष विज्ञापन अथवा वेबसाइट में जारी अधिसूचनाओं द्वारा छात्रों को दिये जाने वाले अवार्ड, फेलोशिप, स्कॉलरशिप एवं स्टूडेण्डशिप हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

(बी) विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये जाने वाले फेलोशिप, शोध छात्रवृत्ति एवं अन्य छात्रवृत्तियां निम्नलिखित समिति की अनुशंसा पर दिये जायेंगे-

(i) कुलपति- अध्यक्ष

(ii) कुलाधिपति द्वारा नामित-सदस्य

(iii) कुलपति द्वारा नामित संकायाध्यक्ष(संकायाध्यक्ष के अनुपस्थिति में संकाय का वरिष्ठ सदस्य)- सदस्य

(iv) कुलसचिव- सदस्य सचिव

2. नीचे वर्णित कंडिका 4 में उल्लेखित सभी शोध फेलोशिप एवं स्कॉलरशिप पर लागू सामान्य शर्तों के अध्याधीन रहते हुये अखिल भारतीय फेलोशिप प्रदान करने के लिये मूल अवधि एवं शर्तें वैसी ही होंगी जैसा कि प्रदायक निकाय अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित हो।

3. स्कॉलरशिप/फेलोशिप जो विश्वविद्यालय के शासी निकाय द्वारा संस्थापित किये गये हैं, के मूल्य एवं अवधि का निर्धारण शैक्षणिक परिषद द्वारा किया जायेगा जिसे विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल द्वारा अनुमोदित किया जायेगाः-

(i) अभ्यर्थियों का चयन इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अध्यादेशों के अनुसार किया जायेगा।

(ii) संबंधित फेलो/शोधार्थी द्वारा अनुमोदित पर्यवेक्षक के निर्देशन में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित विषय पर पूर्णकालिक शोध किया जायेगा।

(iii) संबंधित फेलो/स्कॉलर शोध उपाधि अवार्ड होने तक न कोई नियुक्ति स्वीकार या धारित करेगा और न ही अन्य किसी शोध से परिलाभ, वेतन, छात्रवृत्ति आदि ही प्राप्त करेगा और शोध अवधि के दौरान स्वयं को किसी भी व्यवसाय या व्यापार में संलग्न भी नहीं करना चाहिये तथापि संस्था में एक सप्ताह में 9 घण्टे से अनाधिक का अध्यापन कार्य प्राप्त कर सकेगा परंतु वह बिना कोई पारिश्रमिक स्वीकार किये यह कार्य करेगा। यदि यह पाया जाता है कि संबंधित शोधार्थी अन्यत्र कोई फेलोशिप/स्कॉलरशिप या भुगतान सहित सेवा कर रहा है तो ऐसी स्थिति में उसकी फेलोशिप/स्कॉलरशिप तत्काल प्रभाव से रोक दी जायेगी तथा उसे अब तक विश्वविद्यालय से इस हेतु प्राप्त सम्पूर्ण राशि ब्याज सहित वापस करनी होगी।

(iv) कोई भी फेलो/शोधार्थी विश्वविद्यालय में फेलोशिप/स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत कार्य प्रारंभ करने के पश्चात् कोई अन्य पाठ्यक्रम नहीं कर सकेगा और न ही अन्य किसी परीक्षा में ही बैठ सकेगा। तथापि शोध पर्यवेक्षक की अनुशंसा पर कुलपति द्वारा ऐसे फेलो/शोधार्थी को किसी भाषा/कम्प्यूटर डिप्लोमा पाठ्यक्रम परीक्षा में प्रविष्ट होने की अनुमति दे सकता है।

परंतु यह भी कि ऐसी छूट उन शोधार्थियों को भी दी जा सकती है, जो ऐसे विषय अथवा परीक्षा में प्रविष्ट होना चाहते हैं या जो उनकी शोध समस्या से सीधे संबंधित हों तथा किसी उपाधि के लिये न हो।

(v) जब तक शोध पर्यवेक्षक द्वारा किसी निर्धारित समय के लिये अन्य स्थान पर कार्य करने की अनुमति न दी जाये तब तक संबंधित फेलो/शोधार्थी उसी संस्थान में सभी कार्य दिवसों में कार्य करता रहेगा, जिस संस्था में शोध हेतु वह पंजीकृत हुआ है।

(vi) यदि फेलो/शोधार्थी के आवेदन पत्र में प्रस्तुत की गई कोई भी सूचना गलत, अपूर्ण तथा भ्रामक पायी जाती है तो ऐसी स्थिति में शोध उपाधि का प्रदाय विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित अभ्यर्थी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात निरस्त की जा सकती है।

(vii) यदि किसी भी समय विश्वविद्यालय को यह स्पष्ट होता है कि फेलो/शोधार्थी की प्रगति अथवा आचरण संतोषजनक नहीं है तो ऐसी स्थिति में फेलोशिप/स्कॉलरशिप सुविधा निलंबित अथवा वापस ली जा सकती है।

(viii) संबंधित फेलो/शोधार्थी द्वारा शोध पर्यवेक्षक एवं विश्वविद्यालय के विधिवत अनुमोदन के पश्चात ही अधिकतम तीस दिनों का अवकाश जो सामान्य अवकाश के अतिरिक्त होगा एक वर्ष में लिया जा सकता है। घोषित

वेकेशन अवधि यथा ग्रीष्मकालीन, विजयादशमी, दीपावली एवं क्रिसमस वेकेशन में सामान्य अवकाश सम्मिलित नहीं होंगे।

फेलो/शोधार्थी को कोई भी अन्य अवकाश अनुज्ञेय नहीं होंगे।

* परंतु महिला अभ्यार्थियों को पूर्णकालिक दर पर प्रसूति अवकाश की पात्रता होगी। जैसा कि उस अवधि में राज्य शासन द्वारा निर्धारित होंगे।

(ix) फेलो/शोधार्थी को विशेष प्रकरण में अवार्ड अवधि के दौरान अधिकतम तीन माह का बिना फेलाशिप/स्कॉलरशिप भुगतान के शोध पर्यवेक्षक की अनुशंसा पर अवकाश दिये जाने का प्रावधान है।

(x) शोधार्थी/फेलो को उस विश्वविद्यालय का जहाँ पर वह शोध कार्य करता है, विनिर्दिष्ट शुल्क भुगतान करना होगा।

4. विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्कॉलरशिप साधारणतः दो शैक्षणिक सत्र अर्थात् प्रथम वर्ष में 12 माह एवं द्वितीय वर्ष में 10 माह के लिये देय होगी, बशर्ते स्कॉलरशिप धारक संबंधित विषय में अध्ययन की दक्षता का प्रमाण पत्र संबंधित अध्ययन के विषय के विभाग प्रमुख से प्राप्त कर प्रस्तुत करें।

5. स्कॉलरशिप एक अगस्त से मान्य होगी, यदि संबंधित छात्र उस सत्र में ग्रीष्म अवकाश समाप्ति के पश्चात विश्वविद्यालय प्रारंभ होने से एक माह की अवधि के भीतर ऐसे पाठ्यक्रम में प्रवेश करता है तथा देय ट्यूशन फी का भुगतान सत्र प्रारंभ होते ही करता है। अन्य किसी प्रकरण में शोध छात्रवृत्ति उस तिथि से देय होगी जिस तिथि पर छात्र पाठ्यक्रम ग्रहण करता है।

6. स्कॉलरशिप आगामी वर्ष में प्रत्याहरित हो जायेगी यदि छात्रवृत्ति धारक संबंधित पाठ्यक्रम की पूर्व परीक्षा में कम से कम 60प्रतिशत अंक अर्जित करने में विफल रहता है।

7. यदि स्कॉलरशिप धारक अस्वस्थता या किसी अन्य कारण से पूर्व परीक्षा में उपस्थित होने में असमर्थ है तो स्कॉलरशिप तभी भुगतान की जायेगी जबकि संस्था प्रमुख/विभाग प्रमुख यह प्रमाणित करे कि शोधार्थी द्वारा परीक्षा के लिये सामान्य तत्परता से अध्ययन किया गया है परंतु उसके नियंत्रण से परे किसी कारणवश वह परीक्षा देने में असमर्थ था। ऐसा स्कॉलर आगामी सत्र में स्कॉलरशिप प्राप्त नहीं करेगा किन्तु उत्तरगामी वर्ष में स्कॉलरशिप प्राप्त करने हेतु पात्र होगा यदि वह प्रथम प्रयास में उत्तरवर्ती सत्र में अपेक्षित प्रतिशत के साथ पूर्ण परीक्षा उत्तीर्ण करता है।

8. स्कॉलरशिप धारक विश्वविद्यालय में सदैव अच्छा व्यवहार प्रदर्शित करेगा एवं सभी नियमों का पालन करेगा।

9.1 स्कॉलरशिप समाप्त की जा सकेगी यदि-

(i) स्कॉलरशिप धारक द्वारा मध्य सत्र में अध्ययन कार्य छोड़ दिया जाता है या

(ii) स्कॉलरशिप धारक को शैक्षणिक परिषद की राय में इस अध्यादेश के कंडिका 8 के उल्लघंन या दोषी पाये जाने पर उसके आचरण हेतु स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरांत यदि शैक्षणिक परिषद इस प्रकार निर्देशित करे तो स्कॉलरशिप धारक उसके द्वारा आहरित स्कॉलरशिप की राशि वापस करने हेतु उत्तरदायी होगा।

9.2 शैक्षणिक परिषद द्वारा स्कॉलरशिप समाप्ति संबंधित पारित आदेश अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

अध्यादेश - 6

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आवास आबंटन हेतु प्रावधान

{संदर्भ धारा 28 (1) (जी)}

1. विश्वविद्यालय के द्वारा छात्रावास सुविधा उपलब्ध करायी जा सकती है।
2. विश्वविद्यालय/विभाग द्वारा नियमित छात्रावास प्रेरणादायक एवं रहवासी पर्यावरण तथा स्वस्थ वातावरण से युक्त होंगे।
3. छात्रावास में प्रवेश के इच्छुक प्रत्येक विद्यार्थी विश्वविद्यालय में प्रवेश के पश्चात प्रवेश प्रमाण पत्र के साथ मुख्य वार्डन को विहित प्रारूप में अपना आवेदन प्रस्तुत करेगा। वह व्यक्तिगत तौर पर अपने माता-पिता/स्थानीय अभिभावक के साथ मूल दस्तोवजों सहित छात्रावास समिति के समक्ष उपस्थित होगा।
4. छात्रावास में प्रवेश वार्डन के विवेकानुसार प्रदान किया जाएगा। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को हॉस्टल सुविधा दी जाने के संबंध में विशेष ध्यान दिया जायेगा।
5. छात्रावास में छात्र का प्रवेश सुनिश्चित होने के पश्चात छात्र के अभिभावक विनिर्दिष्ट प्रारूप में एक प्रपत्र भरेंगे, जिसमें स्थानीय अभिभावक तथा विजिटर्स छात्रावास में प्रवेश कर सकेंगे।
6. विद्यार्थी उसे आबंटित कक्ष का उपयोग करेगा। वह बिना वार्डन के लिखित पूर्व अनुज्ञा के अपना कक्ष परिवर्तित नहीं करेगा तथा फर्नीचर आदि भी कहीं भी शिफ्ट नहीं करेगा।
7. रहवासी छात्र उसके कक्ष में विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया फर्नीचर, फर्नीशिंग तथा फिक्शचर आदि की यथोचित देखभाल और रखरखाव हेतु उत्तरदायी होगा। छात्रावास संपत्ति को किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचने पर रहवासी छात्र ही उसे सुधार कर रखेगा।
8. रहवासी छात्र वार्डन द्वारा छात्रावास में उपलब्ध कराये गये विद्युत उपकरण से भिन्न अन्य किसी भी उपकरण का प्रयोग वार्डन की अनुमति के बिना करने से विवर्जित होगा।
9. रहवासी छात्रों पर छात्रावास के भीतर अग्नेयास्त्र, हथियार या अन्य विशेष रूप से खतरनाक औजार तथा निर्धारित लंबाई से अधिक लंबा चाकू रखना प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में चूक करने वाले विद्यार्थियों को गंभीरता से लिया जाकर निष्कासन की कार्यवाही की जायेगी।
10. छात्रावास परिसर के भीतर रहवासी छात्रों द्वारा ड्रग्स/अल्कोहल/मादक पदार्थ/धूम्रपान कठोरतापूर्वक प्रतिबंधित रहेंगे। इस संबंध में नियमोल्लंघन करने वाले छात्रों पर निष्कासन सहित कोई भी गंभीर कार्यवाही की जा सकती है।
11. ऐसे छात्रावासी जो परिसर के भीतर बर्बरता अथवा हिंसक व्यवहार करने के दोषी होंगे, उन पर भी निष्कासन सहित गंभीर कार्यवाही की जायेगी।
12. रहवासी छात्र प्रबंध मण्डल द्वारा समय-समय पर निर्धारित हॉस्टल शुल्क देय तिथि से पूर्व विश्वविद्यालय में भुगतान करते रहेंगे।
13. प्रत्येक छात्रावास में वार्डन होंगे। कुलपति द्वारा तीन वर्ष के कार्यकाल हेतु वार्डन नियुक्त किये जायेंगे जिनका कार्यकाल विस्तारित भी किया जा सकता है।

अध्यादेश - 7

विद्यार्थियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक संबंधी प्रावधान

{संदर्भ धारा 28 (1) (एच)}

1. विश्वविद्यालयमें प्रवेश प्राप्त प्रत्येक छात्र सदैव अच्छा आचरण करेगा, अध्ययन में लगन प्रदर्शित करेगा तथा शिष्टता एवं गरिमा बनाये रखेगा। वह सहपाठ्यचर्या गतिविधियों में यथोचित रूचि लेगा तथा राष्ट्रीय उच्चता संस्थान के विद्यार्थी के रूप में परिसर के भीतर एवं बाहर आचरण संहिता का अनुसरण करेगा एवं विश्वविद्याल के सभी नियमों का अनुसरण करेगा।
2. प्रत्येक छात्र अपने शिक्षकों, विश्वविद्यालय के प्रशासकों एवं संस्था के भीतर एवं बाहर के समस्त कर्मचारियों को सम्यक आदर देगा एवं विनम्रता प्रकट करेगा तथा अपने सहपाठियों से अच्छा निकटस्थ व्यवहार रखेगा।
3. विद्यार्थी द्वारा विश्वविद्यालय की आचरण सहिता का उल्लघंन या अन्य किसी नियम/विनियम का उल्लघंन अनुशासनहीनता मानी जाकर उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित की जा सकेगी।
4. निम्नलिखित कार्य गंभीर अनुशासनहीनता मानी जायेंगी जिनमें लिप्त विद्यार्थी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी जिसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा-
   (i) विश्वविद्यालय परिसर के भीतर एवं बाहर शिक्षकों के आदेश की अवज्ञा एवं उनसे दुर्व्यव्हार प्रदर्शित करना।
   (ii) विश्वविद्यालय तथा/या सार्वजनिक संपत्ति या साथी विद्यार्थी की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना एवं बर्बरता/हिंसा में लिप्त होना।
   (iii) छात्र द्वारा शिक्षकों/कर्मचारियों/केंटीन तथा मेस कार्यकर्ताओं पर चिल्लाना, लड़ाई करना तथा अपमानजनक शब्द व्यक्त करना।
   (iv) छात्र द्वारा आग्नेयास्त्र, हथियार एवं खतरनाक उपकरण अपने पास रखना।
   (v) छात्र द्वारा ड्रग्स/अल्कोहल/नशीले पदार्थों/तम्बाखू का उपयोग अथवा विक्रय करना।
   (vi) छात्र का रेगिंग में संलिप्त पाया जाना।
   (vii) अन्य कोई भी ऐसा कार्य जिसे विश्वविद्यालय की अनुशासन समिति अवांछनीय मानती हो।
5. यदि कोई विद्यार्थी विश्वविद्यालय या संस्था के परिसर के भीतर या बाहर अनुशासन के उल्लघंन का दोषी पाया गया हो अथवा लगातार आलस्य अथवा कदाचरण का दोषी पाया जाता हो तो वह जिस विभाग में अध्ययनरत है, उस विभाग से संबधित विभाग/संस्थान प्रमुख द्वारा अनुशासन समिति एवं कुलपति सहित कुलसचिव को तत्संबंधी प्रतिवेदन भेजेगा। अनुशासन समिति द्वारा कुलपति के अनुमोदन पर अपराध की प्रकृति एवं गंभीरता के अनुसार निम्न कार्यवाही की जा सकती है-
   (1) ऐसे छात्र को तीन सप्ताह से अनाधिक समयावधि के लिये कक्षा में सम्मिलित होने से निलंबित किया जा सकता है।
   (2) ऐसे छात्र को संस्था से निष्कासित किया जा सकता है।
   (3) ऐसे छात्र को आगामी परीक्षा में सम्मिलित होने के अपात्र घोषित किया जा सकता है।
   (4) ऐसे विद्यार्थी को निष्कासित करना।
6. उक्त सजा दी जाने से पूर्व संबंधित विभाग/संस्थान प्रमुख, छात्र को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का एक अवसर देगा। ऐसी सजा आरोपित की जाने की स्थिति में सजा दिये जाने के कारणों को अभिलिखित किया जायेगा।

7. संबंधित विभाग/संस्था प्रमुख को दोषी छात्र को ऐसी अवधि के लिये निलंबित करने का अधिकार होगा जो उसके विरूद्ध निर्धारित आरोपों की जांच पूर्ण होने तक आवश्यक होगी।
8. अवधि जिसके दौरान विद्यार्थी जांच पूर्ण किये जाने हेतु निलंबित रहता है, उस अवधि को परीक्षा में उपस्थित होने के लिये उसकी उपस्थिति की गणना में सम्मिलित किया जायेगा, यदि वह जांच में निर्दोष पाया जाये।
9. संस्थान से विद्यार्थी का निष्कासन होने से नामांकित विद्यार्थी के रजिस्टर से उसका नाम हटा दिया जायेगा।
10. विश्वविद्यालय से निष्कासित विद्यार्थी द्वारा जमा किया गया शुल्क व्यपगत कर दिया जायेगा।
11. इस प्रकार से विश्वविद्यालय से निष्कासित विद्यार्थी को उसके निष्कासन की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या विहित अवधि (जो पहले हो) के पूर्ण होने से पूर्व विश्वविद्यालय में पुनः प्रवेश नहीं दिया जायेगा। यदि निष्कासित विद्यार्थी उसके निष्कासन की तिथि से विहित अवधि के पश्चात विश्वविद्यालय में पुनः प्रवेश चाहता है तो उससे अच्छा व्यवहार करने का शपथपत्र लिया जायेगा।
12. प्रॉक्टर/डीन छात्र कल्याण (डी.एस.डब्ल्यू.) की नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिये कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय/विभाग/संस्थाओं में कार्यरत शिक्षण स्टाफ में से छात्रों में अनुशासन स्थापना हेतु की जायेगी। डी.एस. डब्ल्यू. का कार्यकाल उसकी सक्षमता के आधार पर कुलपति द्वारा विस्तारित किया जा सकेगा।
13. प्रॉक्टर/डीन छात्र कल्याण (डी.एस.डब्ल्यू.) की शक्तियां एवं कर्त्तव्य का निर्धारण समय-समय पर कुलपति द्वारा किया जायेगा।

अध्यादेश - 8

अन्य विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा के अन्य संस्थानों व निकायों के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के अंतर्गत समन्वय एवं सहयोग

{संदर्भ धारा 28 (1) (जे)}

1. विश्वविद्यालय द्वारा कार्यरत विश्वविद्यालयों एवं भारत के और विदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ समन्वय एवं सहयोग निर्मित किया जायेगा एवं इस आशय का एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) निष्पादित किया जायेगा जिसमें परस्पर सहमति से समन्वय एवं सहयोग के विस्तार क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख होगा।

2. विश्वविद्यालय भारत के उच्च शिक्षा से जुड़े उत्कृष्ट विश्वविद्यालय में एवं संस्थानों एवं निदेर्शों से अनुसंधान नवाचार से जुड़ी एवं परीक्षा कार्य तथा समय-समय पर शिक्षक तथा छात्र के अदला-बदली आपसी सहमति से कर से कर सकेगा।

3. विश्वविद्यालय समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को तथा राज्य के विद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण, शिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये मान्य संगठनों एवं संस्थाओं से समन्वय एवं सहयोग कर सकेगा।

अध्यादेश - 9

कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (बी.सी.ए.)

1. **शीर्षक** : कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (बी.सी.ए.)
2. **संकाय** : कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय
3. **अवधि** : तीन वर्ष (छः सेमेस्टर)
4. **पात्रता** : किसी भी संकाय/विषय में मान्य शिक्षा मण्डल से हायर सेकण्डरी (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो।
5. **सीट** : आधार इकाई 60 सीट होगी। प्रबंध मण्डल इस इकाई के गुणकों में अतिरिक्त इकाईयाँ स्थापित कर सकता है।
6. **प्रवेश प्रक्रिया** : अध्यादेश क्र. 1 में विनिर्दिष्ट अनुसार। प्रवेश के समय प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा। प्रावीण्य सूची, विश्वविद्यालय अथवा छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप ली गई प्रवेश परीक्षा या पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्रावीण्यता के आधार पर बनाई जाएगी।
7. **अकादमिक वर्ष** : सामान्यतः 1 जुलाई से 30 जून तक एक शैक्षणिक वर्ष होगा। एक अकादमिक वर्ष दो सेमेस्टर में विभाजित होगा। प्रथम सेमेस्टर जुलाई से दिसम्बर तक तथा द्वितीय सेमेस्टर जनवरी से जून तक होगा।
8. **चयन प्रक्रिया** : विश्वविद्यालय प्रत्येक शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व अपने वेबसाईट तथा सूचना पटल पर प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा। प्रवेश हेतु चयनित अभ्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट, सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश सूचना सीधे भी प्रेषित की जावेगी। अभ्यर्थी जिनकी विगत परीक्षा का परिणाम प्रतीक्षित है वे भी अस्थायी प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे तथापि उन्हें अर्हकारी परीक्षा के अंतिम वर्ष में उपस्थित होने संबंधी प्रमाण, प्रवेश हेतु अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न करने की दशा में छात्र को दिया गया अस्थायी प्रवेश निरस्त किया जा सकेगा। छात्र का प्रवेश निम्न में से किसी भी कारण से निरस्त किया जा सकेगा-
   1. देय तिथि तक विनिर्दिष्ट शुल्क जमा नहीं किया गया है।
   2. अभ्यथी द्वारा प्रस्तुत प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण नहीं है।
   3. प्रवेश हेतु आवश्यक समर्थित अभिलेख आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है।
9. **नामांकन पंजीयन** : प्रवेश प्राप्त छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नामांकन क्रमांक छात्र द्वारा दिये गये समस्त अभिलेखों एवं प्रमाण पत्र के सत्यापन एवं वांछित नामांकन शुल्क जमा किये जाने के पश्चात आबंटित होगा।
10. **शुल्क** : छात्रों से पाठ्यक्रम हेतु प्रभारित किया जाने वाला शुल्क का निर्धारण समय-समय पर प्रबंध मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पूर्व अनुमोदन से किया जायेगा।
11. **पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा योजना** : 1. पाठ्यक्रम की संरचना एवं परीक्षा योजना संबंधित अध्ययन मंडल द्वारा निर्मित एवं शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित की जावेगी।
   2. इस पाठ्यक्रम के लिए निम्नलिखित विषय अनिवार्य होंगे-
      (1) पर्यावरण अध्ययन
      (2) अंग्रेजी भाषा
      (3) हिन्दी भाषा
   3. अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए हिन्दी भाषा के स्थान पर अन्य वैकल्पिक विषय शैक्षणिक परिषद निर्धारित कर सकेगा।
   4. विश्वविद्यालय विशेषज्ञता की किसी भी शाखा में बी.सी.ए. कार्यक्रम आरंभ कर सकेगा और ऐसे मामलों में विशेषज्ञता के विशिष्ट क्षेत्र कोष्ठक में प्रतिबिंबित किया जाएगा। साथ ही यूजीसी द्वारा डिग्रीयों के विनिर्देशन का पालन किया जायेगा।
   5. विश्वविद्यालय में उपलब्धता और सुविधाओं के आधार पर छात्र किसी एक समूह का चयन कर सकता है।
12. **श्रेणी प्रदान करना तथा न्यूनतम प्रतिशत** : सेमेस्टर या वार्षिक सत्र के अंत पात्रता की परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए 35 प्रतिशत अंक प्रत्येक लिए प्रश्न पत्र में तथा कुल योग (Aggregate) 45 प्रतिशत पाना आवश्यक होगा। 45 प्रतिशत और अधिक किन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक पाने पर द्वितीय श्रेणी प्रदान की जाएगी। 60 प्रतिशत और अधिक होने पर प्रथम श्रेणी प्रदान की जाएगी।

13. **परीक्षा एवं मूल्यांकनः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार

14. **एटीकेटी हेतु पात्रताः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार

15. **सामान्य** : (1)पाठयक्रमों से संबंधित सभी मामलों में अंतिम निर्णय कुलपति का होगा। परीक्षा के पेटर्न की प्रणाली में परिवर्तन हेतु कुलपति, कार्य परिषद की अनुशंसा के आधार पर सक्षम होगा। पाठयक्रम में समय-समय पर परिवर्तन किया जाएगा।

(2) विवाद की किसी भी स्थिति में मामले का निराकरण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में किया जायेगा।

अध्यादेश - 10

कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर (एम.सी.ए.)

1. **शीर्षक** : कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर (एम.सी.ए.)
2. **संकाय** : कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय
3. **अवधि** : दो वर्ष (चार सेमेस्टर)
4. **पात्रता** : मान्य विश्वविद्यालय से बी.सी.ए./बी.एससी. (गणित/सांख्यिकी/कम्प्यूटर साइंस)/किसी संकाय में स्नातक जिसने हायर सेकण्डरी (10+2) में गणित विषय लिया हो/किसी संकाय में स्नातक एवं पी.जी.डी.सी.ए.
5. **सीट** : आधार इकाई 40 सीट होगी। प्रबंध मण्डल इस इकाई के गुणकों में अतिरिक्त इकाईयाँ स्थापित कर सकता है।
6. **प्रवेश प्रक्रिया** : अध्यादेश क्र. 1 में विनिर्दिष्ट अनुसार। प्रवेश के समय प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा। प्रावीण्य सूची, विश्वविद्यालय अथवा छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप ली गई प्रवेश परीक्षा या पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्रावीण्यता के आधार पर बनाई जाएगी।
7. **अकादमिक वर्ष** : सामान्यतः 1 जुलाई से 30 जून तक एक शैक्षणिक वर्ष होगा। एक अकादमिक वर्ष दो सेमेस्टर में विभाजित होगा। प्रथम सेमेस्टर जुलाई से दिसम्बर तक तथा द्वितीय सेमेस्टर जनवरी से जून तक होगा।
8. **चयन प्रक्रिया** : विश्वविद्यालय प्रत्येक शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व अपने वेबसाईट तथा सूचना पटल पर प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा। प्रवेश हेतु चयनित अभ्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट, सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश सूचना सीधे भी प्रेषित की जावेगी। अभ्यर्थी जिनकी विगत परीक्षा का परिणाम प्रतीक्षित है वे भी अस्थायी प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे तथापि उन्हें अर्हकारी परीक्षा के अंतिम वर्ष में उपस्थित होने संबंधी प्रमाण, प्रवेश हेतु अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न करने की दशा में छात्र को दिया गया अस्थायी प्रवेश निरस्त किया जा सकेगा। छात्र का प्रवेश निम्न में से किसी भी कारण से निरस्त किया जा सकेगा-
   1. देय तिथि तक विनिर्दिष्ट शुल्क जमा नहीं किया गया है।
   2. अभ्यथी द्वारा प्रस्तुत प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण नहीं है।
   3. प्रवेश हेतु आवश्यक समर्थित अभिलेख आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है।
9. **नामांकन पंजीयन** : प्रवेश प्राप्त छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नामांकन क्रमांक छात्र द्वारा दिये गये समस्त अभिलेखों एवं प्रमाण पत्र के सत्यापन एवं वांछित नामांकन शुल्क जमा किये जाने के पश्चात आबंटित होगा।
10. **शुल्क** : छात्रों से पाठ्यक्रम हेतु प्रभारित किया जाने वाला शुल्क का निर्धारण समय-समय पर प्रबंध मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पूर्व अनुमोदन से किया जायेगा।
11. **पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा योजना** : पाठ्यक्रम की संरचना एवं परीक्षा योजना संबंधित अध्ययन मंडल द्वारा निर्मित एवं शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित की जावेगी।
12. **श्रेणी प्रदान करना तथा न्यूनतम प्रतिशत** : सेमेस्टर या वार्षिक सत्र के अंत पात्रता की परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए 35प्रतिशत अंक प्रत्येक लिए प्रश्न पत्र में तथा कुल योग (Aggregate) 45 प्रतिशत पाना आवश्यक होगा। 45 प्रतिशत और अधिक किन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक पाने पर द्वितीय श्रेणी प्रदान की जाएगी। 60 प्रतिशत और अधिक होने पर प्रथम श्रेणी प्रदान की जाएगी।
13. **परीक्षा एवं मूल्यांकनः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार
14. **एटीकेटी हेतु पात्रताः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार
15. **सामान्य** : (1)पाठयक्रमों से संबंधित सभी मामलों में अंतिम निर्णय कुलपति का होगा। परीक्षा के पेटर्न की प्रणाली में परिवर्तन हेतु कुलपति, कार्य परिषद की अनुशंसा के आधार पर सक्षम होगा। पाठयक्रम में समय-समय पर परिवर्तन किया जाएगा।
   (2) विवाद की किसी भी स्थिति में मामले का निराकरण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में किया जायेगा।

अध्यादेश - 11

कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.सी.ए.)

1. **शीर्षक** : कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.सी.ए.)
2. **संकाय** : कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय
3. **अवधि** : एक वर्ष (दो सेमेस्टर)
4. **पात्रता** : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी संकाय में स्नातक उपाधि अथवा समकक्ष
5. **सीट** : आधार इकाई 60 सीट होगी। प्रबंध मण्डल इस इकाई के गुणकों में अतिरिक्त इकाईयाँ स्थापित कर सकता है।
6. **प्रवेश प्रक्रिया** : अध्यादेश क्र. 1 में विनिर्दिष्ट अनुसार। प्रवेश के समय प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा। प्रावीण्य सूची, विश्वविद्यालय अथवा छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप ली गई प्रवेश परीक्षा या पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्रावीण्यता के आधार पर बनाई जाएगी।
7. **अकादमिक वर्ष** : सामान्यतः 1 जुलाई से 30 जून तक एक शैक्षणिक वर्ष होगा। एक अकादमिक वर्ष दो सेमेस्टर में विभाजित होगा। प्रथम सेमेस्टर जुलाई से दिसम्बर तक तथा द्वितीय सेमेस्टर जनवरी से जून तक होगा।
8. **चयन प्रक्रिया** : विश्वविद्यालय प्रत्येक शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व अपने वेबसाईट तथा सूचना पटल पर प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा। प्रवेश हेतु चयनित अभ्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट, सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश सूचना सीधे भी प्रेषित की जावेगी। अभ्यर्थी जिनकी विगत परीक्षा का परिणाम प्रतीक्षित है वे भी अस्थायी प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे तथापि उन्हें अर्हकारी परीक्षा के अंतिम वर्ष में उपस्थित होने संबंधी प्रमाण, प्रवेश हेतु अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न करने की दशा में छात्र को दिया गया अस्थायी प्रवेश निरस्त किया जा सकेगा। छात्र का प्रवेश निम्न में से किसी भी कारण से निरस्त किया जा सकेगा-
   1. देय तिथि तक विनिर्दिष्ट शुल्क जमा नहीं किया गया है।
   2. अभ्यथी द्वारा प्रस्तुत प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण नहीं है।
   3. प्रवेश हेतु आवश्यक समर्थित अभिलेख आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है।
9. **नामांकन पंजीयन** : प्रवेश प्राप्त छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नामांकन क्रमांक छात्र द्वारा दिये गये समस्त अभिलेखों एवं प्रमाण पत्र के सत्यापन एवं वांछित नामांकन शुल्क जमा किये जाने के पश्चात आबंटित होगा।
10. **शुल्क** : छात्रों से पाठ्यक्रम हेतु प्रभारित किया जाने वाला शुल्क का निर्धारण समय-समय पर प्रबंध मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पूर्व अनुमोदन से किया जायेगा।
11. **पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा योजना** : पाठ्यक्रम की संरचना एवं परीक्षा योजना संबंधित अध्ययन मंडल द्वारा निर्मित एवं शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित की जावेगी।
12. **श्रेणी प्रदान करना तथा न्यूनतम प्रतिशत** : सेमेस्टर या वार्षिक सत्र के अंत पात्रता की परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए 35प्रतिशत अंक प्रत्येक लिए प्रश्न पत्र में तथा कुल योग (Aggregate) 45 प्रतिशत पाना आवश्यक होगा। 45 प्रतिशत और अधिक किन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक पाने पर द्वितीय श्रेणी प्रदान की जाएगी। 60 प्रतिशत और अधिक होने पर प्रथम श्रेणी प्रदान की जाएगी।
13. **परीक्षा एवं मूल्यांकनः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार
14. **एटीकेटी हेतु पात्रताः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार
15. **सामान्य** : (1)पाठयक्रमों से संबंधित सभी मामलों में अंतिम निर्णय कुलपति का होगा। परीक्षा के पेटर्न की प्रणाली में परिवर्तन हेतु कुलपति, कार्य परिषद की अनुशंसा के आधार पर सक्षम होगा। पाठयक्रम में समय-समय पर परिवर्तन किया जाएगा।
   (2) विवाद की किसी भी स्थिति में मामले का निराकरण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में किया जायेगा।

अध्यादेश - 12

डाटा साइंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.डी.एससी.)

1. **शीर्षक** : डाटा साइंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.डी.एससी.)
2. **संकाय** : कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय
3. **अवधि** : एक वर्ष (दो सेमेस्टर)
4. **पात्रता** : मान्य विश्वविद्यालय से बी.सी.ए./बी.एससी.(गणित/सांख्यिकी/कम्प्यूटर साइंस)/किसी संकाय में स्नातक जिसने हायर सेकण्डरी (10+2) में गणित विषय लिया हो/किसी संकाय में स्नातक एवं पी.जी.डी.सी.ए./डी.सी.ए.
5. **सीट** : आधार इकाई 60 सीट होगी। प्रबंध मण्डल इस इकाई के गुणकों में अतिरिक्त इकाईयाँ स्थापित कर सकता है।
6. **प्रवेश प्रक्रिया** : अध्यादेश क्र. 1 में विनिर्दिष्ट अनुसार। प्रवेश के समय प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा। प्रावीण्य सूची, विश्वविद्यालय अथवा छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप ली गई प्रवेश परीक्षा या पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्रावीण्यता के आधार पर बनाई जाएगी।
7. **अकादमिक वर्ष** : सामान्यतः 1 जुलाई से 30 जून तक एक शैक्षणिक वर्ष होगा। एक अकादमिक वर्ष दो सेमेस्टर में विभाजित होगा। प्रथम सेमेस्टर जुलाई से दिसम्बर तक तथा द्वितीय सेमेस्टर जनवरी से जून तक होगा।
8. **चयन प्रक्रिया** : विश्वविद्यालय प्रत्येक शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व अपने वेबसाईट तथा सूचना पटल पर प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा। प्रवेश हेतु चयनित अभ्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट, सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश सूचना सीधे भी प्रेषित की जावेगी। अभ्यर्थी जिनकी विगत परीक्षा का परिणाम प्रतीक्षित है वे भी अस्थायी प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे तथापि उन्हें अर्हकारी परीक्षा के अंतिम वर्ष में उपस्थित होने संबंधी प्रमाण, प्रवेश हेतु अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न करने की दशा में छात्र को दिया गया अस्थायी प्रवेश निरस्त किया जा सकेगा। छात्र का प्रवेश निम्न में से किसी भी कारण से निरस्त किया जा सकेगा-
   1. देय तिथि तक विनिर्दिष्ट शुल्क जमा नहीं किया गया है।
   2. अभ्यथी द्वारा प्रस्तुत प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण नहीं है।
   3. प्रवेश हेतु आवश्यक समर्थित अभिलेख आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है।
9. **नामांकन पंजीयन** : प्रवेश प्राप्त छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नामांकन क्रमांक छात्र द्वारा दिये गये समस्त अभिलेखों एवं प्रमाण पत्र के सत्यापन एवं वांछित नामांकन शुल्क जमा किये जाने के पश्चात आबंटित होगा।
10. **शुल्क** : छात्रों से पाठ्यक्रम हेतु प्रभारित किया जाने वाला शुल्क का निर्धारण समय-समय पर प्रबंध मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पूर्व अनुमोदन से किया जायेगा।
11. **पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा योजना** : पाठ्यक्रम की संरचना एवं परीक्षा योजना संबंधित अध्ययन मंडल द्वारा निर्मित एवं शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित की जावेगी।
12. **श्रेणी प्रदान करना तथा न्यूनतम प्रतिशत** : सेमेस्टर या वार्षिक सत्र के अंत पात्रता की परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए 35प्रतिशत अंक प्रत्येक लिए प्रश्न पत्र में तथा कुल योग (Aggregate) 45 प्रतिशत पाना आवश्यक होगा। 45 प्रतिशत और अधिक किन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक पाने पर द्वितीय श्रेणी प्रदान की जाएगी। 60 प्रतिशत और अधिक होने पर प्रथम श्रेणी प्रदान की जाएगी।
13. **परीक्षा एवं मूल्यांकनः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार
14. **एटीकेटी हेतु पात्रताः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार
15. **सामान्य** : (1)पाठयक्रमों से संबंधित सभी मामलों में अंतिम निर्णय कुलपति का होगा। परीक्षा के पेटर्न की प्रणाली में परिवर्तन हेतु कुलपति, कार्य परिषद की अनुशंसा के आधार पर सक्षम होगा। पाठयक्रम में समय-समय पर परिवर्तन किया जाएगा।
   (2) विवाद की किसी भी स्थिति में मामले का निराकरण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में किया जायेगा।

अध्यादेश - 13

कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा (डी.सी.ए.)

1. **शीर्षक** : कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा (डी.सी.ए.)
2. **संकाय** : कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय
3. **अवधि** : एक वर्ष (दो सेमेस्टर)
4. **पात्रता** : किसी भी संकाय/विषय में हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से उत्तीर्ण
5. **सीट** : आधार इकाई 60 सीट होगी। प्रबंध मण्डल इस इकाई के गुणकों में अतिरिक्त इकाईयाँ स्थापित कर सकता है।
6. **प्रवेश प्रक्रिया** : अध्यादेश क्र. 1 में विनिर्दिष्ट अनुसार। प्रवेश के समय प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा। प्रावीण्य सूची, विश्वविद्यालय अथवा छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप ली गई प्रवेश परीक्षा या पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्रावीण्यता के आधार पर बनाई जाएगी।
7. **अकादमिक वर्ष** : सामान्यतः 1 जुलाई से 30 जून तक एक शैक्षणिक वर्ष होगा। एक अकादमिक वर्ष दो सेमेस्टर में विभाजित होगा। प्रथम सेमेस्टर जुलाई से दिसम्बर तक तथा द्वितीय सेमेस्टर जनवरी से जून तक होगा।
8. **चयन प्रक्रिया** : विश्वविद्यालय प्रत्येक शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व अपने वेबसाईट तथा सूचना पटल पर प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा। प्रवेश हेतु चयनित अभ्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट, सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश सूचना सीधे भी प्रेषित की जावेगी। अभ्यर्थी जिनकी विगत परीक्षा का परिणाम प्रतीक्षित है वे भी अस्थायी प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे तथापि उन्हें अर्हकारी परीक्षा के अंतिम वर्ष में उपस्थित होने संबंधी प्रमाण, प्रवेश हेतु अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न करने की दशा में छात्र को दिया गया अस्थायी प्रवेश निरस्त किया जा सकेगा। छात्र का प्रवेश निम्न में से किसी भी कारण से निरस्त किया जा सकेगा-
   1. देय तिथि तक विनिर्दिष्ट शुल्क जमा नहीं किया गया है।
   2. अभ्यथी द्वारा प्रस्तुत प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण नहीं है।
   3. प्रवेश हेतु आवश्यक समर्थित अभिलेख आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है।
9. **नामांकन पंजीयन** : प्रवेश प्राप्त छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नामांकन क्रमांक छात्र द्वारा दिये गये समस्त अभिलेखों एवं प्रमाण पत्र के सत्यापन एवं वांछित नामांकन शुल्क जमा किये जाने के पश्चात आबंटित होगा।
10. **शुल्क** : छात्रों से पाठ्यक्रम हेतु प्रभारित किया जाने वाला शुल्क का निर्धारण समय-समय पर प्रबंध मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पूर्व अनुमोदन से किया जायेगा।
11. **पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा योजना** : पाठ्यक्रम की संरचना एवं परीक्षा योजना संबंधित अध्ययन मंडल द्वारा निर्मित एवं शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित की जावेगी।
12. **श्रेणी प्रदान करना तथा न्यूनतम प्रतिशत** : सेमेस्टर या वार्षिक सत्र के अंत पात्रता की परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए 35प्रतिशत अंक प्रत्येक लिए प्रश्न पत्र में तथा कुल योग (Aggregate) 45 प्रतिशत पाना आवश्यक होगा। 45 प्रतिशत और अधिक किन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक पाने पर द्वितीय श्रेणी प्रदान की जाएगी। 60 प्रतिशत और अधिक होने पर प्रथम श्रेणी प्रदान की जाएगी।
13. **परीक्षा एवं मूल्यांकनः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार
14. **एटीकेटी हेतु पात्रताः** विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 2 के अनुसार
15. **सामान्य** : (1)पाठयक्रमों से संबंधित सभी मामलों में अंतिम निर्णय कुलपति का होगा। परीक्षा के पेटर्न की प्रणाली में परिवर्तन हेतु कुलपति, कार्य परिषद की अनुशंसा के आधार पर सक्षम होगा। पाठयक्रम में समय-समय पर परिवर्तन किया जाएगा।
   (2) विवाद की किसी भी स्थिति में मामले का निराकरण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में किया जायेगा।

अध्यादेश - 14

प्रौद्योगिकी में स्नातक (बी.टेक.)

1. **शीर्षक** : प्रौद्योगिकी में स्नातक (बी.टेक.)
2. **संकाय** : कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय एवं अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संकाय
3. **अवधि** : चार वर्ष (आठ सेमेस्टर) अथवातीन वर्ष (छः सेमेस्टर) लेटरल प्रवेश के लिए
4. **पात्रता** : भौतिक, रसायन एवं गणित, अथवा ए.आई.सी.टी.ई. से अनुमोदित अन्य विषय में हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से उत्तीर्ण।

   मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी के संबंधित शाखा में तीन साल का डिप्लोमाधारी उम्मीदवार ए.आई.सी.टी.ई. के मानदंडों के अनुसार तीसरे सेमेस्टर / दूसरे वर्ष में प्रवेश के लिए पात्र होंगे।
5. **सीट** : आधार इकाई प्रत्येक शाखा में 60 सीट होगी। प्रबंध मण्डल इस इकाई के गुणकों में अतिरिक्त इकाईयाँ स्थापित कर सकता है।
6. **प्रवेश प्रक्रिया** : अध्यादेश क्र. 1 में विनिर्दिष्ट अनुसार। प्रवेश के समय प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा। प्रावीण्य सूची, विश्वविद्यालय अथवा छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप ली गई प्रवेश परीक्षा या पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्रावीण्यता के आधार पर बनाई जाएगी।
7. **अकादमिक वर्ष** : सामान्यतः 1 जुलाई से 30 जून तक एक शैक्षणिक वर्ष होगा। एक अकादमिक वर्ष दो सेमेस्टर में विभाजित होगा। प्रथम सेमेस्टर जुलाई से दिसम्बर तक तथा द्वितीय सेमेस्टर जनवरी से जून तक होगा।
